माघ शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 13 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 324, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति 16

राजामौली की फिल्म में महेश संग विदेशी अदाकारा 15

एक नजर

खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.1% पर आई

नई दिल्ली। खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी आने के कारण इस वर्ष जनवरी में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई तीन महीने के निचले स्तर 5.10 प्रतिशत पर आ गई। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2023 में खुदरा महंगाई 5.69 प्रतिशत रही है, जबकि जनवरी 2023 में यह 6.52 प्रतिशत पर रही थी। अगस्त 2023 में यह महंगाई 6.83 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2024 में खाद्य पदार्थों की महंगाई 8.3 प्रतिशत रही, जबकि दिसंबर 2023 में यह 9.53 प्रतिशत और जनवरी 2023 में यह 6.0 प्रतिशत रही थी।

अब एम्स में स्मार्ट कार्ड से होंगे सभी भुगतान

नई दिल्ली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अब मरीज या उनके तीमारदारों के साथ लूटपाट की घटनाएं नहीं हो पाएंगी। दरअसल, एम्स ने स्टेट बैंक की सहायता से एम्स ने एक स्मार्ट कार्ड विकसित किया है, जिससे सभी तरह का भुगतान किया जा सकेगा। इस स्मार्ट कार्ड के जरिए न सिर्फ मरीज और उनके तीमारदार किसी भी मद में भुगतान कर सकेंगे, बल्कि दूर दराज से पैसा भी ऑनलाइन मंगवा सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्टेट बैंक द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड जारी किया। इस अवसर पर उनके साथ एम्स निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास और स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक मनजीत सिंह सहित कई अधिकारी एवं मरीज के तीमारदार भी थे।

नेकां की पूर्व नेता शहनाज गनई भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) की पूर्व नेता और विधान परिषद की पूर्व सदस्य शहनाज गनई सोमवार को भाजपा में शामिल हो गईं। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और भाजपा महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में गनई ने भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति और क्षेत्र में महिलाओं के लिए गनई के काम की सराहना की। गनई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने लोगों के लिए काफी अच्छे काम किए हैं और 'सबका साथ, सबका विकास' के उनके दर्शन से वह प्रभावित हैं।

सोनिया हो सकती हैं कांग्रेस से राज्यसभा उम्मीदवार

▸▸ हिमाचल या राजस्थान उच्च सदन भेजे जाने की चर्चा

नई दिल्ली। कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के साथ सीट बंटवारे और राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी के संभावित उम्मीदवारों के नामों पर सोमवार को चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी व पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन के नाम संभावित उम्मीदवारों में प्रमुख हैं।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी को राजस्थान या हिमाचल प्रदेश से उम्मीदवार बनाए जाने की संभावना है। संख्या बल के हिसाब से दोनों प्रदेशों से कांग्रेस को राज्यसभा की एक-एक सीट मिलेगी। सोनिया गांधी के इस बार लोकसभा लड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में कहा था कि यह आखिरी बार है, जब वह आम चुनाव लड़ रही हैं। अगर सोनिया गांधी को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया जाता है, तो उनके संसदीय जीवन में पहली बार होगा कि वह उच्च सदन में जाएंगी। सोनिया गांधी 1999 से लोकसभा सदस्य रही हैं।

कतर की जेल में बंद भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारी रिहा

नई दिल्ली, एजेंसी

कतर ने जेल में बंद भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया है, जिन्हें कथित रूप से जासूसी के एक मामले में पिछले साल अक्टूबर में मौत की सजा सुनाई गई थी। इनमें से सात भारत लौट आए हैं। रिहाई से 46 दिन पहले उनकी मौत की सजा को अलग अलग अवधि की कारावास सजा में तब्दील किया गया था।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई की अपनी यात्रा के बाद 14 फरवरी को कतर की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि रिहा किए गए आठ भारतीय नागरिकों में से सात भारत लौट आए हैं और देश अपने नागरिकों की रिहाई तथा उनकी घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत सरकार कतर में हिरासत में लिए गए दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है।'

मंत्रालय ने कहा, 'रिहा किए गए आठ भारतीयों में से सात भारत लौट आए हैं। हम इनकी रिहाई और घर वापसी को संभव बनाने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं।' कैप्टन (सेवानिवृत्त) नवतेज गिल और सौरभ वशिष्ठ, कमांडर (सेवानिवृत्त) पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा, और सुगुनाकर पकाला और नाविक (सेवानिवृत्त) रागेश को सजा सुनाई गई थी। तिवारी दोहा में ही रुके हैं।

▸▸ सात भारत लौटे, अगस्त 2022 में जासूसी के आरोप में किया गया था गिरफ्तार

रिहाई में डोभाल ने निभाई अहम भूमिका

नौसेना के पूर्व कर्मियों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। अपीलीय अदालत ने 28 दिसंबर को मृत्युदंड को कम कर दिया था और पूर्व नौसैन्य कर्मियों को अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई थी। भारतीय नागरिकों को जासूसी के एक कथित मामले में अगस्त 2022 में गिरफ्तार किया गया था। अपीलीय अदालत ने मौत की सजा को कम करने के बाद उन्हें उनकी जेल की सजा के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए 60 दिन का समय दिया था। यह पता चला है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भारतीय नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित करने में कतर के अधिकारियों के साथ बातचीत में भूमिका निभाई थी।

केंद्रीय मंत्रियों ने बताया कूटनीतिक जीत

पूर्व नौसैनिकों की रिहाई को केंद्रीय मंत्रियों ने भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत बताया। स्मृति ईरानी ने पूर्व नौसैनिकों का स्वागत करते हुए कहा, 'जैसे ही हमारे नौसेना के दिग्गज भारतीय धरती पर लौटे तो उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उनके शब्द प्रधानमंत्री के प्रभावशाली नेतृत्व में वैश्विक मंच पर भारत के राजनयिक कौशल को रेखांकित करते हैं।' अनुराग ठाकुर ने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मतलब दुनिया भर में भारत के लोगों के जीवन और स्वतंत्रता की गारंटी है।'

नीतीश सरकार शक्ति परीक्षण में पास, विपक्ष ने किया वॉकआउट

समर्थन में 129 वोट पड़े, राजद में टूट, तीन सदस्यों ने सरकार के पक्ष में की वोटिंग

पटना, एजेंसी

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने विधानसभा में मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तीन सदस्यों के साथ से विश्वास मत शून्य के मुकाबले 129 से जीत लिया।

विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब डेढ़ बजे विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर 2 घंटे से अधिक हुई चर्चा के बाद मतदान कराया गया, लेकिन मतदान से पहले ही राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए। प्रस्ताव के पक्ष समर्थन में 129 मत पड़े। इससे पहले सभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 125 के मुकाबले 112 मत से पारित हो जाने के कारण आसन पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी बैठे थे। इसलिए वह मतदान नहीं कर सके। हजारी जदयू के विधायक हैं। सरकार के पक्ष में राजद के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव ने भी मतदान किया। वहीं सत्ता पक्ष के एक विधायक दिलीप राय सदन में अनुपस्थित थे। 243 सदस्यीय बिहार विधान सभा में राजग के 128 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 78, जदयू के 45, हम के 04 और 01 निर्दलीय शामिल हैं।

शक्ति परीक्षण से पहले विधानसभा पहुंचे नीतीश कुमार अभिवादन स्वीकारते हुए।

राजद के लोग सत्ता में रहकर कमाई कर रहे थे: नीतीश

विश्वास मत पर हुई चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने उनके मंत्रिमंडल में रहे राजद कोटे से रहे मंत्रियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, "जब राजद के साथ हम सरकार बनाए थे तो शुरू में सब ठीक था, लेकिन बाद में पता चला कि वो लोग सरकार में रहकर कमाई कर रहे हैं। आज तक मेरी सरकार में ऐसा कभी नहीं हुआ।" उन्होंने कहा कि राजद ने सरकार में बहुत गलत काम किया। वह इसकी जांच कराएंगे।

तेजस्वी का नीतीश पर तंज, बोले- ना पलटने की गारंटी मोदी जी लेंगे

बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने विश्वास प्रस्ताव पेश किया तो तेजस्वी यादव ने भाजपा और जदयू को निशाने पर लिया। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत में तेजस्वी ने कहा, 'मोदी जी की गारंटी तो बहुत मजबूत गारंटी है। ऐ मोदी की गारंटी वालो, क्या मोदी जी गारंटी लेंगे कि ये फिर से पलटेंगे या नहीं। बताइए। मोदी जी की गारंटी वालों बताओ। खैर हमको इसकी चिंता नहीं है।' नीतीश कुमार से तेजस्वी यादव ने कहा, 'कम से कम एक बार बता तो देते। आप तो कुछ बताए भी नहीं। हम आपको कुछ कहे हैं। आप हमसे कहे होते तो हम बाहर से समर्थन दे दिए होते।'

अब न दंगा होता है, न सरकारी नौकरी में वसूली: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा का मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ बांगर से मुख्यमंत्री ने की शुरुआत

▸▸ कहा, 119 चीनी मिलों में 105 मिलें 10 दिन से कम समय में कर रहीं बकाया भुगतान

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुजफ्फरनगर जिले के शुकतीर्थ बांगर से भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा शुरू करते हुए कहा कि पहले की सरकारों में आए दिन दंगा होते थे। सरकारी नौकरियों में डाका डाला जाता था। मगर अब न कहीं दंगा होता है, न ही सरकारी नौकरी में वसूली।

मुख्यमंत्री ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और धनराशि का चेक देते हुए कहा कि पिछले वर्ष का 99 प्रतिशत से ज्यादा गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में क्रियाशील 119 चीनी मिल में से 105 चीनी मिलें 10 दिन से कम समय में गन्ना किसानों का भुगतान कर रही हैं। बाकी बची मिलों पर दबाव बनाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसान की मेहनत का पैसा दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की बड़ी वजह अन्नदाता किसान हैं। हमारे एजेंडे में किसान सबसे पहले हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुजफ्फरनगर का दंगा कई महीनों तक चला था। उसे कोई नहीं भूल सकता है। 2017 में हमने आपसे सुरक्षा वादा किया था। आज पूरा प्रदेश सुरक्षित है और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। कहा कि पहले की सरकारें सरकारी नौकरियों में डाका डालती थी। अपने भाई, भतीजों और परिवार के लोगों को सरकारी नौकरियों में भरते थे। प्रदेश का नौजवान ठगा रह जाता था। आज प्रदेश में लगभग 60 हजार नागरिक पुलिस आरक्षियों की बिना भेदभाव के भर्ती हो रही है।

नौ संकल्पों को लेकर चल रही ग्राम परिक्रमा यात्रा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा निकाली जा रही ग्राम परिक्रमा यात्रा 9 संकल्पों को लेकर चल रही है। ये संकल्प जल संरक्षण, डिजीटल भुगतान, स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, घरेलू पर्यटन, जैविक खेती, मिलेट्स, ग्रामीण खेल, स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से वंचित किसानों की मदद है। यात्रा के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को सभी 9 संकल्पों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री संजीव कुमार बलियान, प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर, विधान परिषद सदस्य वंदना वर्मा आदि शामिल रहे।

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चह्वाण का कांग्रेस से इस्तीफा

▸▸ महाराष्ट्र के कई नेताओं के साथ भाजपा में हो सकते हैं शामिल

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। चव्हाण ने इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को एक पत्र लिखा है और राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधानसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा भी भेजा है।

हाल के दिनों में महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस को एक के बाद एक कई झटके लगे हैं, क्योंकि पार्टी के प्रमुख नेताओं मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी और उल्हास पाटिल सहित कई प्रमुख नेता पार्टी छोड़कर भाजपा, एनसीपी और शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। सूत्रों के मुताबिक चव्हाण वर्तमान विधायकों समेत कुछ बड़े नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने उनके अगले राजनीतिक कदम के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह अगले दो दिनों में इस पर फैसला करेंगे।

महादेव बेटिंग एप से 21 करोड़ की ठगी, सात आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ लखनऊ का धीरज राठौड़ फरार छत्तीसगढ़ के सात अभियुक्त गिरफ्तार

अमृत विचार : साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने महादेव एप से 21 करोड़ की ठगी करने वाले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल व तीन लैपटॉप, फर्जी इंडसइंड बैंक की दो किट (एटीएम, मोबाइल नंबर, चेक बुक आदि) और 15,650 रुपये भी बरामद किए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों में सूरज कुमार वर्मा, अंकित चौधरी, जयशंकर राव, पंकज शाहू, भूपेंद्र सिंह चौहान, पवन कुमार यादव और जय कुमार विश्वकर्मा हैं। ये सभी छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। इनका एक साथी धीरज राठौड़ अभी फरार है, जो लखनऊ का रहने वाला है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि उन्होंने अब तक साइबर फ्रॉड और महादेव बेटिंग एप से 21 करोड़ से भी अधिक धनराशि लोगों से ठगी है।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जानकारी मिली कि अभियुक्त गैर राज्य के हैं। सबसे पहले अभियुक्त सूरज कुमार वर्मा की लोकेशन पता चली। पुलिस ने सूरज कुमार वर्मा को दबोच लिया। सूरज से पूछताछ कर छह अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया, लेकिन शातिर धीरज राठौड़ अभी फरार है। पूछताछ में सूरज ने बताया है कि वह और उसका साथी धीरज राठौड़ गुड़गांव सेक्टर-57 में महादेव बेटिंग एप पर आइडी बनाकर गेम खिलवाकर ठगी करते थे। पुलिस के छापे पड़ने लगे तो ठिकाना बदलकर छत्तीसगढ़ आ गए थे।

हल्द्वानी हिंसा के मुख्य आरोपी के खिलाफ 2.44 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस

▸▸ नगर निगम ने 15 फरवरी तक का दिया समय

हल्द्वानी। हल्द्वानी नगर निगम ने बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक के खिलाफ सरकारी संपत्तियों को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए सोमवार को दो करोड़ 44 लाख रुपये की वसूली का नोटिस जारी किया। नगर आयुक्त द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि मलिक का बगीचा में अवैध रूप से बनाए गए दो भवनों को ध्वस्त करने के लिए गई प्रशासनिक टीम पर हमला कर मलिक के समर्थकों द्वारा नगर निगम की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। मलिक द्वारा कथित रूप से किए गए नुकसान का प्रारंभिक आकलन 2.44 करोड़ रुपये बताते हुए नगर निगम ने उसे 15 फरवरी तक यह राशि नगर निगम, हल्द्वानी में जमा करवाने को कहा है। ऐसा न होने पर उससे कानूनी तरीके से यह वसूली की जाएगी। मलिक ने ही कथित तौर पर अवैध मदरसा और नमाज स्थल का निर्माण कराया था, जिनके ध्वस्तीकरण के दौरान हिंसा भड़क गई थी।

रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने राजग में शामिल होने का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ जाट नेता के इस फैसले से पश्चिमी यूपी में बदलेंगे चुनावी समीकरण

राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने सोमवार को भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन राजग में शामिल होने का ऐलान कर दिया। हालांकि जयंत का एनडीए में शामिल होना कई दिनों से तय माना रहा था, लेकिन आधिकारिक पुष्टि का इंतजार था। अब जयंत के राजग में जाने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनावी समीकरण भी पूरी तरह बदल जाएंगे।

जयंत चौधरी ने राजग में जाने के सवाल पर पत्रकारों से बात भी की। जब उनसे पूछा गया कि खबर आ रही है कि आप राजग में जा रहे हैं, लेकिन खबर ये भी आ रही हैं कि आपके विधायक नाराज हैं। इस सवाल के जवाब में जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने दल के सभी विधायकों, कार्यकर्ताओं से बात की है और फिर यह फैसला लिया है। इस फैसले के पीछे कोई बड़ी प्लानिंग नहीं रही है या बहुत समय से हम यही सोचे बैठे हों। बहुत कम समय में यह फैसला हमें लेना पड़ा। परिस्थितियों के कारण हमें यह फैसला लेना पड़ा।

बता दें कि बीते दिनों चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने का केंद्र सरकार ने ऐलान किया था। इसका जिक्र करते हुए जयंत चौधरी ने कहा, ''जब भारत रत्न से नवाजा गया है तो यह सिर्फ मेरे परिवार के लिए नहीं, देश के किसानों, गरीबों के लिए सम्मान की बात है।''

राज्यों में उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति असंवैधानिक नहीं: शीर्ष अदालत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह सिर्फ एक ओहदा, कोई अतिरिक्त लाभ भी नहीं मिलता

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों में उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उप-मुख्यमंत्री सिर्फ एक पदवी है, जो किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है।

पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील से कहा कि उपमुख्यमंत्रियों को केवल दूसरे मंत्रियों से वरिष्ठ माना जाता, लेकिन वे उनसे अधिक वेतन नहीं लेते हैं। इसके बाद वकील ने दलील दी कि उपमुख्यमंत्री की नियुक्ति सरकारी विभाग में अन्य अधिकारियों के लिए गलत उदाहरण स्थापित कर रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'उनकी नियुक्ति का आधार क्या है। आधार केवल धर्म और समाज का विशेष संप्रदाय है। ऐसे उप मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्ति का कोई अन्य आधार नहीं है।' पीठ ने हालांकि कहा कि एक उप मुख्यमंत्री एक विधायक और एक मंत्री होता है।

अभी 14 राज्यों में 26 उपमुख्यमंत्री

देशभर के 14 राज्यों में इस समय 26 उपमुख्यमंत्री नियुक्त हैं। 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा द्वारा दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति का राज्य के नागरिकों से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति से बड़े पैमाने पर जनता में भ्रम पैदा होता है और राजनीतिक दलों द्वारा काल्पनिक पोर्टफोलियो बनाकर गलत और अवैध उदाहरण स्थापित किए जा रहे हैं।

किसानों का प्रदर्शन आज, देखते ही गिरफ्तारी का आदेश

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ चंडीगढ़ में किसान प्रतिनिधियों की सरकार के साथ बैठक बेनतीजा

अमृत विचार: न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून एवं स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग को लेकर कई राज्यों के किसान दिल्ली की तरफ बढ़ चुके हैं। उनका प्रदर्शन 13 फरवरी को प्रस्तावित है, लेकिन दिल्ली पुलिस ने सभी तरह के धरना, प्रदर्शन, जुलूस व जनसभा पर रोक लगा दी है। सभी सीमाएं सील कर दी गई है और किसानों को देखते ही गिरफ्तार करने का आदेश भी जारी किया गया है।

दूसरी तरफ कुछ किसान नेताओं के साथ चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के मंत्रियों ने बैठक की, लेकिन देररात तक चली यह बैठक बेनतीजा रही। किसान मजदूर मोर्चा ने कहा कि उनका दिल्ली कूच जारी रहेगा। बता दें कि किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वर्ष 2021 की तर्ज पर पुनः आंदोलन करने की धमकी दी थी और 13 फरवरी को संसद का घेराव करने का नोटिस दिया था। उन्होंने देशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई है, जिसके तहत इस बार न सिर्फ उत्तर प्रदेश हरियाणा पंजाब मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के किसान दिल्ली में प्रदर्शन करने के लिए चल चुके हैं, बल्कि दक्षिण भारत के तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र के किसान भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने देर शाम बताया कि किसान आंदोलन सहित सभी तरह की आंदोलनकारी गतिविधियों जैसे धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रेलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और धारा 144 पूरी दिल्ली में लागू कर दी गई है। ट्रैक्टर, टेंपो सहित बाहरी वाहनों पर रोक लगा दी गई है। दिल्ली भर में यदि किसानों का कहीं भी हुजूम नजर आएगा तो उन्हें देखते ही गिरफ्तार करने के भी आदेश दिए गए हैं।

'दिल्ली कूच' के तहत अपने वाहन से हरियाणा के फतेहाबाद पहुंचे किसान ● एजेंसी

पुलिस ने बॉर्डर पर बैरिकेड्स और सड़कों पर कीलें ठुकवाईं

किसान आंदोलन को रोकने के लिए गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली राज्यों को लेकर एक रणनीति बनाई है, जिसके तहत किसानों को दिल्ली आने से पहले ही उनको उनके गृह राज्य में ही रोका जाएगा ताकि दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का जमावड़ा न लग सके। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत, गाजियाबाद, नोएडा, गाजीपुर, सिंधु बॉर्डर पर भी पुलिस ने कंक्रीट के बैरिकेड्स एवं सड़कों पर कीलें ठुकवा दी है।

G20 भारत 2023 INDIA

स्वच्छ भारत
स्वच्छ अमरोहा

शान ए अमरोहा

प्रथम अमरोहा महोत्सव 2024

दिनांकः 12 फरवरी से 20 फरवरी 2024

स्थानः राजकीय मिनी स्टेडियम, अमरोहा

राजेश कुमार त्यागी
जिलाधिकारी
अमरोहा

सुरेन्द्र सिंह
मेला प्रभारी/
अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अमरोहा

सुधीर कुमार
उपजिलाधिकारी
अमरोहा

डॉ. बृजेश कुमार
सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी/ कार्यक्रम संयोजक
उपनगर आयुक्त/ अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अमरोहा

शशि जैन
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, अमरोहा

कार्यक्रम - दिनांकः 12 फरवरी से 20 फरवरी 2024

दिनांक 12 फरवरी 2024, सोमवार
समयः सांय 06:00 बजे से
'राम आएगे' भजन से खयाती प्राप्त भजन गायिका सुश्री स्वाति मिश्रा की प्रस्तुति

दिनांक 13 फरवरी 2024, मंगलवार
समयः सांय 06:00 बजे से
साDHO बैण्ड सूफी नाईट की प्रस्तुति

दिनांक 14 फरवरी 2024, बुद्धवार
समयः सांय 06:00 बजे से
लोकप्रिय बॉलीवुड सिंगर अल्ताफ राजा की प्रस्तुति

दिनांक 15 फरवरी 2024, बृहस्पतिवार
समयः सांय 06:00 बजे से
मुम्बई के कलाकार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

दिनांक 16 फरवरी 2024, शुक्रवार
समयः सांय 06:00 बजे से
बॉलीवुड नाईट

दिनांक 17 फरवरी 2024, शनिवार
समयः सांय 06:00 बजे से
कॉमेडी नाईट

दिनांक 18 फरवरी 2024, रविवार
समयः सांय 06:00 बजे से
महाकवि सम्मेलन एवं मुशायरा

दिनांक 19 फरवरी 2024, रविवार
समयः सांय 06:00 बजे से
जादूगर जुग्नू व शेख चिल्ली नाईट

दिनांक 20 फरवरी 2024, सोमवार
समयः सांय 06:00 बजे से
कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की छात्राओं द्वारा प्रस्तुति

आयोजकः ज़िला प्रशासन अमरोहा
निवेदकः नगर पालिका परिषद, अमरोहा

शहर में आज

- लोकसभा क्षेत्र प्रभारी यूसुफ कुरैशी की सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक दोपहर 12 :00 बजे।
- मां पीताम्बरा बगलामुखी देवी महायज्ञ व श्रीभक्त माल कथा के लिए भूमि पूजन मनोरंजन सदन में दोपहर 12 :00 बजे।

एक नजर

स्टैंड से दो ई-बाइक चोरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चोरों ने स्मार्ट सिटी की दो ई-बाइक चोरी कर ली हैं। सिविल लाइंस के हरथला निवासी जितेंद्र कुमार शर्मा स्मार्ट सिटी लिमिटेड में ई-बाइक स्टैंड सिटी हेड के पद पर तैनात हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनका एक ई-बाइक स्टैंड कचहरी रोड पर भारतीय स्टेट बैंक के सामने है। बीती 4 फरवरी को दोपहर के समय कचहरी रोड के स्टैंड से दो ई-बाइक चोरी हो गईं। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शटडाउन के बाद कार्य नहीं कर रही संस्था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य में लापरवाही, कार्यदायी संस्था कर रही मनमानी

अमृत विचार: स्मार्ट सिटी परियोजना के काम में कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार बिजली विभाग के अधिकारियों को अंधेरे में रखकर शटडाउन ले रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी काम नहीं कर रहे हैं।

जिससे नागरिकों को शटडाउन अवधि में बिजली न रहने से परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्था पर सख्ती करेंगे। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बिजली विभाग को सोमवार को कार्य करने के लिए एक दिन पहले शटडाउन प्लान दिया था। लेकिन कार्य पूरा नहीं किया। सोमवार को सुबह 10 बजे से स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत आशियाना कॉलोनी में कार्य किया जाना था। जिसको लेकर कार्यदायी संस्था ने बिजली विभाग को एक दिन पहले शट डाउन प्लान दिया था। एसडीओ पीटीसी श्रीकांत वर्मा के अनुसार कार्यदायी संस्था के श्रमिकों ने कार्य नहीं किया। जबकि कार्यदायी संस्था के मैनेजर का कहना है कि काम किया गया। दोनों एक-दूसरे पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। इस रस्साकसी में महानगरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य के चलते महानगर में जगह- जगह खोदे गए गड्ढों से हवा के साथ उड़ने वाली धूल से राहगीरों, स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कार्यदायी संस्था पहले से लापरवाही के चलते अपने कार्य को निर्धारित समय के पांच महीने बाद भी पूरा नहीं करा पाई है। स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी सुधाकर कुमार ने बताया कि बिजली कटौती की सूचना के बाद भी कार्यदायी संस्था की कार्य न करने की शिकायत कई बार आ चुकी है। शटडाउन प्लान के बाद कार्य नहीं करने की स्थिति में अनुबंध निरस्त किया जाएगा। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सत्येंद्र पांडे का कहना है कि कई बार बिजली विभाग की ओर से शटडाउन नहीं दिया जाता है।

आरडीएसएस योजना के अंतर्गत महानगर के 8 मोहल्ले में बिजली आपूर्ति में 6 घंटे कटौती कर सुबह 10 बजे से 4 बजे तार बदले जाने थे। जिसके लिए रविवार को ही विभाग के अभिलेखों में सूचना दर्ज कर दी गई थी। लेकिन जेई जगदीश प्रसाद के अनुसार संस्था के पास लेबर न होने के कारण कार्य नहीं हो सका। आरडीएसएस योजना में दौलत बाग से जिगर कॉलोनी और दौलत बाग से मां काली का मंदिर तक 12 मोहल्ले में जर्जर तार बदलने का कार्य किया जाना था।

> दोनों संस्थाएं अगर शटडाउन प्लान देने के बाद कार्य नहीं कर रही हैं। यह गलत है इसके लिए संस्था के नोडल अधिकारी जिम्मेदार है। संस्थाओं के इस रवैए पर सख्त कार्रवाई होगी।
> -मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता

33.72 किलोमीटर है पहले पैकेज की लंबाई, 2025 तक परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा हाईवे निर्माण बना गले की फांस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा हाईवे निर्माण मंडल मुख्यालय को सीधे उत्तराखंड से जोड़ेगा। प्रशासन ने इस परियोजना की सघन निगरानी शुरू कर दी है जिसका असर निर्माण एजेंसी पर दिख रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के पैकेज एक को लेकर भी अधिकारी और निर्माता एजेंसी की परेशानी बढ़ी है। बीते दिनों जिलाधिकारी ने दूसरे पैकेज की सुस्त चाल पर विभाग के अभियंताओं को फटकार लगाई थी।

दो हिस्से में बंटे इस पैकेज को लेकर निर्माण कंपनी के सदस्यों ने मौके पर डेरा डाल दिया है। परियोजना की सुस्ती विभाग और एजेंसी को परेशानी में डाल सकती है। जहां तक बात पैकेज एक की है तो इसे लेकर विभाग की टीम हर दिन उच्चाधिकारियों के संपर्क में है। परियोजना में कुल 36 गांवों से भूमि का अधिग्रहण किया गया है। 34 गांव मुरादाबाद जिले के हैं और दो अमरोहा क्षेत्र के हैं। ठाकुरद्वारा के धनुपुरा गांव के सामने से काम शुरू है। डिलारी तक का क्षेत्र इस पैकेज में रखा गया है।

मुरादाबाद ठाकुरद्वारा हाईवे पर रतनपुरा गांव के पास निर्माण कार्य में जुटे मजदूर।

पैकेज एक की लंबाई	33 .72 किमी
परियोजना की लागत	655 करोड़
किसानों को भुगतान	365 करोड़
किसानों की देनदारी	481 करोड़

> उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड को सीधे जोड़ने वाली इस परियोजना पर पहले पैकेज का काम तेजी से चल रहा है। अगले साल 18 सितंबर 2025 तक इस परियोजना को पूरा करना है। भूमि का अधिग्रहण हो गया है और विभाग को जमीन पर कब्जा मिलने के साथ ही धनुपुरा गांव के सामने से काम शुरू कर दिया गया है।
> -अनुज कुमार जैन, पीडी (एनएचएआई)

परियोजना में कुल तीन आरओबी (रोड ओवर ब्रिज) बनने हैं। तीन छोटे पुलों का निर्माण शुरू हो गया है। इसी तरह तीन बड़े पुलों का भी निर्माण कार्य तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। अब तक मौके पर करीब 10 प्रतिशत सड़क निर्माण हो चुका है जबकि, 11 अन्य स्थानों पर सड़क निर्माण प्रगति पर है। विभागीय समीक्षा में इस परियोजना को लेकर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह सख्ती दिखा चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि उसके बाद एनएचएआई की टीम हर दिन क्षेत्र में मौजूद रह कर गुणवत्ता और समयबद्धता से कार्य को पूरा कराने में जुटे हैं।

ठिकाना बदलने को ठग हवाई जहाज से करते थे सफर

कॉरपोरेट खाते ले रखे थे शातिर साइबर ठगों ने, पुलिस से बचने को थोड़े-थोड़े समय में बदलते थे ठिकाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- देश के विभिन्न राज्यों में ठहर कर करते थे साइबर ठगी, कई खातों का प्रयोग
- गिरफ्तार अभियुक्तों में बी-कॉम तो कोई अभियुक्त है मैकेनिकल डिप्लोमा धारक

अमृत विचार : साइबर ठगी करने वाले गिरफ्तार सात अभियुक्तों से पुलिस को पता चला है कि ये लोग अधिक दिन एक ठिकाने पर नहीं रुकते थे। कुछ समय बाद अपना नया ठिकाना बनाते थे। नए ठिकाने पर इनका आवागमन हवाई जहाज से होता था। नया ठिकाना बनाने का जिम्मा धीरज राठौड़ देखता था।

साइबर ठगी के काम के लिए धीरज ने अपनी टीम में सूरज कुमार वर्मा, अंकित चौधरी, जयशंकर राव, पंकज शाहू, भूपेंद्र सिंह चौहान, पवन यादव, जय कुमार विश्वकर्मा को शामिल किए था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि फरार धीरज की लोकेशन एयरपोर्ट पर ही प्रदर्शित हो रही है।

कभी उसकी लोकेशन लखनऊ में अमौसी तो कभी देहरादून या दिल्ली प्रदर्शित हो रही है। अभी तक पता चला है कि इन लोगों ने रामपुर निवासी पीड़िता के रुपयों को आठ नहीं बल्कि 14 बैंक खातों में ट्रांसफर किया था। फिलहाल, अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि इन लोगों ने कितने खातों में रुपये ट्रांसफर किए हैं, इसकी पुलिस विवेचना कर रही है। फिलहाल, अभियुक्तों ने बताया कि बड़ी धनराशि को ट्रांसफर करने के लिए उन्होंने कॉरपोरेट एकाउंट ले रखे थे। यह एकाउंट भी उन्हीं लोगों ने अपनी जान पहचान के लोगों के खुलवाए थे, जिसमें वह ठगी की धनराशि ट्रांसफर करते थे।

पुलिस की गिरफ्त में साइबर ठगी करने वाले सात अभियुक्त। ● अमृत विचार

लालच में फंसी थी चेतना तो खो दिए 15.26 लाख

रामपुर जिले में सिविल लाइंस में 44-नैनीताल मार्ग की रहने वाले प्रेम प्रकाश गुप्ता की बेटी चेतना गुप्ता ने 18 दिसंबर 2023 के दिन मुरादाबाद साइबर क्राइम थाने में ठगी के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। इनके साथ 15,26,212 रुपये की ठगी हुई थी। चेतना गुप्ता के मुताबिक, छह से 11 अक्टूबर 2023 के बीच उनके साथ धोखाधड़ी हुई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि उन्हें टेलीग्राम-एप के ग्रुप स्काई स्कैमर फ्लाइट-5537 के एजेंट आदर्श ने उसे ज्वाइन कराया था। चेतना ने पुलिस को उस आदर्श नाम के व्यक्ति के तीन मोबाइल नंबर भी दिए थे। पीड़िता ने बताया था कि उसके बैंक खाते से 8 लेनदेन हुए थे। ये बैंक खाते उसे टेलीग्राम एप के ग्रुप से मिले थे। पीड़िता के मुताबिक, उसने एजेंट की बात पर भरोसा कर एप्लीकेशन को चेक किया। इसमें उसे 698 रुपये का लाभ हुआ था। फिर 10,000 रुपये का टॉस्क दिया गया था, जिसमें उसे 17,824 रुपये मिले थे। इसके बाद भी उसने एक-दो टॉस्क जीते लेकिन, फिर उसके बैंक खाते से 15 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी हो गई थी।

गिरफ्तार अभियुक्त और उनकी शिक्षा

सूरज कुमार वर्मा निवासी मकान नंबर-160 वृंदानगर कैंप वन वार्ज-19 थाना वैशाली नगर जिला दुर्ग, शिक्षा- इंटरमीडिएट।
अंकित चौधरी निवासी मकान नंबर- 18 राधाकृष्ण मन्दिर के पीछे न्यू खुर्शीपास थाना खुर्सीपार जिला भिलाई छत्तीसगढ, शिक्षा- हाईस्कूल।
जयशंकर राव निवासी शंकुतला स्कूल के पास रामनगर थाना वैशाली नगर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, शिक्षा- कक्षा-9।
पंकज शाहू निवासी मकान नंबर-104 रामनगर थाना वैशाली नगर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, शिक्षा- हाईस्कूल।
मैकेनिकल डिप्लोमा (पॉलिटेक्निक) धारक भूपेंद्र सिंह चौहान निवासी मकान नंबर-149 न्यू खुर्सी पास भिलाई शिवराज चौक थाना खुर्सीपार जिला भिलाई छत्तीसगढ़ का है।
पवन कुमार यादव निवासी मकान नंबर-252 न्यू संतोषी पार्क कैंप-2 भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग, शिक्षा- बीकॉम।
जय कुमार विश्वकर्मा निवासी मकान नंबर- 1054 न्यू खुर्सी पास भिलाई संगम चौक थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग, शिक्षा- कक्षा-12।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, निरीक्षक राम संजीवन, हेड कांस्टेबल मनीष तिवारी व प्रशांत कुमार और कांस्टेबल विवेक कुमार व यश।

कार्रवाई में शामिल साइबर क्राइम थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

फर्जीवाड़ा कर करा ली पॉवर ऑफ अटॉर्नी

मुरादाबाद, अमृत विचार : कोतवाली के कटरानाज निवासी राजकुमार गुप्ता और सिविल लाइंस के जिगर कालोनी निवासी उमेश चंद्र गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में सिविल लाइंस थाने में पीड़ित पक्ष ने एफआईआर दर्ज कराई है।

यह मामला कटरानाज निवासी बुजुर्ग गिरीश चंद्र गुप्ता की तहरीर पर लिखा गया है। गिरीश चंद्र गुप्ता ने पुलिस को बताया है कि उनका एक आपराधिक मुकदमा भाई उमेश चंद्र गुप्ता के साथ चल रहा है। आरोप लगाया है कि उमेश चंद्र ने राजकुमार गुप्ता के साथ साठगांठ करके कूटरचित हस्ताक्षर करके 16 दिसंबर 2018 को एक पावर ऑफ अटॉर्नी बना ली थी। उस पावर ऑफ अटॉर्नी का वह जगह-जगह प्रयोग करके गलत तरह से लाभ ले रहे हैं। इसका पता चलने पर उन्होंने एसएसपी से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान होकर कोर्ट में अर्जी लगाई थी, जहां से एफआईआर के आदेश हुए हैं। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया है।

17 और 18 को 54 केंद्रों पर परीक्षा देंगे एक लाख अभ्यर्थी

कार्यायल संवाददाता, मुरादाबाद

- नकलविहीन परीक्षा को केंद्रों पर तैनात किए स्टेटिक मजिस्ट्रेट
- सुबह 10 से 12 और अपराह्न 3 से 5 बजे तक दो पालियों में होगी परीक्षा

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने यूपी पुलिस कांस्टेबल (सिविल पुलिस)-2023 के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती की परीक्षा शनिवार व रविवार को दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने एडमिट कार्ड ऑनलाइन जारी कर दिए हैं।

परीक्षा के नोडल अधिकारी एसपी यातायात सुभाष चंद गंगवार ने बताया कि जिले में भर्ती परीक्षा के लिए कुल 54 केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों का चयन रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से अधिकतम 15 किमी की परिधि में किया गया है। जिससे कि अभ्यर्थियों को आवागमन में कोई परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए लगभग 1200 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है।

परीक्षा में होगी निगेटिव मार्किंग

बताया जा रहा है पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कांस्टेबल पद के लिए अभ्यर्थियों की परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होने के निर्देश जारी किए हैं। गलत उत्तर होने पर 0 .5 अंक काट लिया जाएगा। लिखित परीक्षा 300 अंकों की होगी। परीक्षा में 150 प्रश्न पूछे जाएंगे।

परीक्षा केंद्रों पर लगेंगे जैमर

नोडल अधिकारी के मुताबिक, सभी परीक्षा केंद्रों में जैमर लगाए जा रहे हैं। इससे मोबाइल सिस्टम पूर्ण रूप से ब्लॉक हो जाएगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिले में कुल 1,00,704 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। प्रत्येक पाली में 25,176 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा को लेकर यातायात पुलिस आवश्यकता अनुसार डायवर्जन प्लान भी जारी करेगी। परीक्षा केंद्र में इस बार सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों की चेकिंग करेंगे। इससे पहले परीक्षा केंद्र में तैनात कर्मचारी ही अभ्यर्थियों की चेकिंग करते थे।

हद है लापरवाही की ...: कांठ रोड पर चालक ई-रिक्शा में क्षमता से अधिक सामान लाद कर ले जा रहा है। व्यस्ततम रोड पर यह ई-रिक्शा हादसे का कारण बन सकता है। लेकिन, किसी भी जिम्मेदार ने इसे रोकने की कोशिश नहीं की। ● अमृत विचार

गबन में प्रधान व सचिवों को जारी होगी आरसी

मुरादाबाद, अमृत विचार: ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्य की निधि गबन करने वाले 91 प्रधान व सचिव पर पंचायती राज विभाग आरसी जारी करने की तैयारी कर रहा है।

सन् 2017-18 में जिले के आठों ब्लॉक की 91 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए गए थे। जिनका 2019 में जिला लेखा परीक्षा अधिकारी ने ऑडिट किया था। जिसमें तत्कालीन प्रधान और सचिवों ने जिला लेखा परीक्षा अधिकारी के निर्देश के बाद भी अभी तक बिल वाउचर जमा नहीं किए हैं। अभिलेख और बिल वाउचर में ऑडिट के दौरान फर्जीवाड़ा पकड़ में आया था। जिसके लिए आरोपियों को 10 फरवरी तक का समय दिया गया। बिल वाउचर जमा न करने पर प्रधान व सचिव को दोषी मानते हुए विभाग द्वारा वसूली के लिए आरसी जारी करने के लिए डीपीआरओ वाचस्पति झा ने जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह को पत्र लिखा है।

पिता-पुत्र को चार-चार साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कार्रवाई

- मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दौलरा गांव के रहने वाले हैं सलाउद्दीन व मोईन
- जनवरी 2023 में गोकशी करते हुए पुलिस ने किया था गिरफ्तार

अमृत विचार: न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-10 के पीठासीन अधिकारी योगेंद्र चौहान की अदालत ने सोमवार को गोवध निवारण अधिनियम से जुड़े वाद में फैसला सुनाया। इसमें अभियुक्त सलाउद्दीन पुत्र निजामुद्दीन और मोहम्मद मोईन पुत्र सलाउद्दीन को दोषी करार दिया है, जबकि तीसरे आरोपी फिरोज पुत्र मोहम्मद अली निवासी सराय खजूर थाना छजलैट हाल निवासी दौलरा थाना मूंढापांडे को दोषमुक्त कर दिया है। दोषी पाए गए पिता-पुत्र को चार-चार साल कारावास की सजा सुनाई है और प्रत्येक पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश कुमार कश्यप ने बताया कि मूंढापांडे थाना पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि एफआईआर के मुताबिक, मूंढापांडे थाने के दरोगा पवनवीर सिंह, हेड कांस्टेबल सुमित राठी, कांस्टेबल संजीत मलिक, अरुण कुमार व शिवम को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी। जिसके आधार पर इन पुलिसकर्मियों ने मौके पर जाकर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई में पुलिस ने घटनास्थल पर ही दो अभियुक्तों को पकड़ा था। इनमें सलाउद्दीन व उसका बेटा मोहम्मद मोईन थे, जबकि तीसरा अभियुक्त मौके से भाग गया था। इन पुलिसकर्मियों का आरोप था कि गिरफ्तार आरोपियों ने दौलरा का मझरा में गोवंश का वध किया है। पुलिस ने मौके पर करीब एक क्विंटल मांस और काटने वाले उपकरण बरामद किए थे। गिरफ्तार पिता-पुत्र ने पुलिस के पूछने पर तीसरे अभियुक्त का नाम फिरोज बताया था। यह कार्रवाई पुलिस ने 26 जनवरी 2023 के दिन की थी। पुलिस के मुताबिक, जब सख्ती से पूछताछ की गई तो गिरफ्तार अभियुक्त पिता-पुत्र ने बताया था कि उन लोगों ने 10 मार्च 2022 को भी गांव के जंगल में गोवंशीय पशुओं का वध किया था। विशेष लोक अभियोजक गुलबहार सिंह ने बताया कि इस घटनाक्रम में न्यायालय ने दोषी पिता-पुत्र के अर्थदंड की धनराशि न अदा करने पर प्रत्येक अभियुक्त को तीन-तीन महीने का अतिरिक्त कारावास के आदेश पारित किए हैं।

महेंद्र सिंह होंगे मुरादाबाद के उप निदेशक पंचायत

मुरादाबाद, अमृत विचार:

मुरादाबाद मंडल के उप निदेशक पंचायत राज को संयुक्त निदेशक पंचायत राज बनाकर लखनऊ भेजा गया है।

अगस्त 2021 में आए उपनिदेशक एसके सिंह को पंचायती राज विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी। बरेली के उप निदेशक पंचायत महेंद्र सिंह को अतिरिक्त भार सौंपा गया है। एसके सिंह को सरकार ने पदोन्नति कर संयुक्त निदेशक बनाकर लखनऊ भेजा है। सोमवार को पंचायत राज विभाग के अधिकारियों ने विदाई समारोह में उनका फूल माला पहना कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। बरेली के उप निदेशक भी मौके पर इस मौजूद थे

दिक्कत डिप्टीगंज, गुरहट्टी चौराहा और कांठ रोड पर हरथला में प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझते हैं महानगरवासी

स्मार्ट सिटी में जगह-जगह जाम से लोग हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर में बड़ी समस्या जाम की है। जिससे लोग प्रतिदिन परेशान होते हैं, लेकिन आज तक इसका कोई समाधान नहीं निकला। वहीं हरथला, डिप्टीगंज और गुरहट्टी चौराहे पर जाम लगना आम बात हो गई है।

डिप्टीगंज चौराहे पर प्रतिदिन जाम लगता है। जाम लगने से लोग परेशान होते हैं तो वहीं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी जाम खुलवाने में हांफ जाते है। यहीं हाल गुरहट्टी चौराहे का भी है। यहां भी सुबह से शाम तक जाम लगा रहता है। दोपहर में स्कूल की छुट्टी के समय दोनों चौराहों का हाल बुरा हो जाता है। यहां लोग आधा घंटे तक जाम में फंसे रहते हैं। इस दौरान पुलिस कर्मी भी जाम खुलवाने में परेशान हो जाते हैं। जाम लगने की मुख्य वजह दुकानों के बाहर हो रहा अतिक्रमण है। दुकानदारों ने तीन से चार फिट तक अतिक्रमण कर रखा है। जगह कम होने के कारण जाम लगता है। दुकानों के बाहर अतिक्रमण होने से डिप्टीगंज और गुरहट्टी चौराहे पर प्रतिदिन जाम लगता है। वहीं दूसरी ओर हरिद्वार को जोड़ने वाले मार्ग पर हरथला क्षेत्र का भी बुरा हाल है। यहां सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जिसके कारण हरथला में प्रतिदिन जाम लग जाता है। सोमवार को हरथला में मरीज लेकर जा रही एक एंबुलेंस लगभग 30 मिनट तक जाम में फंसी रही। जिससे मरीज को काफी परेशानी हुई।

हरथला में जाम के दौरान फंसी एंबुलेंस। ● अमृत विचार

ई-रिक्शा भी हैं जाम की वजह

महानगर में इन दिनों ई-रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जो जाम की मुख्य वजह हैं। ई-रिक्शा चालक भी मुख्य बाजार की सड़कों पर बेतरतीब ई-रिक्शा खड़ी कर लेते हैं। जो जाम लगने में मददगार बन रहे हैं। व्यापारी राकेश कुमार ने बताया कि महानगर की सड़कों पर बेतरतीब ई-रिक्शाएं दौड़ रही हैं। इतना ही नहीं चालक सवारियों के लालच में तंग जगह में भी ई-रिक्शा ले जाते हैं जिससे जाम लग जाता है।

निगरानी पर अधिकारी-कर्मचारी नाराज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विकास भवन में अधिकारियों के कक्ष में सीसीटीवी लगाने से अधिकारी-कर्मचारी असहज हैं। वह दबी जुबान नाराजगी जता रहे हैं। बिना किसी शासनादेश के अधिकारियों के कक्ष में कैमरा लगवाने का विरोध हो रहा है। हालांकि कार्रवाई के डर से कोई भी खुलकर कुछ नहीं बोल रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने चार दिन पहले जिला स्तरीय अधिकारियों के कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। तभी से विकास भवन के कार्यालयों में कैमरा लगवाने की चर्चा हो रही है। सीडीओ के आदेश के बाद भी विकास भवन में अधिक संख्या में अधिकारी सहमत नहीं हैं। कार्यालयों में सीडीओ द्वारा उनकी स्वतंत्रता का हनन करने की बात चल रही है। कक्षों में लगे कैमरों से आवाज रिकॉर्ड की जाएगी। जिससे अधिकारी असहज हैं। महिला अधिकारी और कर्मचारियों को भी कैमरे लगने की बात परेशान कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया शासन का कोई आदेश नहीं है। कैमरे सुरक्षा के नजरिए से लगाए गए हैं। जिसे परेशानी हो वह आकर अपनी बात कह सकता है। उस पर विचार करेंगे।

जिला सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक के कक्ष में सीसीटीव लगाता कर्मचारी।

- विकास भवन में सभी कार्यालयों में लगाए गए हैं सीसीटीवी

एक नजर

अब जिले के 100 अस्पतालों में करा सकेंगे इलाज

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के इलाज के लिए जनपद के नामित अस्पतालों की संख्या 100 हो गई है। इन सभी नामित अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से निशुल्क उपचार करा सकेंगे। प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान योजना के कोआर्डिनेटर डॉ. पीतांबर सिंह ने बताया कि आयुष्मान योजना के पैनल में शामिल अब 69 निजी और 31 सरकारी अस्पताल लाभार्थियों का निशुल्क इलाज करेंगे।

पहले दिन मिलेंगी पुस्तकें

मुरादाबाद, अमृत विचार : नए शैक्षिक सत्र में बच्चों को किताबों के लिए निराश नहीं होना पड़ेगा। इस बार काफी पहले ही किताबों के लिए आर्डर दिया जा चुका है, जिसके तहत पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति भी होने लगी है। सोमवार को करीब चार लाख किताबें कन्या दांग स्कूल के रूम में रखवा दी गई हैं। पूरी उम्मीद जताई जा रही है कि सत्र शुरू होते ही बच्चों के हाथों में किताबें व कार्य पुस्तिकाएं मौजूद रहेंगी। जिले में कक्षा तीन से लेकर आठ तक की 14 लाख 18 हजार 469 पुस्तकों के लिए वर्क आर्डर दिया गया है। इसके लिए काफी पहले आदेश जारी किए गए थे।

सिंचाई विभाग कार्यालय में जिम्मेदार नदारद

मुख्यमंत्री पड़ोसी जिले संभल में, अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में लटका ताला

अमृत विचार लाइव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कर्मचारियों-अधिकारियों के समय से कार्यालय पहुंचने और विभागीय कार्यों के समय से करने की स्थिति कार्यालयों में पहुंचने पर दिखती है। पड़ोसी जिले संभल के एचोड़ा कंबोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरीक्षण के दौरान मध्य गंगा नहर निर्माण खंड-15 के कार्यालय में सन्नाटा था। अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी की कुर्सी खाली रहीं। अधिकतर कर्मचारी कार्यालय से बाहर आपसी चर्चा और मोबाइल पर व्यस्त दिखे।

मंडलायुक्त आवास के पीछे मध्य गंगा नहर निर्माण खंड-15 का कार्यालय है। यहां अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता बैठते हैं। विभाग का यह खंड मुरादाबाद के अलावा संभल जिले के गांवों में नहर का संचालन करता है। बिजनौर से निकली मुख्य नहर बैराज का पानी नरौरा संभल तक जाता है। वैसे तो जिले में कुल 14 मंडल हैं, जिसमें इस खंड से दो नहरों की शाखाओं की देखरेख होती है। मुख्य नहर के किलोमीटर 44480 से 53570 की दूरी वाली नहर की देखरेख यहां के अधिकारी कर्मचारी करते हैं।

अधिकारी मुख्यमंत्री के दौरे के बीच भी ड्यूटी को लेकर कितना गंभीर हैं यह सोमवार की कार्यालय की स्थिति देखकर समझा जा सकता है। लगभग 50 कर्मचारी वाले कार्यालय में बहुत कर्मचारी दोपहर के समय नहीं थे।

सामान्य प्रशासन, कैशियर, राजस्व विभाग के कर्मचारी बैठे मिले। विभाग का कोई भी जिम्मेदार साफ बताने से बचता रहा। प्रधान लिपिक राकेश कुमार का कहना है कि कुछ कर्मचारी क्षेत्र में गए हैं, संभल जिले के खेड़ा माइनर में कुलावों का निर्माण चल रहा है। अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार का कहना है कि वह विभागीय कार्य से बाहर गए थे।

सहायक अभियंता द्वितीय का खाली पड़ा कमरा। ● अमृत विचार

सहायक अभियंता तृतीय की खाली पड़ी कुर्सी। ● अमृत विचार

अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर लगा ताला। ● अमृत विचार

अब 27 को होगा बार एसोसिएशन का चुनाव

मुरादाबाद, अमृत विचार: एल्डर कमेटी द्वारा दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव की तारीख 27 फरवरी घोषित की गई। एल्डर कमेटी के निर्णय अनुसार नामांकन पत्रों की जांच 16 और 17 फरवरी को नाम वापसी होगी। अंतिम नामांकन सूची 19 फरवरी को जारी की जाएगी।

एल्डर कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन विजय गुप्ता और सदस्य सुभाष चन्द्र गर्ग, सुधीर गुप्ता जगदीश सरन ने बताया कि 2454 मतदाता सूची में शामिल हैं। 73 उम्मीदवार विभिन्न पदों पर अपनी किस्मत आजमाएंगे। एल्डर कमेटी ने चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए कमेटी घोषित की। जिसमें नरेंद्र सिंह चौहान, अनिल कुमार सिंह, अजय वीर त्यागी, रमेश सिंह आर्य, संजय सक्सेना, सतीश कुमार विश्नोई, संजय कुमार यादव, जगदीश चंद्र मिश्रा, मनोज गुप्ता, विशालकांत, कपिल विश्नोई आदि को शामिल किया है। वहीं आखिरी दिन सीनियर कार्यकारिणी सदस्य पद के जयप्रकाश वर्मा ने नामांकन कराया।

मंडलीय अस्पताल की सीएमएस ने जांच कमेटी को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ऑन ड्यूटी रेल कर्मचारी (ट्रेन मैनेजर) की मौत का मामला
- दिल्ली रेलवे अस्पताल के मुख्य प्रबंध निदेशक से नरमू को उम्मीद

अमृत विचार: आन-ड्यूटी रेल कर्मचारी (ट्रेन मैनेजर) की मौत के मामले में नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन का गुस्सा जारी है। संगठन के सदस्य इस प्रकरण में निर्णायक लड़ाई के मूड में हैं। रेल प्रबंधन के व्यवहार और गतिविधि से रेल कर्मचारी संतुष्ट हैं। मंडलीय अस्पताल की मुख्य चिकित्साधीक्षक की ओर से दिल्ली स्थित रेलवे अस्पताल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ने पत्र भेजकर मामले की जांच का सुझाव दिया है।

महानगर के लाइनपार निवासी अनूप सागर मंडल मुख्यालय पर ट्रेन मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। विभाग की ओर से कराई जाने वाली प्री-मेडिकल एक्सामिनेशन (पीएमई) के लिए विभाग के केंद्रीय अस्पताल दिल्ली भेजे गए थे। परीक्षण के दौरान हृदयाघात की वजह से अस्पताल में ही उनकी मौत हो गयी। उसके बाद से यहां सहयोगी कर्मचारी और संगठन के सदस्य गुस्से में हैं। रेल प्रबंधन को ज्ञापन देकर इस प्रकरण में केंद्रीय अस्पताल के चिकित्सक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रकरण को लेकर नरमू के मंडल मंत्री राजेश चौबे ने रेलवे मुख्यालय तक पत्राचार किया है। उधर, प्रबंधन की ओर से मामले में पत्र भेजे जाने की बात से कर्मचारी कुछ शांत हुए हैं। संगठन के सहायक मंडल मंत्री कुंवर सुहेल खालिद, स्टेशन शाखा के मंत्री आईवन एडिशन का कहना है कि संगठन को इस बात की जानकारी मिली है कि मंडलीय अस्पताल की ओर से मुख्यालय को पत्र भेजकर मामले की जांच की मांग की गई है। ई आफिस सुविधा के जरिए यह कार्रवाई की गयी है। उम्मीद है कि दो से चार दिन के भीतर सीएमडी स्तर से मामले की जांच को कमेटी का गठन कर दिया जाएगा। न्याय मिलने तक कर्मचारी शांत नहीं बैठेंगे।

प्रियजन को उपहार देकर दिवस को यादगार बनाया

मुरादाबाद, अमृत विचार: वेलेंटाइन वीक के छठे दिन युवा जोड़ों ने उत्साह दिखाया। सप्ताह का छठवां दिन सोमवार को हग डे के रूप में मनाया गया। लोगों ने जादू की झप्पी देकर अपने प्यार का एहसास कराया।

हग डे को मनाने के लिए महानगरवासियों में भी खूब उत्साह रहा। वेलेंटाइन सप्ताह में प्रेमी जोड़े ने एक-दूसरे को ऐसे उपहार भेंट किए, जो लंबे समय तक यादगार रहे। हरथला निवासी सतीश ने कहा कि हमारे लिए दोस्त ही सब कुछ हैं। उनको श्रीराम दरबार भेंट किया और जादू की झप्पी देकर इस दिन को मनाया। वहीं अभिजीत चाहल ने बताया कि चॉकलेट और प्रॉमिस डे के बाद हग डे के लिए अपनी प्रेमिका को उपहार भेंट किया।

रोल बॉल खिलाड़ियों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में सोमवार को रोल बॉल खिलाडियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें निदेशक डा. विनोद कुमार, डा.जी कुमार और जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अजय पाठक ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

जिला रोल बॉल संघ के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोल बॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय 16वीं सब जूनियर अंडर 14 राज्य स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता आगरा के बोस्टन पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई। इसमें मुरादाबाद बालक वर्ग की टीम के खिलाड़ियों ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बालक वर्ग में बिलाल इकराम, राघव विश्नोई, विकास कश्यप, वेदांग यादव, वेकुंठ यादव, प्रीत, विराट सिंह, कान्हा अग्रवाल, रेवंत, सिद्धांत, अर्णव सिंह, श्रेयांश आदि ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग में वैष्णवी कश्यप, कृतिका पाल, अनुष्का पाल, श्रृष्टि सिंह, अनंता, पुष्टि डासला, गार्गी सिंह, फलक अरशद, श्रुति आदि ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला रोल बॉल संघ के उपाध्यक्ष लियाकत अली, परमेश चरण, कोषाध्यक्ष रिंपी सिंह आदि मौजूद रहे।

आएसडी एकेडमी में सम्मानित हुए रोल बॉल खिलाड़ियों के साथ जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अजय पाठक व अन्य। ● अमृत विचार

नेशनल ताइक्वांडो में खिलाड़ियों को 3 पदक

मुरादाबाद, अमृत विचार: ताइक्वांडो की नेशनल प्रतियोगिता में मुरादाबाद के 3 खिलाड़ियों ने पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया। वहीं उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरा स्थान हासिल कर अपना दबदबा बनाया।

मुरादाबाद के हेड कोच ताकि इमाम ने बताया जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में 6 से 9 फरवरी तक सब जूनियर कैडेट और जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इसमें मुरादाबाद के भी 3 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। इसमें मोहम्मद अर्सलान ने 41 किलो में ब्रांज, आरव तसलीम ने 18 किलो में ब्रांज और काजी अयान अली ने 32 किलो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सोमवार को सोनकपुर स्टेडियम में जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

1000 विद्यार्थियों ने दी 12वीं की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: काउंसिल फार द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) की 12वीं (आईएससी) की परीक्षा सोमवार से शुरू हुई। पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। छात्र-छात्राओं के अनुसार पेपर सिलेबस के अनुरूप आसान था। परीक्षा शुरू होने से पहले विद्यार्थियों में भले ही तनाव था, लेकिन पेपर देकर केंद्र से बाहर आए छात्रों ने बताया कि आसान पेपर होने के चलते निर्धारित समय से पूर्व ही उन्होंने सभी प्रश्न हल कर लिए थे।

जिले में आईएससी के आठ और आईसीएसई के 12 स्कूल संचालित हैं। हर बार की तरह काउंसिल की ओर से आयोजित परीक्षा विद्यार्थियों ने स्वकेंद्र में ही दी। दोपहर दो बजे शुरू होकर शाम बजे परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले के एक हजार विद्यार्थी पंजीकृत थे। टाइनी टाट्स कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. इंदू पारिख ने बताया कि परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं की तैयारी ठीक से कराई गई थी। स्कूलों में बार-बार टेस्ट लिए गए, जिससे छात्र-छात्राओं के लिखने का अभ्यास ठीक से हो सके। परीक्षा देने के बाद विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर आसान था। परीक्षा को लेकर विद्यार्थी इसलिए भी उत्साहित थे क्योंकि, उनकी बोर्ड परीक्षा भी स्कूल में हुई।

सेंट पॉल स्कूल में सीआईएससीई की 12वीं की परीक्षा देने के बाद चर्चा करती छात्राएं।

एक नजर

कल वसंत पंचमी, बंगाली समाज की तैयारी पूर्ण

मुरादाबाद, अमृत विचार : बुधवार को माघ माह शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानि वसंत पंचमी है। बंगाली समाज मां सरस्वती के विशाल पूजन की तैयारी में है। पूर्वांचल जन कल्याण समिति आशियाना स्थित दिव्य लोग आश्रम में मां सरस्वती का पूजन करेगा। अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रहेगी। सार्वजनिक बंगाली एसोसिएशन रेलवे मनोरंजन सदन में कार्यक्रम करेगा। गौतम सरकार, अतुल जौहरी, असीत बनर्जी और सुदीप बनर्जी ने बताया सुबह नौ बजे प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

मुरादाबाद, अमृत विचार : शांति निकेतन इंटर कॉलेज में सोमवार को फायर फाइटर की पांच दिवसीय ट्रेनिंग शुरू हुई। प्रथम दिन नागरिक सुरक्षा के प्रशिक्षण में एडीसी नागरिक सुरक्षा सतीश कुमार द्वारा प्रशिक्षार्थियों को आपदा के बारे में बताया। इस दौरान प्रबंधक ग्रीश चन्द्र सैनी, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार त्यागी, शिवानी सैनी, मंजू गोस्वामी आदि मौजूद रहीं।

वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को दिलाएं सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने वादों की समीक्षा करते हुए शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि दायर वादों का निस्तारण और सजा का प्रतिशत भी बढ़ाएं। समन तामीला पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि कि पॉक्सो एक्ट (महिला संबंधी अपराध) पर गंभीरता जरूरी है। जिलाधिकारी ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा भी महिला संबंधी अपराध एवं पाक्सो के मामलों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश हैं। गवाहों की स्थिति बेहतर हो, इसके लिए विशेष प्रयास करें। गवाहों की उपस्थिति अवश्य दर्ज करें और रिकार्ड में रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि जो मामले फैसले की कगार पर हैं उन पर विशेष ध्यान देकर प्रकरण का निस्तारण कराएं और अपराधी को सजा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि गवाहों को पक्षद्रोही (होस्टाइल) न होने दिया जाए। जिन वादों का निस्तारण हो रहा है उसमें सजाएं कम हो रही हैं। शुरू से मामलों की मानीटरिंग कर सजा दिलाने का हर संभव प्रयास होना चाहिए। शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि अपील भी समय से दायर करें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, शासकीय अधिवक्ता, एडीजीसी, एसपीओ, एपीओ आदि उपस्थित रहे।

जनता के हित में कार्य कर रही केंद्र व राज्य सरकार

मुरादाबाद, अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी की ओर से निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को महानगर के रामगंगा विहार मंडल के वार्ड 18 के हरथला और वार्ड 6 नवीन नगर के अवंतिका कॉलोनी में पहुंची। भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनता के हित में कार्य कर रही है।

वार्ड छह नवीन नगर में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, निखिल पाठक, पिंकू गुप्ता, प्रदीप सक्सेना, विजय वर्मा, शशि किरण, पार्षद पंकज शर्मा, अनुज शर्मा, विशाल अग्रवाल आदि शामिल रहे। वहीं वार्ड नंबर 18 हरथला में यात्रा पहुंची। जहां डॉ. केके मिश्रा, विपिन प्रजापति, क्षेत्रीय पार्षद दिनेश चंद्र गोला, योगेश गुप्ता, अजय वर्मा, निमित जायसवाल मौजूद रहे।

टीम के लिए अरहम ने चटकाए 5 विकेट, कप्तान मोहम्मद कैफ ने बनाए 88 रन

फाइनल में केजीएन हीट ने स्प्रिंगफील्ड थंडर को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रुक्मणी क्रिकेट मैदान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को फाइनल मैच खेला गया। इसमें केजीएन हीट और स्प्रिंगफील्ड थंडर टीम आमने सामने रही। केजीएन हीट की टीम अरहम की गेंदबाजी के दम पर जीत दर्ज करते हुए प्रतियोगिता की चैम्पियन बनी।

केजीएन हीट ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। स्प्रिंगफील्ड थंडर की टीम बल्लेबाजी करते हुए 33 ओवर में 168 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए अब्दुल अहद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 80 व कृष्णा यादव ने 24 रन बनाए। केजीएन हीट के लिए अरहम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 व मोहम्मद कैफ और अब्दुल रहमान ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केजीएन हीट आखिरी ओवर तक चले मैच में 34.5 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए कप्तान मोहम्मद कैफ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 88 रन बनाए। स्प्रिंगफील्ड थंडर के लिए गेंदबाजी में अमित पाल ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अरहन को चुना गया। बेस्ट बैट्समैन अब्दुल अहद, बेस्ट गेंदबाज अब्दुल रहमान व गेम चेंजर ऑफ द मैच मोहम्मद कैफ रहे। अंपायरिंग शमशाद अल्वी व जमाल अहमद ने की। स्कोरर अशरफ रजा रहे। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि रुक्मणी कॉलेज के चेयरमैन सिद्धार्थ मलिक, आईपीएल प्लेयर मोहसिन खान रहे। इस मौके पर टूर्नामेंट सचिव व क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद हसीन, सोनू कुमार, मोहम्मद उमर, मोहम्मद शाहिद, इंतजार हुसैन, शोवित यादव, कमाल अहमद, इक्यामुद्दीन, मोहम्मद अहमद आदि मौजूद रहे।

आरआरके स्कूल में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान करतीं प्रधानाचार्य वंदना छाबड़ा।

स्पोर्ट्स मीट में छात्रों ने दिखाया दम

मुरादाबाद, अमृत विचार : वार्षिक परीक्षाओं के मानसिक तनाव को दूर करने के उद्देश्य से सोमवार को आरआरके इंटरेक्ट क्लब की ओर से छात्रों के लिए स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सभी छात्रा उत्साह से भरपूर व प्रसन्न नजर आए। रुचि दिखाते हुए सभी छात्रों ने खेलों को जमकर खेला। चेस, 100 मीटर दौड़, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल खो-खो आदि मुख्य स्पर्धा रही। क्रिकेट में 10 ए, वॉलीबॉल में 9 बी, बॉस्केटबॉल में 9 ए और खो-खो में 9 ए ने बाजी मारी। इस दौरान रोहित भटनागर, स्वाति कुमकुम, देवेंद्र राणा, विवेक शर्मा, नितिन विश्नोई मौजूद रहे।

29 को अयोध्या धाम दर्शन करने पर हुई चर्चा

मुरादबाद, अमृत विचार: नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों की बैठक सोमवार को महापौर के पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता महापौर विनोद अग्रवाल ने की।

भाजपा के महानगर महामंत्री नाथू राम कश्यप, श्याम बिहारी शर्मा, अयोध्या यात्रा के संयोजक शम्मी भटनागर ने अपने विचार रखें। 29 फरवरी को अयोध्या धाम दर्शन कार्यक्रम पर चर्चा की। पार्षदों से अधिक से अधिक राम भक्तों को ले जाने का आग्रह किया गया। बैठक में 15 तारीख को होने वाले नारी वंदन कार्यक्रम की सफलता पर विचार किया गया। संचालन मुख्य सचेतक कुलदीप नारायण सिंह ने किया। बैठक में नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव उप नेता पार्षद दल सुरेंद्र विश्नोई, विशाल सिंह गोलू, विनोद शर्मा, राजेश गुप्ता, देश रतन कत्याल, हुकुम सिंह सैनी, शैलेंद्र कुमार, राहुल देव वरुण, तुषार सिंह, मोहित गौर, कविता गुप्ता, गीता शर्मा, राधा रानी, सुधीर सेठ, विनय राजोरिया, पंकज शर्मा, पंकज यादव, चंद्रभान सैनी, शीतल, भगवान दास कश्यप, शैलेंद्र कुमार, प्रशांत कुमार, कमला वर्मा, राखी सिंह, रमेश सैनी, अजय, योगेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।

मौसम बदलते ही बढ़ी मरीजों की संख्या

अचानक गर्म हुए मौसम से बिगड़ रही लोगों की सेहत, सावधानी बरतने की सलाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मौसम के अचानक करवट बदलने से बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। कई दिनों से सुबह और शाम की ठंड ने लोगों को बेहाल कर दिया है। अब तेज धूप से तापमान बढ़ने पर सरकारी और निजी अस्पतालों में गले और सीना जकड़ने, खांसी जुकाम के साथ बुखार के मरीज पहुंचने लगे हैं। बुजुर्गों में अस्थमा और रक्तचाप की शिकायत बढ़ गई है। जिला अस्पताल में सोमवार को बाल रोग विभाग, स्किन, जनरल एवं चेस्ट फिजीशियन की ओपीडी में भीड़ रही।

सुबह और शाम को ठंड महसूस हो रही है तो वहीं दिन में चटख धूप से गर्मी का अहसास होने लगा है। बदलते मौसम में थोड़ी सी लापरवाही से बच्चे बीमार होने लगे हैं। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि बच्चों में बुखार, सीने, गले में संक्रमण, नाक बहने की शिकायत बढ़ जाती है। चेस्ट फिजीशियन डॉ. प्रवीण शाह ने ऐसे मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दी है। उनका कहना है कि सुबह व शाम की ठंड और दोपहर में गर्मी होने से लोग पहनावे की तरफ ध्यान नहीं देते हैं। इससे ठंड सीने को जकड़ रही है। बच्चों से लेकर बड़ों में बलगम के साथ खांसी की समस्या बढ़ गई है। वहीं निजी चिकित्सक डॉ. इरशाद अहमद ने बताया कि बदलते मौसम ने बुजुर्गों की परेशानी भी बढ़ा दी है। ठंड में ब्लड प्रेशर की सबसे अधिक शिकायत होती है। दवाओं की डोज बढ़ानी पड़ती है। अभी भी लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्चा बनवाने के लिए लगी लंबी लाइन। ● अमृत विचार

बढ़ रहे खुजली और आंखों में जलन के मरीज

महानगर के कांठ रोड और सिविल लाइन समेत कई कालोनियों में इन दिनों सड़क पर मिट्टी व धूल से लोग परेशान रहे। आंखों में जलन, दिल की धड़कन और सांस लेने में परेशानी की शिकायत को लेकर कई मरीज अस्पताल पहुंच रहे है। अधिकतर मरीजों ने शरीर में खुजली एवं आंखों में जलन की समस्या हो रही है।

निर्धारित समय से ट्रेनें पहुंचीं, यात्री दिखे खुश

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंडल मुख्यालय से गुजरने वाली लंबी दूरी की 90 प्रतिशत ट्रेनों के समय से आने और रवाना होने की खुशी यात्रियों के चेहरे पर दिखी। सुबह की पाली में बंगाल से चलने वाली दुर्गियाना, कुंभ एक्सप्रेस और कोलकाता से जम्मू के बीच चलने वाली सियालदह जैसी ट्रेनें सोमवार को समयबद्ध रहीं जबकि, लोकल ट्रेनों का संचालन भी व्यवस्थित रहा। मुरादाबाद से लालकुआं के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन भी समय से रवाना की गयी। अवध-असम, आला हजरत, गरीब रथ, जनशताब्दी, देहरादून लिंक एक्सप्रेस, चंपारण सत्याग्रह, सद्भावना, राज्यरानी, पुरबिया एक्सप्रेस, ऋषिकेश- चंदौसी इंटरसिटी, रामनगर-चंडीगढ़ मेल, गरीब-नवाज एक्सप्रेस, चंडीगढ़ मेल और मुरादाबाद से लिंक होकर दिल्ली के लिए जाने वाली उत्तरांचल संपर्क क्रांति के निर्धारित समय से संचालित होने से यात्री खुश नजर आए। काफी दिनों बाद प्रमुख ट्रेनें समय की पटरी पर लौटी हैं। जनसंपर्क विभाग के अभिषेक दीक्षित का कहना है कि कोहरा खत्म होते ही इस व्यवस्था में और सुधार दिखेगा।

प्रधान व पंचायत सचिव कार्यों का करेंगे डेटा फीड

मुरादाबाद, अमृत विचार: केंद्र सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर किये जा रहे कार्यों के 384 बिंदुओं पर प्रगति रिपोर्ट मांगी है। जिसके लिए सोमवार को जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने जिला पर मुख्य विकास अधिकारी इस कार्य की निगरानी करने लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

जिसमें विकास खंडों पर खंड विकास अधिकारी नोडल रहेंगे। इसमें सभी विभागों के वर्तमान पर किया जा रहे कार्यों का ग्राम प्रधान और सचिव की आईडी से पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स (पीआईडी) पोर्टल पर डेटा फीड किया जाएगा। केंद्र सरकार ने सितंबर 2023 को यह आदेश पारित किया था। जनवरी में इस लागू किया है। जिसमें 12 फरवरी को जिला अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी सुमति यादव को नोडल बनाकर 19 फरवरी तक सभी विकास खंड स्तर कार्य पूरा कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। जनपद के सभी विभागों की वर्तमान में किये जा रहे का डेटा फीड ग्राम सचिव करेंगे इनके अलावा पंचायत सहायक भी सचिवों के डेटा फीड कराने सहयोग करेंगे।

गोशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

जल्द पूरा कराएं गोवंश शेड का निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सदर ब्लॉक के ग्राम भटावली स्थित गोवंश आश्रय स्थल का सोमवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एक सप्ताह में गोवंश का शेड निर्माण कार्य पूरा कराने और गोवंश को तत्काल शिफ्ट करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने गोशाला में गोवंश न होने पर इसमें तत्काल गोवंश को शिफ्ट कराने का निर्देश दिया। कहा कि गोशाला में सीएसआर फंड से बनाए जा रहे गोवंश शेड का निर्माण एक सप्ताह के अंदर पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने गोवंश आश्रय स्थल के समीप हरे चारे के लिए भूमि को चिह्नित कर सुरक्षित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने गो-पालक कक्ष, शौचालय और गोशाला में आने जाने वाले व्यक्तियों के लिए हट निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण सतीश प्रसाद मिश्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार भी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कालेज में सोमवार को छात्रा कल्याण परिषद की ओर से परिषद की पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं संस्कृति संवाद कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया रहे।

कार्यक्रम का आंरभ मुख्य अतिथि और महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रियांशी सैनी व सानिका द्वारा गणेश वंदना और श्रुतिका बाजपेयी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने छात्रा कल्याण परिषद की अध्यक्ष अक्षिता अगवानिया, उपाध्यक्ष बुशरा महबूब, सचिव सबा नाज, उपसचिव सेजल शर्मा सहित साहित्यिक, सांस्कृतिक, पुस्तकालय, क्रीड़ा, व्यवस्था से संबंधित सचिव एवं उपसचिव पद पर चुनी गई कुल 17 छात्राओं को पद की शपथ दिलाई।

मुख्य अतिथि ने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं को अच्छे संस्कार भी दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम के प्रथम चरण में पात्र अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक प्रो. किरन त्रिपाठी, प्रो. सीमा अग्रवाल एवं डॉ. सीमा रानी रहीं। प्रथम पुरस्कार नीतू प्रजापति ने, द्वितीय पुरस्कार सोनम ने और दीपांशी व्यास ने प्राप्त किया। इस दौरान उप प्राचार्या प्रो. अंजना दास, भाजपा नेत्री प्रिया अग्रवाल, प्रो. पुनीता शर्मा, प्रो. किरन साहू, प्रो. सुदेश, प्रो. एकता भाटिया, प्रो. प्रवीण सैनी , डॉ. सीमा मलिक आदि मौजूद रहीं।

गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में छात्रा का सम्मान करते एसपी सिटी आलोक भदौरिया।

कपड़ा व्यापारी के घर से जेवर समेत उड़ाया माल

मुरादाबाद, अमृत विचार: सीमझोला थाना क्षेत्र में मानसरोवर कॉलोनी में सोमवार शाम होते ही एक घर में घुसकर चोरों ने जेवर समेत करीब 3 लाख रुपए का सामान समेट ले गए हैं। यह चोरी बुध बाजार में थोक कपड़ा व्यापारी राकेश चावला के घर में हुई है।

राकेश चावला ने बताया कि घटना सोमवार शाम 6:30 बजे के समय की है। घर पर कोई नहीं था। महिलाएं कविता और संगीता चावला घर में ताला लगाकर सत्संग में गई थी। जबकि, वह और उनके छोटे भाई दुकान पर थे। जब महिलाएं घर लौटी तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखे सोने चांदी के गहने गायब थे, घर में रखे 60,000 भी चोरी हो गए थे। मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है।

लहसुन के बढ़े दामों से बिगड़ा स्वाद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: इन दिनों जिले में लहसुन के दाम आसमान छू रहे है। लहसुन का भाव फुटकर में 400 रुपये किलो पर पहुंच गया है। लहसुन की बढ़ती कीमत से आम जनता की रसोईघर का बजट बिगड़ गया है। जिससे लोगों ने लहसुन खाना भी कम कर दिया है।

मौजूदा समय में लहसुन दाम आसमान छू रहे हैं। लहसुन के बढ़ते दामों ने घर का पूरा बजट बिगाड़ दिया है। इन दिनों जिले में एक किलो लहसुन की कीमत 400 रुपये तक पहुंच गई है। सब्जी विक्रेता गुलदार अहमद ने बताया कि पहले लहसुन 100-120 प्रति किलो का बिकता था, लेकिन अब 400 रुपये प्रति किलो हो गया है। वहीं ग्राहक मनोज कुमार ने बताया कि पहले लहसुन 100 रुपये का आधा किलो तक मिल जाता था, लेकिन अब 50 रुपये में 250 ग्राम भी नहीं मिल रहा है। जिसके चलते हमने तो लहसुन खाना ही बंद कर दिया। जामा मस्जिद क्षेत्र में रहने वाले रेशमा परवीन ने बताया भोजन बनाने के लिए लहसुन जरूरी है। लेकिन, कीमत बढ़ने के चलते हमने इसका उपयोग कम कर दिया है। सब्जी मंडी गंज बाजार के सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि पिछले वर्ष लहसुन का उत्पादन अधिक हुआ था। तब थोक में लहसुन 70 रुपये किलो तक बिका था, जबकि खुदरा में भी लहसुन 100 रुपये किलो तक बिका था, लेकिन इस बार बरसात ने फसल को नुकसान पहुंचाया है और पैदावार भी कम हुई।

हरथला स्थित दुकान में लहसुन को सहेज कर रखता दुकानदार। ● अमृत विचार

विदाई समारोह में छात्र छात्राओं ने जमाया रंग

मुरादाबाद, अमृत विचार: सेंट मीरा अकादमी कांशीराम नगर शाखा में सोमवार को 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया।

समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से रंग जमा दिया। इस दौरान 12वीं के विद्यार्थी स्कूलों की यादों को लेकर भावुक हो गए। मुख्य अतिथि विद्यालय की वित्त निदेशिका पर्णिका प्रकाश, शिक्षा निदेशिका अक्षरी प्रकाश और प्रधानाचार्या पारुल अग्रवाल मौजूद रहीं। शिक्षक एवं 11वीं कक्षा के छात्रों ने पुष्पवर्षा व तिलक लगाकर 12वीं के विद्यार्थियों का स्वागत किया। 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विद्यालय के मिस्टर एसएमए लवनीश सिंह और मिस नव्या चौहान को सम्मानित किया गया।

पहल | अभिभावकों की बदली सोच, बेटियों को स्वयं की रक्षा के लिए दिला रहे प्रशिक्षण

आत्मरक्षा और कॅरिअर के लिए बेटियां सीख रहीं ताइक्वांडो

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बदलते दौर के साथ अभिभावकों की सोच में भी बदलाव दिख रहा है। यहां बेटों के साथ बेटियों को भी आगे बढ़ने के खूब अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। आत्मरक्षा और कॅरिअर के लिए बेटियां ताइक्वांडो सीख रही हैं।

महानगर में आधा दर्जन से ज्यादा ताइक्वांडो अकादमी संचालित हैं। जागरूक अभिभावक भी तीन - चार वर्ष की आयु में ही बेटियों को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिलाना शुरू कर देते हैं। ताकि शारीरिक बनावट मजबूत रहे और विषम परिस्थितियां होने पर अपनी रक्षा स्वयं कर सकें। ताइक्वांडो अकादमियों में बेटों के साथ-साथ बेटियां भी काफी संख्या में प्रशिक्षण लेने पहुंच रही हैं। अभिभावकों ने बताया कि ताइक्वांडो में बेटियां स्वयं की रक्षा के साथ-साथ अपना भविष्य देख रही हैं। अभिभावक मुनेश चाहल ने बताया कि हम अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। इसलिए ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिला रहे हैं। वहीं सुधेश ने कहा कि आज के दौर में बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है। कोच शाहवेज अली ने बताया कि महानगर में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण लेने वाली बेटियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसमें वह अपनी रक्षा के साथ बेहतर भविष्य तलाश रही हैं।

ताइक्वांडो का अभ्यास करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

जब किसी लड़की के साथ कोई मनचला हरकत करता है तो उसकी रक्षा के लिए कोई आगे नहीं आता। इसलिए हम स्वयं को खुद ऐसी परिस्थितियों के लिए तैयार कर रहे हैं।

-**अदिति सैनी**, खिलाड़ी

बदलते दौर के साथ बेटा और बेटियों में होने वाले फर्क में बदलाव आया है। लेकिन, फिर भी बेटियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए स्वयं की रक्षा करने के लिए आत्मनिर्भर होना जरूरी है।

-**मान्या मिश्रा**, खिलाड़ी

आज समाज काफी बदल चुका है। बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं। हम हर क्षेत्र में अपने परिजनों का मान बढ़ाने का हौसला रखते हैं। मेरा उद्देश्य दुनियाभर में अपने माता पिता का नाम रोशन करना हैं।

-**निक्की**, खिलाड़ी

मेरे माता-पिता ने हमेशा मुझे सपोर्ट किया है। ताइक्वांडों आत्मरक्षा के साथ ही भविष्य के लिए बेहतर है। इसमें एक तरफ जहां शरीर मजबूत होता है, वहीं दूसरी इस खेल में कॅरिअर भी बनाया जा सकता है।

-**साल्वी सिंह**, खिलाड़ी

फर्जीवाड़े में मां-बेटे समेत पांच नामजद

कार्यायल संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: फर्जी वारिसान प्रमाणपत्र के मामले में वादी पक्ष ने सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। इसमें उसने कुल पांच लोगों को नामजद भी किया है। इन नामजद आरोपियों में गीता सिंह और उनके बच्चों में बेटा अनुकूल सिंह और बेटी शिखा सिंह, सृष्टि सिंह, श्वेता सिंह हैं।

नया बाजार बहजोई के देवेश कुमार ने थाना पुलिस को बताया है कि गीता सिंह और उनके बेटे अनुकूल सिंह, बेटी शिखा सिंह, सृष्टि सिंह, श्वेता सिंह ने एक राय होकर तहसील प्रशासन से मिलकर धोखाधड़ी कर मनगढ़ंत साक्ष्य गढ़ते हुए झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत कर वारिसान प्रमाण जारी करा लिया। इसमें विवाहित पुत्री सृष्टि सिंह को अविवाहित दर्शाते हुए 17 दिसंबर 2018 की तिथि में वारिसान प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया था। इस प्रमाणपत्र को विभिन्न न्यायालयों में प्रयोग में लाया गया है। प्रकरण में स्थानीय स्तर पर कार्रवाई न होने पर शिकायतकर्ता देवेश कुमार ने राज्यपाल को शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने पूरे प्रकरण की जांच की थी। जांच में शिकायतकर्ता की तरफ से लगाए गए आरोप सत्य पाए गए थे। जांच में पुष्टि हुई कि गीता राठौर ने अपनी विवाहित पुत्री सृष्टि सिंह राठौर को अविवाहित बताया था। अपर जिलाधिकारी प्रशासन की जांच रिपोर्ट के आधार पर वारिसान प्रमाणपत्र को निरस्त किया था। लेकिन, संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने संबंधित लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए भी राज्यपाल से निवेदन किया था। जिस पर एसडीएम सदर ने अपने पत्र के जरिए आवेदक को 27 अगस्त 2022 की तिथि में अवगत कराया कि वादी चाहे तो संबंधित लोगों के विरुद्ध उसकी तरफ से एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। देवेश ने बताया कि उनकी शादी अप्रैल 2012 में सृष्टि सिंह के साथ हो गई थी। जब उनकी सास गीता सिंह ने वारिसान प्रमाणपत्र बनवाया था समय केवल शिखा सिंह अविवाहित थीं, जबकि अनुकूल सिंह, श्वेता सिंह और सृष्टि विवाहित थीं।

सृष्टि-देवेश का हाईकोर्ट में लंबित है मामला

देवेश ने बताया कि अगस्त 2019 में लोवर कोर्ट से उनके विरुद्ध निर्णय हो गया था। जिसके आधार पर वह पत्नी सृष्टि सिंह को भरण-पोषण के लिए हर महीने 5,000 रुपये दे रहे हैं। इस मामले में उन्होंने हाईकोर्ट प्रयागराज में अपील दायर कर रखी है। इसी मामले में दामाद ससुराल पक्ष से नाराज है।

एक नजर

हल्द्वानी की घटना की जांच को सौंपा ज्ञापन

बिलारी, अमृत विचार : इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के जिलाध्यक्ष फहीम मुशर्रफ के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम मणि अरोड़ा को सौंपा गया। जिसमें हल्द्वानी की घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। इस दौरान मुख्य रूप से मोहम्मद मोहसिम, नाजिम हुसैन, आबिद हुसैन, आसिम, दानिश आदि मौजूद रहे।

गन्ने की फसल में रोगों से बचाव की दी जानकारी

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र मलपुरा लक्ष्मीपुर में डॉ. हसन तनवीर ने किसानों को संबोधित करते हुए फरवरी में बोई जानी वाली गन्ने की फसल की बुआई और प्रजाति जैसे 15023,13235, 14201 की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक दीपक कुमार ने गेहूं में लगने वाले रोग और कीट की जानकारी के साथ गन्ने की फसल फरवरी में बोई जानी है। इसमें बीज और भूमि उपचार करने के उपरांत ही गन्ना बोया जाना चाहिए। इफ्को से आए रजनीश कुमार द्वारा 25 किसानों को नि: शुल्क नैनो यूरिया की बोटल को वितरित किया गया। कार्यक्रम में गुरमीत, नरेश सागर, मुखलाल, मुकेश चौहान, ओमप्रकाश, राकेश, डॉ. राजेश कुमार, दिनेश आदि मौजूद रहे।

मेले का समापन

बिलारी, अमृत विचार : तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली में दो दिवसीय बूढ़े बाबा के मेले का सोमवार को समापन हो गया। गांव के ही 90 वर्षीय वयोवृद्ध प्रेमपाल सिंह राघव ने बताया कि इस तालाब में स्नान कर सात प्रकार के अनाज के रूप में प्रसाद चढ़ाने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है। मेले की व्यवस्था में पूर्व प्रधान चंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र सिंह, वर्तमान ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह, विजय पाल सिंह राघव, विनीत राघव, आतेश सिंह, अमित सागर आदि का सहयोग रहा।

शक्ति वंदन कार्यक्रम आज

बिलारी, अमृत विचार : स्वयं सहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रसार हेतु शक्ति वंदन अभियान का आयोजन नगर पालिका परिषद कार्यालय प्रांगण में मंगलवार को दोपहर 3 :00 बजे किया जाएगा। यह जानकारी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह द्वारा दी गई है।

बिना भेदभाव कार्य कर रही केंद्र-राज्य सरकार

भाजपा किसान मोर्चा के ग्राम परिक्रमा अभियान का आरंभ, योजनाओं की देंगे जानकारी

संवाददाता ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ग्राम परिक्रमा यात्रा का आरंभ रामूवाला गणेश से किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं से किसान हित की योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया गया।

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने बताया कि यह कार्यक्रम भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश भर में चलाया जा रहा है। जो 12 मार्च तक चलेगा। प्रदेश स्तर का यह कार्यक्रम मुजफ्फरनगर जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आरंभ किया गया है। कार्यक्रम को ठाकुरद्वारा में रामूवाला गणेश में वर्चुअल द्वारा देखा गया। जिलाध्यक्ष ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले किसानों को खाद की कमी, गन्ना का समय से भुगतान न होना आदि समस्याओं से जूझना पड़ता था।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों की समस्याओं का निस्तारण किया तथा किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं का शुभारंभ भी किया। केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा बिना भेदभाव के जनता के कार्य तथा अनेक लाभकारी योजनाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव चलो अभियान तथा ग्राम परिक्रमा यात्रा की सफलता के लिए कार्यकर्ता गांवों में जाकर किसानों से संपर्क करें। कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करोड़ों भारतीयों के लिए चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करने को कहा। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतेंद्र चौधरी, विधानसभा ठाकुरद्वारा के संयोजक जितेंद्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, किसान मोर्चा के डिलारी मंडल के अध्यक्ष राम सिंह चौहान, धर्मेंद्र कुमार पाल, अखिलेश बिश्नोई, सचिन राणा, राम चरण सिंह, दिनेश कुमार प्रजापति, डॉ. ओममपाल सैनी, नवीन चौधरी, धर्मेंद्र कुमार चौहान, कमलेश कुमार, नागेंद्र लंबा, जाकिर हुसैन, शमशेर मलिक, मुकेश चौधरी, नरेंद्र सिंह, जगदीश नारायण, राम सिंह चौहान, हेमेंद्र प्रताप सिंह, सत्यपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

ठाकुरद्वारा के गांव रामूवाला गणेश में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष आकाश पाल। ● अमृत विचार

अभियान

- कार्यकर्ता दे रहे किसान हित की योजनाओं की जानकारी
- परिक्रमा यात्रा का आरंभ रामूवाला गणेश से किया गया

बदलते मौसम में खांसी और बुखार के मरीज बढ़े

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : तीन दिन के अंतराल में मौसम बदलने से जुकाम, खांसी व बुखार ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। जिससे लोगों की सेहत खराब होनी शुरू हो गई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में सोमवार को 347 मरीज ओपीडी में पहुंचे। ज्यादातर रोगी खांसी, जुकाम व बुखार से पीड़ित रहे। मौसम बदलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खांसी जुकाम के साथ-साथ बुखार के मरीजों की भी संख्या बढ़ने लगी है। वही बसंत पंचमी के नजदीक आने पर मौसम का मिजाज बदलने लगता है। इस दौरान तेज धूप और सुबह-शाम ठंड का असर रहता है। दिन में धूप निकलती है तो रात को ठंडक हो जाती है। जिसका असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। लोग सर्दी, जुकाम और खांसी से ज्यादा परेशान हैं। चिकित्साधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि मौसम बदलने से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इस दौरान सबसे ज्यादा मरीज गले में खराश और खांसी जुकाम के पहुंच रहे हैं। ऐसे मौसम में सावधानी बरते। उन्होंने बताया कि इस समय गर्मी के हल्के कपड़ों का प्रयोग न करें।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने को लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

त्रिवेणी चीनी मिल ने किया 5 फरवरी तक के गन्ना मूल्य का भुगतान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : त्रिवेणी चीनी मिल रानीनांगल के उपाध्यक्ष वी. वेकटरथनम ने बताया कि चीनी मिल रानी नांगल द्वारा पांच फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान कृषकों के खाते में समिति के माध्यम से भेजा दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गन्ना प्रजाति को0-0238 में लाल सड़न (रेड रॉट) बीमारी आ जाने के कारण गन्ना प्रजाति में बदलाव जरूरी है जिसके तहत आगामी बसन्तकालीन गन्ना बुआई में नई गन्ना प्रजातियां जैसे को-0118, को0-15023, को0-98014 तथा कोलख0-14201 आदि की अधिक से अधिक रकबे में बुवाई करें। महाप्रबन्धक (गन्ना) श्री टीएस यादव ने बताया कि चीनी मिल किसानों का समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना पेराई करने के बाद ही अन्तिम रूप से बन्द होगी।

श्री गुरु हनुमान अखाड़ा के पहलवान ने जीता कांस्य

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में श्री गुरु हनुमान अखाड़ा के पहलवान नकुल चौहान ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अखाड़ा पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया।

युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत जोन स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता बरेली में हुई। प्रतियोगिता में श्री गुरु हनुमान अखाड़ा के पहलवान नकुल चौहान ने सब जूनियर वर्ग के 55 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती में तृतीय स्थान पर रहकर कांस्य पदक जीता। विजयी पहलवान को अखाड़ा पहुंचने संचालक एनआईएस कुश्ती कोच अनुज विश्नोई ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उपलब्धि

- बरेली में हुई थी जोन स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता
- अखाड़े में पहुंचने पर नकुल का किया गया स्वागत

कोच अनुज विश्नोई के साथ विजयी पहलवान नकुल चौहान। ● अमृत विचार

सभासदों ने मांगा विकास कार्यों का लेखा-जोखा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी की कार्यप्रणाली को लेकर नगर पंचायत के अधिकांश सभासदों ने नाराजगी व्यक्त की है। सभासदों का कहना है कि नगर में हो रहे विकास कार्यों के वर्क आर्डर, एस्टीमेट और प्रस्ताव रजिस्टर उनको नहीं दिए जा रहे हैं। इस संबंध में सभासदों ने अधिशासी अधिकारी प्रियंका चौधरी को पत्र सौंपा है।

नगर पंचायत के सभासदों ने सोमवार को अधिशासी अधिकारी को दिए पत्र में नगर पंचायत के अंतर्गत हो रहे विकास कार्य का वर्कआउट एवं एस्टीमेट की कापी तथा प्रस्ताव रजिस्टर दिलवाने की मांग की है। सभासद मनोज कुमार ने बताया कि नगर पंचायत में निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। वर्तमान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व जंभेश्वर आश्रम, शमशान घाट आदि स्थान पर कार्य चल रहा है। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में चल रहे विकास कार्यों में मानक के अनुसार सामग्री नहीं लगाई जा रही है जिसका मौके पर जाकर सभासदों ने विरोध भी किया है। पत्र में सभासद मनोज कुमार, जमीला खातून, नसीम अहमद, मोहम्मद उस्मान, रूकसाना खातून, चमन सिंह, प्रियंका सैनी, वसीम अहमद, दिलशाद, रईस अहमद, धर्मवीर सिंह, पिंकी रानी आदि के हस्ताक्षर हैं। अधिशासी अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि उचित कार्रवाई के लिए लिपिक को निर्देशित किया गया है।

अधिशासी अधिकारी को पत्र देते सभासद। ● अमृत विचार

सीएचसी में 22 महिलाओं के किए नसबंदी ऑपरेशन

कांठ, अमृत विचार: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 22 महिलाओं के नसबंदी ऑपरेशन किए गए।

सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रस्तावित महिला नसबंदी शिविर में 25 महिलाओं ने नसबंदी के लिए रजिस्ट्रेशन कराए थे। जिसमें जांच के उपरांत 3 रजिस्ट्रेशन रिजेक्ट किए गए। जिला चिकित्सालय से आये चिकित्सक डॉ. रविंद्र कुमार की टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। जहां 22 महिलाओं के सफल नसबंदी ऑपरेशन किए गए। इस दौरान महिलाओं को नसबंदी के बाद बरतने वाले टिप्स दिए गए। ऑपरेशन के बाद महिलाओं को उनके निजी आवास पर एंबुलेंस द्वारा छोड़ा गया। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह, भगवान सिंह(एचएस), सीपी थपियाल (फार्मासिस्ट), आयशा, रूप, सना आदि का सहयोग रहा।

उप जिलाधिकारी के निर्देश पर उठा सड़क का मलबा

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: उपजिलाधिकारी के निर्देश पर दो माह पूर्व पानी की पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़क का मलबा कर्मचारियों ने उठाया।

नगर पंचायत में दो महीने से पानी की आपूर्ति के लिए भूमिगत पाइपलाइन डाली जा रही है। जल निगम द्वारा नगर पंचायत में अनेक स्थानों पर पक्की सड़कें मशीन से खोदकर छोड़ दी गई है। जिससे नागरिकों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा है। इसकी शिकायत मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम सचिन राजपूत से की थी। एसडीएम की फटकार के बाद सोमवार को सड़क से मलबा हटाया गया। नगर में अनेक स्थानों पर अभी भी मलबा पड़ा हुआ है जिससे नागरिकों में नाराजगी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में करोड़ों रुपये की लागत से 1800 किलो लीटर का हेडओवर टैंक एवं कई किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइप लाइन डाली जा रही है। अनेक स्थानों पर पक्की सड़क खोदी गई है, लेकिन वहां पाइपलाइन नहीं डाली गई है। जिसकी वजह से बच्चों एवं वृद्ध लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। 7 फरवरी को नगर के मोहल्ला फकीर गंज वासी उदित गुप्ता, महेश चंद गुप्ता, अभिषेक लोहिया, अमित लोहिया, सुधीर कुमार, राजीव, मधु गुप्ता, सुशील कुमार आदि ने इस संबंध में एसडीएम से शिकायत की थी। एसडीएम की फटकार के बाद जल निगम ने सड़क से मलबा हटाने का कार्य किया।

मलबा हटाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

खेत से ट्रैक्टर निकालने को मना करने पर मारपीट

छजलैट, अमृत विचार : खेत में ट्रैक्टर निकालने को मना करने पर चार लोगों ने गाली गलौच कर एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी रवाना निवासी सतेंद्र उर्फ टूनी, विपिन, उदय पुत्र उमराव, धर्मेंद्र पुत्र राजवीर, पीड़ित रणजीत पुत्र महेंद्र निवासी किशनपुर के खेत में जबरन ट्रैक्टर निकल रहे थे। रणजीत ने ट्रैक्टर निकलने से मना किया तो चारों ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की। पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नाबालिग लड़की को भगा ले जाने पर की शिकायत

छजलैट, अमृत विचार : मामला तहसील क्षेत्र के एक गांव का है। जहां एक नाबालिग लड़की को घर से बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत छजलैट थाने में की गई है। थाना छजलैट में लड़की के पिता ने बताया कि रात से मेरी 15 वर्षीय पुत्री घर से गायब है। मैंने उसे काफी तलाश किया परंतु कुछ पता नहीं चला। बताया कि पड़ोस में ईंट की फैक्ट्री पर काम कर रहा एक लड़का मेरी पुत्री को लालच देकर भगा ले गया। इस संबंध में पीड़ित पिता ने कार्रवाई की मांग की है।

आयोजन प्रतियोगिता में काजल ने दूसरा और अनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

हुनर गायन प्रतियोगिता में विजेता बने अनस

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता हुनर का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता संगठन द्वारा एक बैंक्वेट हॉल में किया गया। जिसमें अनस ने पहला, काजल ने दूसरा व अनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

मुरादाबाद-चंदौसी हाईवे किनारे स्थित एक बैंक्वेट हॉल में राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता हुनर का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड से ऑडिशन देकर आए प्रतिभागियों ने ग्राउंड फिनाले में हुनर दिखाया। जिसमें सेजल, मनीष, अनिल ठाकुर, साकिब, प्रज्ञा, सानू ,शादाब फैजी, उत्कर्ष, अनस, शानवारसी, अनम और काजल त्यागी ने प्रथम राउंड में शानदार प्रस्तुति दी। रुद्रपुर के अनस ने हुनर की ट्रॉफी जीत ली। वहीं चंदौसी की काजल त्यागी दूसरे स्थान पर रही और मुरादाबाद की अनम तीसरे स्थान पर रही। चंदौसी से आई धनवंतरी फार्मास्यूटिकल के प्रोडक्शन हेड डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर डीआर परितोष मिश्रा ने भी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। मुंबई से आए बॉलीवुड सिंगर फरहान साबरी शो के जज रहे। लोकपाल शर्मा व शकील साबरी ने सहयोगी की भूमिका निभाई। इस दौरान डांस प्लस के स्टार डांसर अराफ़ात मौजूद रहे। वहीं संगठन ने अचीवमेंट अवार्ड के तौर पर साहू सुनील सहाय, आसिफ शादाब, देवेश शर्मा सभासद, शुभम राठी, डॉ. परितोष मिश्रा, मो. आरिफ सरस, निहाल सिंह, दिनेश भटनागर, रघुराज सिंह यादव द्वारा सम्मानित किया गया। सागर गुप्ता को प्रायोजक अवार्ड दिया गया।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, परमेश्वर लाल सैनी, सुबोध गुप्ता, मनोज ठाकुर, रितेश शर्मा, दीपक गोयल व राज बहादुर आदि मौजूद रहे।

विजेताओं को पुरस्कृत करते बॉलीवुड सिंगर फरहान साबरी। ● अमृत विचार

चौ. अजीत सिंह की जयंती मनाई

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार: थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर स्थित आनंदी फार्म हाउस पर राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की 86वीं जयंती मनाई।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर स्थित आनंदी फार्म हाउस पर राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की जयंती मनाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं का कहना था कि चौधरी अजीत सिंह ने हमेशा किसानों के हक की लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, धीरेंद्र सिंह, सुनील मुखिया, अरिसुदन सिंह, रोबिन चौधरी, राहुल बालियान, धीरेंद्र रस्तोगी, अमन ढिल्लो, देवेंद्र सिंह, पप्पू प्रधान, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की जयंती मनाते रालोद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाते विनोद कुमार मिश्रा व अन्य। ● अमृत विचार

जयंती पर स्वामी दयानंद सरस्वती को किया नमन

बिलारी, अमृत विचार : अमरपुर काशी स्थिति श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सभा के पश्चात प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर नमन किया। सोमवार को विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य ने स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन के कई संस्मरण सुनाते हुए कहा कि आर्य समाज की स्थापना करके स्वामी दयानंद सरस्वती ने भारत देश एवं विश्व में हिंदुत्व को मजबूत किया। बड़े-बड़े नगरों में आर्य समाज मंदिर की स्थापना की। साथ ही धर्म का प्रचार प्रसार किया। इस अवसर पर वंदना प्रमुख एवं कन्या भारती के भैया बहनों ने पुष्प अर्पित किए। जिसमें दिव्यांशी सैनी, लक्ष्मी यादव, मोनिका सैनी, आंचल सैनी, कुमकुम सैनी, आचार्य ओंकार सिंह, दीपक कुमार बिश्नोई, गजेंद्र यादव, पुष्पेंद्र यादव, ऋषिपाल सिंह यादव, राकेश प्रजापति, दारा सिंह यादव, भावना यादव एवं शिवानी ने सहयोग किया।

हरि मंगल महाविद्यालय में सफाई करते स्वयंसेवक-सेविकाएं। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में की साफ-सफाई

बिलारी, अमृत विचार : हरि मंगल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। सोमवार को महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों ने खान-पान में स्वच्छता एवं अपने आसपास साफ-सफाई का महत्व बताया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता एवं शंकर सिंह ने भी स्वयंसेवकों को सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने के लिए जागरूक किया। संचालन सुरेंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. दीपक कुमार, नदीम अहमद, यूसुफ अब्दुल्ला, रूमपाल सिंह, बुशरा, नईम, राजवीर सिंह, मनोज कुमार, मोहित यादव आदि का सहयोग रहा। इस दौरान अपूर्व गुप्ता, गुड़िया, पूजा, वंशिका यादव, निकिता, सुरभि, उपासना, रचना, नीता, गुलनार, अन्याना, सृष्टि ,मधु कश्यप, निशा, भारती, शिखा, सानिया, अनामिका, शिवानी, नाजिया, उजमा, विकास ,संकेत ,अंश गुप्ता ,अब्दुल कादिर ,समीर अहमद, गौरी चौधरी, ज्योति ठाकुर, विपिन आदि मौजूद रहे।

अमन उल्लाह बने समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव

छजलैट, अमृत विचार : मानपुर निवासी अमन उल्लाह खां को समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित होने पर शुभचिंतकों में हर्ष है। ग्राम मानपुर निवासी अमन उल्लाह खां को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया है जिससे उनके समर्थकों में हर्ष है।

अमन उल्लाह खां।

नगर में मिट्टी से भरा ट्रैक्टर-ट्राली ले जाता चालक। ● अमृत विचार

गलियों में धड़ल्ले से दौड़ रहे मिट्टी भरे ट्रैक्टर-ट्राली

कांठ, अमृत विचार : नगर की गलियों में और छोटे-छोटे रास्तों में मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां दौड़ रही हैं। जिसके कभी भी हादसा हो सकता है। मोहल्ले वासियों ने मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रोक लगाने की मांग की है। क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई से बचने के लिए खनन करने वाले मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां नगर की गलियों में धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। जिससे अब तक कई बच्चे और बड़े घायल हो चुके हैं। कस्बे के मोहल्ला घोसीपुरा, पट्टीवाला और फकीरगंज, पेट्रोल पंप से रामलीला मार्ग पर लोग मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों से परेशान है। पिछले दिनों भाकियू अराजनैतिक और मोहल्ला घोसीपुरा एवं पट्टीवाला के लोगों ने अधिकारियों से कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। सोमवार को भाकियू अराजनैतिक के मुरादाबाद मंडल महासचिव जितेंद्र विश्नोई जीतू आदि ने ऐसी ट्रैक्टर-ट्रालियों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

विजयी खिलाड़ियों के साथ कोच व अन्य। ● अमृत विचार

बैडमिंटन टूर्नामेंट जीतने पर खिलाड़ियों का स्वागत

कांठ, अमृत विचार : जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा सोनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद में दो दिवसीय आमंत्रण मास्टर बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कांठ के बैडमिंटन खिलाड़ी मोहन विश्नोई और खुर्शीद अहमद ने टूर्नामेंट के फाइनल मैच में अपने प्रतिद्वंदी को हराकर खिताब जीता। दोनों खिलाड़ियों का नगर पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस दौरान कांठ टीम के वरिष्ठ कोच इरशाद राणा, अचल कुमार विश्नोई, दीपक विश्नोई एडवोकेट, रोमी महेश्वरी, गौरव विश्नोई, अरुण मित्तल, अमित, अभय माहेश्वरी, सोहन, सुमित, शिवकुमार, अनिल आदि मौजूद रहे।

एक नजर

सोशल मीडिया पर अपशब्दों का प्रयोग करने पर रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने व अपशब्दों का प्रयोग करने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यापारी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि किसी ने उसकी एवं उसकी पुत्री के फोटो इंटरनेट पर बिना अनुमति के डाउनलोड कर इन्स्टाग्राम पर लगा लिए। उन्हें वायरल कर अपशब्दों का प्रयोग किया। पीड़ित के अनुसार घटना करीब एक महीना पुरानी है। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

मतदाता जागरुकता रैली निकाली

गजरौला, अमृत विचार : रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में तीसरे एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में मतदाता जागरुकता विषय पर व्याख्यान के बाद रैली निकाली गई। दूसरे सत्र में बच्चों ने वेस्ट सामग्री से फूलों की सुन्दर आकृति बनाई। प्राचार्या डॉ. नम्रता वर्मा ने शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शिविर प्रभारी डॉ. श्वेता अग्रवाल, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ. इन्द्रदेव सिंह, डॉ. मनमोहन सिंह, प्रो. सीमा सिंह मौजूद रहे।

शिक्षक से मारपीट करने वाले दो छात्र गिरफ्तार

हसनपुर, अमृत विचार : कोचिंग सेंटर पर परीक्षा के दौरान कम नंबर देने पर दो छात्रों ने अध्यापक को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों छात्रों का शांतिभंग में चालान कर दिया है। नगर के बाईपास मार्ग स्थित कोचिंग सेंटर में छात्रों ने अध्यापक के साथ ही मारपीट कर दी। बताया जा रहा है की कोचिंग में छात्रों की परीक्षा कराई गई थी। इसमें कम नंबर देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को अध्यापक एवं दो छात्रों के बीच कहा सुनी होने के बाद मारपीट हो गई। इससे कोचिंग सेंटर पर अफरातफरी मच गई। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। अध्यापक की शिकायत पर पुलिस ने दोनों छात्रों को गिरफ्तार करके शांतिभंग में चालान कर दिया।

बारह दिवसीय संस्कृत शिविर का शुभारंभ

बुरावली, अमृत विचार : गृहे-गृहे संस्कृतम् योजना के तहत सरल संस्कृत सम्भाषण बारह दिवसीय शिविर का शुभारंभ सोमवार को एसडीएम इंटर कॉलेज फूलपुर में हुआ। मुख्य वक्ता देवदत्त शर्मा ने कहा कि संस्कृत एक भाषा ही नहीं सनातन संस्कृति का अजस्र प्रवाह है। भारतवर्ष की आत्मा है। यह सम्पूर्ण विश्व की अमूल्य धरोहर है। सरल संस्कृत सम्भाषण की बारीकियों को बताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण बारह दिन तक चलेगा। पहले दिन बच्चों ने बड़े ही रोचक तरीके से संस्कृत सम्भाषण करना सीखा। कार्यक्रम की अध्यक्ष अनिता ने इसकी सराहना की। संस्कृत शिक्षा के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस मौके पर हरि ओम, अरुण, देवदत्त शर्मा, राजकुमार, चमन सिंह, आदेश, रेनू, ईश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी

राम आएंगे, अंगना सजाएंगे पर झूमे लोग

दीप प्रज्ज्वलन के साथ जनपद में पहली बार हुआ अमरोहा महोत्सव का शानदार शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में पहली बार आयोजित अमरोहा महोत्सव का शानदार तरीके से आगाज हुआ। प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा के राम आएंगे, अंगना सजायेंगे भजन पर लोग जमकर झूमे। बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया।

सोमवार को अमरोहा महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद मंडलायुक्त ने कहा कि जिले में पहली बार अमरोहा महोत्सव का आयोजन किया गया है। सोशल मीडिया के इस जमाने में ऐसे कार्यक्रम होना अति आवश्यक है। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा स्टेज पर पहुंची। लोगों ने जोश के साथ जय श्री राम के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। स्वाति मिश्रा ने अपने प्रमुख भजन राम आएंगे, अंगना सजायेंगे, दीप जलाके दिवाली मनाएंगे गाया। इस पर लोग झूमने लगे और डांस करने लगे।

इसके बाद स्वाति मिश्रा ने कई और भजन भी गाये। यह महोत्सव 20 फरवरी तक चलेगा। शहर के मिनी स्टेडियम में सोमवार से पहली बार अमरोहा महोत्सव की शुरुआत हुई। इस आयोजन में कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी। यहां रोजाना 10 बजे तक कार्यक्रम होंगे। प्रतिदिन नए कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे। महोत्सव में विकास प्रदर्शनी के साथ-साथ झूले, खान-पान की दुकान, बच्चों के मनोरंजन के लिए ऊंट व घोड़े की सवारी आदि की व्यवस्था भी की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि अमरोहा महोत्सव की शानदार शुरुआत हुई है। बच्चों व युवाओ के लिए मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। अब रोजाना नए कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम में मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, एडीएम सुरेंद्र सिंह, विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, नगर पालिकाध्यक्ष शशि जैन, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, डॉ. देओल समेत भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भजन गातीं प्रसिद्ध गायिका स्वाति मिश्रा। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

आयोजन

- 20 फरवरी तक चलेगा महोत्सव रोज होंगे नए-नए कार्यक्रम
- प्रतिदिन नए कलाकार करेंगे लोगों का मनोरंजन

डीसीएम-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत, मौसेरा भाई गंभीर

संवाददाता, हसनपुर/ बुरावली

अमृत विचार : रहरा मार्ग पर हाकमपुर में पेट्रोल पंप के निकट डीसीएम एवं बाइक की भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी हसनपुर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बुरावली निवासी बंटी अपने मौसेरे भाई ग्राम ईटा भैंसरी निवासी सोनू के साथ गजरौला के गांव कुदैना स्थित ननिहाल से आ रहा था। ग्राम हाकमपुर के निकट स्थित पेट्रोल पंप के सामने से आ रही डीसीएम से उसकी बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद डीसीएम खंदी में जाकर पलट गई। हादसे में बंटी की मौत हो गई तथा सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सोनू को सीएचसी भिजवाया गया। घायल सोनू की 14 फरवरी को बरात जानी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल

हसनपुर, अमृत विचार : गजरौला मार्ग पर साइकिल सवार वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर निवासी तनवीर राजमिस्त्री है। वह हसनपुर आ रहा था। तभी गजरौला की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। इसमें राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। रहागीरों ने घायल को नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

रैली से किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सोमवार को झम्मनलाल लाल पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर ग्राम रामपुर भूड़ में लगाया गया। पुस्तकालय विभाग की अध्यक्ष रेनू चौधरी और अंग्रेजी की प्रवक्ता डॉ. शिवा शर्मा ने स्वयंसेवकों को शिक्षा का महत्व बताया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय से शुरू हुई रैली ग्राम रामपुर भूड़ पहुंची और चित्र व स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

संदेश दिया की छोटी सी गलती जीवन को नष्ट कर सकती है। इसलिए सड़क सुरक्षा के निर्देशों का पालन करें। इससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। शिविर में बच्चों ने लक्ष्य गीत गाया व काव्य पाठ किया। गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ. हृदेश कुमार ने कहा कि गांव में बहुत सी भ्रांतियां होती हैं। उन भ्रांतियां को दूर करना आपका कर्तव्य है।

बहुत से परिवार आज भी अपने बीमार बच्चों को डॉक्टर को न दिखाकर झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ जाते हैं। लोगों को इस तरह की भ्रांतियों से निकालना है। कंप्यूटर ऑपरेटर जावेद ने माई भारत पर रजिस्ट्रेशन करने की जानकारी दी। राष्ट्रीय गान के साथ शिविर का समापन हुआ।

रैली निकालते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम

- रासेयो के तहत रामपुर भूड़ में लगाया एक दिवसीय शिविर
- गांव में फैली भ्रांतियों को दूर करना स्वयंसेवकों का कर्तव्य

दो परिवारों को शिक्षित करती हैं बेटियां

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : वाईएमएस डिग्री कॉलेज में शिविर के तीसरे दिन सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगता हुई।

प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि नारी आज पढ़ लिखकर आगे बढ़ रही है। पढ़ी लिखी लड़की शादी के बाद दो परिवारों को शिक्षित करती है। समाज के लोग बेटियों की पढ़ाई पर ध्यान न देकर सिर्फ लड़कों की उच्च शिक्षा पर ध्यान देते हैं। लड़कों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में भेज दिया जाता है। लेकिन उसके उलट बेटियों को कम ही पढ़ाया जाता है। समाज में बेटियों के प्रति यह रुढ़िवादिता आज भी व्याप्त है। प्रतियोगिता में स्वयं सेविका नेहा ने कहा कि प्राचीन काल से ही हमारे समाज के लोगों ने धारणा बना रखी है कि पुत्रों देवो भवः क्यों नहीं कहा जाता कि पुत्री देवो भवः। रूबीना ने कहा-नन्ही सी उंगलियां बन्दकली सी आंख, मत करवाना मेरी मां औजारों से फांक। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रूबीना, द्वितीय स्थान लुबना नूर तथा तृतीय स्थान रितिक को मिला।

इस अवसर पर डॉ शीबा फरीदी, डॉ कमल सिंह चौहान, शमा अख्तर, आदित्य, नितिन, अर्पित गिल, शिवानी, नमरा मुमताज, सदफनाज, नेहा सहर आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं वक्ता। ● अमृत विचार

आयोजन

- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर हुई प्रतियोगता
- समाज में आज भी व्याप्त है बेटियों के प्रति रुढ़िवादिता

विवादित फैक्ट्री में जेसीबी से तोड़फोड़ करने में रिपोर्ट

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : विवादित फैक्ट्री में रविवार को जेसीबी से तोड़फोड़ की गई। इसके विरोध में फैक्ट्री के मैनेजर व अन्य लोगों ने जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह विवाद शांत कराया। फैक्ट्री के प्रबंधक ने तोड़फोड़ करके एक करोड़ रुपये का नुकसान करने का आरोप लगाया।

नेशनल हाईवे के किनारे एक फैक्ट्री बंद पड़ी है। आरोप है कि इस पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। फैक्ट्री के प्रबंधक ने कुछ दिन पहले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। आरोप है कि रविवार को आरोपियों ने जेसीबी से फैक्ट्री की दीवार तोड़ दी। इसके बाद वह जेसीबी समेत अंदर घुस गए और तोड़फोड़ करने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही प्रबंधक गुरु कमलजीत सिंह साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा किया।

प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी थी। इसके आधार पर दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पहले पक्ष की ओर से गुरुकमल ने मुरादाबाद निवासी वीरेंद्र सक्सेना व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जबकि पक्ष केक वीरेंद्र सक्सेना ने गुरुकमल व अशोक शर्मा और उनके कुछ साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ममाले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगभ्।

कार्रवाई

- मैनेजर ने लगाया एक करोड़ रुपये के नुकसान का आरोप
- दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

दिक्कत महिलाओं व बच्चों पर हमला करके कर रहे घायल, नगर पालिका प्रशासन से लगाई पकड़वाने की गुहार

बंदरों के आतंक से घरों में कैद हुआ बचपन, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर में बंदरों के आतंक से हर कोई परेशान है। इन्हें पकड़वाने की प्रशासन से मांग की जा रही है। बंदरों के आतंक के चलते बच्चों का मैदानों में खेलना बंद हो गया है। बच्चों का बचपन घरों में कैद होकर रह गया है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। इससे नगरवासियों में रोष है।

नगर की इस समय सबसे बड़ी समस्या बंदर हैं। इस समय कोई मोहल्ला ऐसा नहीं है जहां बंदरों का आतंक ना हो। कुछ मोहल्ले में तो बंदरों के आतंक के चलते बच्चों का अकेले घर से निकलना बंद हो गया है। हर चौराहे व गली में बंदर अवश्य दिखाई देते हैं। बंदरों से सबसे ज्यादा महिलाएं परेशान है। बंदरों के डर की वजह से वह छतों पर कपड़े व आनाज नहीं सुखा पा रही हैं। यह आनाज बिखेर देते हैं और कपड़ों को फाड़कर तहस-नहस कर देते हैं।

आंबेडकर पार्क, कोतवाली गेट, ब्लॉक कार्यालय, शिवाला मंदिर, इंदिरा चौक आदि स्थानों पर बदंर लोगों के हाथ से सामान झपट कर ले जाते हैं। बंदर दर्जनों लोगों को हमला करके घायल भी कर चुके हैं। काफी समय से नगरवासी नगर पालिका प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने की मांग कर रहे हैं। मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

शहर में मौजूद बंदरों का झुंड। ● अमृत विचार

नगर में इस समय बंदरों का आतंक चरम पर है। इनके डर के चलते घर से निकलना दुश्वार हो गया है। जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। ताकि लोगों को राहत मिल सके। –छुनन भारती

बाजार से सामान लाते समय बंदर छीन कर ले जाते हैं। विरोध पर वह हमला करके घायल कर देते हैं। प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसके समाधान पर भी विचार करना चाहिए। – रूबी कौसर

बंदरों के आतंक के चलते लोग भयभीत है। बच्चों का खुले स्थानों पर खेलना बंद हो चुका है। पालिका के अधिकारी इस समस्या पर ध्यान दें और जल्द समाधान कराएं। – मुकेश गोयल

बंदर छतों पर लगी पानी की टंकी के ढक्कन तोड़ देते हैं। छतों पर सूखते कपड़ों को उठाकर ले जाते हैं और उन्हें फाड़ देते हैं। घर में लगी फुलवारी को भी काफी नुकसान पहुंचाते हैं। – इंद्रेश देवी

बंदरों से बचने के प्रयास में दो बहन छत से गिरकर घायल

गजरौला, अमृत विचार : नगर में बंदरों का आतंक कम नहीं हो पा रहा है। सोमवार को बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में छत पर बैठी दो बहन नीचे गिरकर घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मोहल्ला अवंतिका नगर निवासी वर्षा व सोनी सोमवार दोपहर घर की छत पर बैठी थीं। इस दौरान छत पर अचानक पहुंचे बंदरों के झुंड ने दोनों बहनों पर हमला बोल दिया। बचाव के लिए भागते समय उनका पैर फिसल गया और दोनों छत से गिरकर घायल हो गईं। परिजनों के शोर मचाने पर मोहल्लेवासी मौके पर जमा हो गए। दोनों बहनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

सार संक्षेप

हवन में आहुति देते आर्य समाज के लोग। ● अमृत विचार

महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई

अमरोहा, अमृत विचार : आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती मनाई। सोमवार को आर्य समाज परिसर स्थित यज्ञशाला में वैदिक यज्ञ अनुष्ठान आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री के ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुआ। यज्ञ में ईश्वर स्तुति, स्वतिवाचनम, शांतिकरणम, महामृत्युजंय मंत्र की आहुतियां दी गई। समाज में सुख, शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य, दीर्घायु, यश, वैभव एवं पर्यावरण की शुद्धि की कामना की गई। आर्य समाज के प्रधान अभय आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद का जीवन चरित्र एक आदर्श एवं मर्यादाओं के पालक महापुरुष का जीवन चरित्र है। उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश रचकर धार्मिक और सामाजिक जगत में व्याप्त अज्ञान, अविद्या, पाखंड एवं कुरीतियों को दूर किया था। इस ग्रंथ का अध्ययन करने पर मनुष्य शारीरिक, आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति करता है। मुख्य यज्ञमान नत्थू सिंह आर्य, अनिल जग्गा ने भजन प्रस्तुत किया। इस मौके पर हेतराम सागर, दिनेश चंद्र रस्तोगी, यशवंत सिंह, अंकुर अग्रवाल, शिवम रस्तोगी, राजीव यादव, कौशल रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

स्कूल का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुराया

हसनपुर, अमृत विचार : उच्च प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये का सामान चुरा लिया। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बाटुपुरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का चोरों ने रविवार की रात ताला तोड़ दिया। इसके बाद कार्यालय में रखा इनवर्टर, बैट्रा और पंखा चुरा कर ले गए। सोमवार की सुबह प्रधानाध्यापक हरिराज सिंह विद्यालय पहुंचे तो कार्यालय के ताला टूटा देख सन्न रह गए। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत ग्राम प्रधान को दी।

कार सवार युवकों का स्टंट करते वीडियो वायरल

गजरौला, अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर कार सवार युवकों ने स्टंटबाजी की। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस वीडियो के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार कर उसकी कार भी कब्जे में ले ली है। सोमवार को वायरल हुए वीडियो में कार सवार तीन युवक स्टंटबाजी करते नजर आ रहे हैं। कार की दोनों खिड़कियों से बाहर निकलकर युवक डांस कर रहे हैं। वहीं इसी बीच उनकी कार के पीछे चल रही दूसरी कार में सवार किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने इस मामले में नाईपुरा निवासी सुनीत को गिरफ्तार कर उसकी कार भी कब्जे में ले ली है।

मेले में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

दूसरे दिन भी बूढ़े बाबू के मठ पर उमड़े भक्त

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव अल्लीपुर स्थित बूढ़े बाबू के मठ पर दूसरे दिन सोमवार को भी भक्तों का सैलाब उमड़ा। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से आए भक्तों ने मठ पर पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं एवं बच्चों ने मेले में जमकर खरीददारी की। दो दिवसीय बूढ़े बाबू के मेले में ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से भक्तों ने पहुंच कर प्रसाद चढ़ाया। श्रद्धालुओं ने तालाब के जल में मुंह, हाथ धोए। मान्यता है कि बूढ़े बाबू की पूजा के बाद तालाब के जल से चर्म रोग दूर हो जाते हैं। मेले में खेल खिलौने, चाट-पकौड़ी एवं सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें लगी थीं। महिलाओं एवं बच्चों ने खूब खरीदारी की। बच्चों व महिलाओं ने झूलों का भी आनंद लिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते रालोद कार्यकर्ता।

चौधरी अजित सिंह की 85वीं जयंती मनाई

मंडी धनौरा, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव वालीपुर में लोकदल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी अजित सिंह की 85वी जयंती मनाई। कार्यकर्ता ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा पर गुड़ बांटकर खुशी का इजहार किया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी अजित सिंह साफ-सुथरी छवि के नेता थे। उन्होंने किसानों के हित में अनेक कार्य किए। हमेशा किसानों, मजदूरों व युवाओं की लड़ाई लड़ने का काम किया। कार्यकर्ताओं ने उनके सिद्धांतों पर चलते हुए रालोद को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सचिन चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ चौधरी योगेंद्र सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजीव राठी, रवि राठी, नितिन धारीवाल, डॉ. राजीव तोमर, कुशवीर तोमर, मोहित सिद्धु आदि मौजूद रहे।

भजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

लक्ष्मी व भगवान नारायण का स्थापना दिवस मनाया

मंडी धनौरा, अमृत विचार : मां संतोषी मंडल ने सोमवार को मोहल्ला सोसाइटी स्थित मां संतोषी मंदिर परिसर में माता लक्ष्मी व भगवान नारायण का स्थापना दिवस मनाया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों व झालरों से सजाया गया। भगवान को नए वस्त्र धारण कराए गए। कार्यक्रम में मां संतोषी मंडल ने माता लक्ष्मी व भगवान नारायण का कीर्तन किया। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि मां संतोषी मंदिर में माता लक्ष्मी व भगवान नारायण की स्थापना 11 फरवरी 2001 को हुई थी। तभी से हर वर्ष लक्ष्मी नारायण भगवान का स्थापना दिवस मनाया जाता है। मंडल की सदस्य कुसुम लता गोयल ने बताया कि लक्ष्मी नारायण के संयुक्त पूजन से सुख-संपत्ति, धन-वैभव और समृद्धि का वरदान मिलता है। इस मौके पर मीना शर्मा, वैशाली अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, निम्मी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

ओवरलोडिंग में दो वाहन किए सीज

संभल अमृत विचार : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता और पीटीओ एम आबदीन अहमद ने वाहनों की चेकिंग की। जिसमें ओवरलोडिंग में दो वाहनों को सीज किया। लोगों द्वारा सीट बेल्ट नहीं लगाने पर पांच, बिना लाइसेंस वाहन चलाने में दो वाहनों का चालान किया। वाहन चालकों और परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। नियमों की जानकारी भी दी।

राजमिस्त्री पर लगाया धमकी देने का आरोप

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव चमरौआ निवासी संजय ने सोमवार को राजमिस्त्री के खिलाफ गाली गलौज करने व धमकी देने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि निर्माणाधीन मकान में लेंटर ड़ालने की तैयारी की जा रही थी। अचानक से 30 जनवरी की सुबह टांड का झूला खोलते समय गिरी दीवार के मलबे में दबकर संजय घायल हो गया था। तीन दिन बाद ही मकान की एक ओर दीवार गिर गई। जिससे संजय को हजारों रुपये का नुकसान हो गया। दीवार गिरने की शिकायत करने पर राजमिस्त्री संजय के साथ गाली गलौज करने लगा और काम बंदकर धमकी देते हुए भाग गया।

सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकराई बोलेरो

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई असदपुर मार्ग पर अचानक से सामने आए ई रिक्शा को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर एक बोलेरो कार सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गई। वहीं हादसे के बाद आगे लेकर जा रहा चालक दूसरी बोलेरो कार छोड़कर भाग गया। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव हरगोविंदपुर निवासी ग्राम प्रधान पति करन सिंह सोमवार की शाम सात बजे बोलेरो में सवार होकर दवथरा गांव जा रहा था। जुनावई असदपुर मार्ग पर दवथरा गांव के पास आगे चल रही बोलेरो चालक ई रिक्शा को ओवरटेक करते हुए आगे निकल गया। इसके बाद अचानक से ई रिक्शा करन सिंह की बोलेरो के आगे आ गया। बोलेरो के आगे ई रिक्शा को देखकर करन सिंह घबरा गया और अनियंत्रित होकर बोलेरो सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गई।

संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ मंच की व्यवस्था देखते मुख्य सचिव व डीजीपी।

संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में डीएम मनीष बंसल को निर्देश देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री बोले, संतों व आगंतुकों को न हो दिक्कत

श्री कल्कि धाम के लिए बनने वाले गर्भगृह और हेलीपैड का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया निरीक्षण

कल्कि धाम शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर तैयारियों को देखा। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाये। यह भी ध्यान रखें कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को कोई परेशानी न झेलनी पड़े।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सुबह 11 बजकर 18 मिनट पर हेलीकॉप्टर से ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। यहां कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम व भाजपा पदाधिकारियों के साथ मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा व डीजीपी प्रशांत कुमार आदि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल्कि धाम शिलान्यास का कार्यक्रम स्थल पर गर्भगृह, सभा मंच और हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन के लिए की जा रही सभी तैयारियों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों के बारे में विस्तार से जाना साथ ही अधिकारियों से गर्भगृह और वीवीआईपी सहित अन्य आगंतुकों के प्रवेश व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने साफ कहा कि आगंतुकों खासकर संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व डीएम मनीष बंसल आदि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल व आसपास के इलाके को समतल करा लिया गया है। साथ ही मिट्टी से गड्ढे भरवा लिए गए हैं। इसके अलावा छह हेलीपैड भी बनाए जा रहे हैं। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, डीआईजी मुनिराज, डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू आदि मौजूद रहे।

- ऐंचोड़ा कंबोह में श्री कल्कि धाम का शिलान्यास करने प्रधानमंत्री मोदी 19 को आयेंगे
- योगी आदित्यनाथ ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, कहा,समय से करें काम पूरा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हाथ जोड़कर अभिवादन करते भाजपा नेता परमेश्वर लाल सैनी।

भाजपा पदाधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

सड़कों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कराएं

संभल, अमृत विचार : मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐंचोड़ा कंबोह तक आने वाले सभी मार्गों पर सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराई जाए। मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया जाए। साथ ही शौचालय और पानी के टैंकर की व्यवस्था की जाए। हेलीपैड को भी समय पर पूरा करा लिया जाए। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट रहे और एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

कार्यक्रम स्थल पर महिला सफाई कर्मचारी हुई बेहोश

संभल, अमृत विचार : कल्किधाम ऐचोडा कंबोह में मुख्यमंत्री के आगमन से पहले साफ सफाई के अभियान में जुटी महिला सफाई कर्मचारी अचानक चक्कर आने से बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। आनन फानन में महिला सफाई कर्मचारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। संभल तहसील क्षेत्र के गांव ऐचोड़ा कंबोह में सोमवार को साफ सफाई कराई जा रही थी। जिसमें अन्य सफाई कर्मचारियों के साथ साथ बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पाठकपुर निवासी यादवीर की पत्नी सफाई कर्मचारी गुड्डन की भी ड्यूटी लगी थी। साफ सफाई करते समय गुड्डन को अचानक से चक्कर आने लगे। चक्कर आने की शिकायत गुड्डन ने साथी अन्य सफाई कर्मचारियों से की। इससे पहले अन्य सफाई कर्मचारी गुड्डन को संभालते वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। जिससे सफाई कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए और आनन फानन में गुड्डन को निजी वाहन से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उपचार के लिए भर्ती कराया।

जिला अस्पताल में भर्ती सफाई कर्मचारी।

सुरक्षा इंतजाम ऐसा रहा कि परिंदा भी नहीं मार सके पर

कार्यालय संवाददाता, संभल

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर अलर्ट मोड पर रहा पुलिस प्रशासन

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 फरवरी को ऐंचौड़ा कम्बोह में स्थित श्री कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में आने से पहले सोमवार को जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तैयारियों को परखने के लिए पहुंचे तो कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे। सैदनगली-मनोटा मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की मुस्तैदी के साथ ही आधा दर्जन स्थानों पर बैरियर लगाए गए। मार्ग पर बसों के साथ ही आम वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रही। मुख्यमंत्री जब तैयारियों को देखने के बाद चले गए तो अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

ऐंचौड़ा कम्बोह में स्थित श्री कल्कि धाम में पिछले कई दिनों से शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा तैयारियों को देखने के लिए आना था, तो पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहा। सैदनगली से मनोटा की तरफ जाने वाले मार्ग पर हरेक एक किलोमीटर की दूरी पर पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी रही तो करीब आधा दर्जन स्थानों पर बैरियर लगाए गए ताकि कोई आम वाहन मार्ग पर न जा सके। मार्ग पर सिर्फ भाजपा पदाधिकारियों और श्री कल्कि धाम से जुड़े सेवादारों के वाहन ही दौड़े। इतना ही नहीं, इन वाहनों को भी चेकिंग और जानकारी लेने के बाद ही आगे बढ़ने दिया गया। मार्ग पर प्राइवेट बसों के साथ ही आम वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रही। सुबह करीब 11.16 बजे जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकाप्टर ऐंचौड़ा कम्बोह गांव के ऊपर घूमा तो पुलिस कर्मी और भी ज्यादा अलर्ट हो गए। 11.18 बजे मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर हेलीपेड पर उतरा तो उसके बाद पुलिस कर्मियों के साथ ही अधिकारियों की धड़कनें भी बढ़ने लगी। शिलान्यास कार्यक्रम स्थल के आसपास घरों की छतों पर भी पुलिस कर्मी पोजीशन लेकर कड़ी निगरानी करते नजर आए। कल्कि धाम की तरफ जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ दुकानें बंद करा दी गईं। यह व्यवस्था सुरक्षा इंतजामों को लेकर की गई। पुलिस भी लगातार मार्ग पर गश्त करती रही।

सार-संक्षेप

सीएम बोले, दो दिन में किसानों को दिया जाए मुआवजा

संभल, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के दौरान अधिकारियों से न सिर्फ किसानों के नुकसान के बारे में जानकारी ली। बल्कि दो दिनों के भीतर किसानों को नुकसान का मुआवजा दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान मुआवजा से वंचित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से पूछा कि शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कितने किसानों की फसलें काटी गई हैं। किसानों का कितना नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री से अधिकारियों से किसानों के नुकसान का ब्योरा लिया। उन्होंने कहा कि शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर किसानों का जितना भी नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा उन्हें दिया जाए। किसानों को दो दिनों के भीतर ही मुआवजा वितरित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि कोई भी किसान मुआवजा से वंचित नहीं रहना चाहिए। मुआवजा वितरण के काम को अधिकारी गंभीरता से लेकर पूरा कराएं।

प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे किसान

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पंवासा ब्लाक क्षेत्र के गांव मुजाहद्दीनपुर में बैठक का आयोजन किया। बैठक में चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर 19 फरवरी को संभल आ रहे प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कहा कि सरकार ने 31 दिसंबर तक छुट्टा पशुओं को गोशाला में संरक्षित कराने का वायदा किया था, लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है। साथ ही किसानों से खेती बाड़ी के काम छोड़कर 16 फरवरी को भारत बंद में शामिल होने की अपील की।

अंडरपास निर्माण की मांग को किसानों का धरना जारी

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरना जारी रखा। किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन इंस्पेक्टर कैला देवी को सौंपकर अंडरपास निर्माण के साथ की अन्य मांगें उठाई। भाकियू असली से जुड़े किसान सोमवार को भी धरना पर बैठे रहे। किसानों ने इंस्पेक्टर कैला देवी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि गांव हिसामपुर और भटौला के बीच गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है लेकिन कार्यदायी संस्था और जिला प्रशासन गंभीर नहीं है। किसानों के हित में अंडरपास का निर्माण शुरू कराया जाए। छुट्टा गोवंश पशुओं से निजात दिलाने और मक्का खरीद के लिए जनपद संभल में क्रय केंद्र स्थापित करने की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, जयवीर सिंह यादव, चंद्रप्रकाश शर्मा, चौधरी अर्जुन सिंह, आशिक रजा, ओमप्रकाश, विकास गौतम, जसवंत सिंह, मुकेश कुमार, मुख्तार अहमद, सत्यभान शर्मा आदि रहे।

भारतीय नौ सेना अधिकारियों की रिहाई को लेकर मिठाई खिलाते समिति के कार्यकर्ता।

भारतीय नौसेना अधिकारियों की रिहाई पर बांटी मिठाई

संभल, अमृत विचार : जिला संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कतर देश में भारतीय नौसेना के अधिकारियों को रिहा किए जाने पर खुशी का इजहार किया। पदाधिकारियों ने मिठाई बांटकर कतर सरकार का धन्यवाद दिया। जिला संघर्ष समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर पहुंचे। जहां भारतीय नौसेना के अधिकारियों की रिहाई को लेकर मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। कहा कि भारत और कतर सरकार के लोग इस निर्णय से बहुत खुश हैं। दोनों सरकारों के बीच मधुर संबंध हैं और कतर सरकार ने भी मित्रता को बखूबी निभाया है। हमारे नौसेना के अधिकारियों को रिहा किया है। डॉ.मुहम्मद नाजिम, चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट, कमांडर अली ने विचार रखे। इस दौरान सफदर अली, मोहसिन अली, महावीर यादव, कैलाश सिंह, रामपाल, चौधरी वसीम एडवोकेट, नवाब साद आदिल आदि मौजूद रहे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की जयंती मनाई

संभल, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की जयंती मनाई। जयंती के मौके पर हवन और गोष्ठी का आयोजन कर विचार रखे। गोष्ठी में रालोद जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास ने चौधरी अजीत सिंह के बारे में किसानों और कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। कहा कि उन्होंने हमेशा किसानों, गरीबों, मजदूरों की लड़ाई लड़ी। आज जो किसान चीनी मिलों में गन्ना डाल रहे हैं, यह चौधरी अजीत सिंह की देन है। इस दौरान चौधरी विमल सिंह, रफी खान, चौधरी जसवंत सिंह, चौधरी डॉ.वीपी सिंह, मौअज्जम खान, बाबू खान, खलील अहमद खान, फिरोज हैदर, रवींद्र यादव, संत महीपाल सिंह आदि रहे। संचालन विकार हैदर एडवोकेट ने किया।

स्वंयसेवकों ने श्रमदान कर सफाई के प्रति किया जागरूक

संभल अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार और सचिन कुमार के निर्देशन में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में डॉ.राष्ट्र वर्धन ने स्वयंसेवकों के साथ अनुभव साझा किए। स्वच्छता के प्रति जागरूकता के बारे में बताया। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों को समाज के लोगों को प्रदूषण कम करने के लिए जागरूक करने का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने प्रदूषण के कारण और निवारण को लेकर विचार रखे।

उत्पीड़न के विरोध में संविदा कर्मियों का धरना

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : संविदा कर्मियों के शोषण और उत्पीड़न के विरोध में उत्तर पावर कारपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले एसएसओ, लाइनमैन, मजदूर व कंप्यूटर आपरेटर आदि कर्मचारियों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार कर खंड कार्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन किया।

धरना पर बैठे निविदा- संविदा कर्मचारियों की ओर से अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार को दिए गए ज्ञापन में आउटसोर्सिंग कंपनी डब्ल्यूसीएस के सुपरवाइजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि संविदा कर्मियों को बिना किसी कारण काम से हटा दिया जाता है। स्थानांतरण किए जा रहे हैं। मांग उठाई कि लाइनमैनों को लेबर अधिनियम के अनुरूप मानदेय दिया जाए। संघ के मुकेश चंद ने कहा कि विभाग से ठेकेदारी प्रथा खत्म की जाए।

कर्मचारियों को सीधे विभाग की ओर से संविदा पर रखा जाए। जिससे बीच में कर्मचारियों का हक न मारा जाए। इस दौरान सत्यनारायण, प्रमोद कुमार, सुनील, भुवनेश, महावीर, विजेंद्र शर्मा, अवधेश और जसवीर आदि संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

- संविदा कर्मियों ने मांगों के समर्थन में अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

बबराला में खंड कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे संविदा कर्मचारी। ● अमृत विचार

युवक की हत्या कर शव पुल से गंगा में फेंका

संभल/रजपुरा,अमृत विचार : जनपद संभल और बुलंदशहर की सीमा पर बने अनूपशहर गंगा पुल से युवक की हत्या कर शव को गंगा में फेंक दिया गया। शव मिलने से सनसनी फैल गई। अनूपशहर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

अनूपशहर गंगा पुल से सोमवार को गुजरने के दौरान लोगों को नीचे गंगा में युवक का पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना अनूपशहर पुलिस को दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लिया। युवक के शरीर पर जख्मों के निशान थे।

मौके के हालात को लेकर चर्चा रही कि पुल पर ही हत्या करने के बाद युवक का शव नीचे गंगा में फेंका गया होगा।

सड़क पर नाचते रहे बराती एंबुलेंस में कराहती रही महिला

संवाददाता, संभल

- एंबुलेंस इस जाम में फंस गई,चालक सायरन बजाता रहा

अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र में बरात चढ़त के दौरान संभल हसनपुर मार्ग पर जाम के हालात बने गये। गर्भवती महिला को प्रसव के लिए लेकर जा रही एंबुलेंस 20 मिनट तक जाम में फंसी रही। डीजे, बाजे और पटाखों की आवाज के शोर में एंबुलेंस का सायरन दबकर रह गया। लेकिन किसी ने एंबुलेंस को जाम से निकालने की जहमत नहीं उठाई।

थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर मुहल्ला हिंदुपुरा खेड़ा से आगे स्थित पैलेस में रविवार की शाम विवाह का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें शामिल होने के लिए रिश्तेदारों के साथ साथ कई रसूखदार लोग भी अपने वाहन लेकर पहुंचे थे। जिससे पार्किंग की जगह कम पड़ गई और लोगों ने सड़क के दोनों ओर अपने वाहन खड़े कर दिए। जिससे बरात चढ़त के दौरान आधा किलोमीटर से भी लंबा जाम लग गया। देर रात गर्भवती महिला को प्रसव के लिए लेकर जिला अस्पताल जा रही एंबुलेंस भी इस जाम में फंस गई। चालक जाम से निकलकर दर्द से कराह रही गर्भवती को जल्दी जिला अस्पताल पहुंचाने के लिए लगातार एंबुलेंस का सायरन बजाता रहा। बेंड बाजा, डीजे और पटाखों की आवाज में सायरन की आवाज दबकर रह गई। एंबुलेंस को देखकर किसी ने न ही आगे निकलने के लिए रास्ता नहीं दिया और न ही किसी ने एंबुलेंस को जाम से निकालने का प्रयास किया।

रोजगार मेले में 107 युवाओं का हुआ चयन, मिली नौकरी

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में लगे रोजगार मेले में कंपनियों ने 107 युवाओं का चयन किया। युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए।

पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत नगर में राजघाट रोड स्थित आईटीआई में रोजगार मेला का शुभारंभ नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मेले में एसआईएस सिक्योरिटी देहरादून, फैशन स्क्वायर नोएडा, हिमवैन ट्रेडर्स गाजियाबाद, पेडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, बालाजी मेन पावर प्राइवेट लिमिटेड, पुखराज हेल्थ केयर और डीवीजी टेक इंडिया आदि कंपनियों ने हिस्सा लिया। कंपनियों के अधिकारियों ने युवाओं का साक्षात्कार लिया। 198 में से 107 युवाओं का चयन किया गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन हर्ष वर्धन ने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। जिसके बाद युवाओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान जिला समन्वयक पवन सिंह भदौरिया, एडीओ आईएसबी उमेश कुमार, कासिफ अली, सीएम फैलो राहुल कुमार, सचिव महेश कुमार, अनुज वर्मा, डॉ. नवदीप, डॉ. रहमान, आकाश मेडिकल, नितिन आइडिया, प्रशांत वार्ष्णेय, हेमपाल सिंह आदि रहे। संचालन भोजराज सिंह ने किया।

रोजगार मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय।

एसडीएम ने घायल को भिजवाया अस्पताल

संभल, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। कल्कि धाम से आ रहे डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा ने चालक सहित कार को पकड़ लिया और उपचार के लिए घायल को जिला अस्पताल भिजवाया।

थाना क्षेत्र के गांव मंसूरपुर माफी निवासी हाजी असकार सोमवार की शाम साढ़े पांच बजे बाइक पर सवार होकर नखासा थाना क्षेत्र के गांव नाठेर से अपने घर जा रहा था। संभल जोया मार्ग पर सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे हाजी असकार गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। कल्किधाम से आ रहे डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार मिश्रा ने चालक सहित कार को पकड़ लिया। और घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर हाजी असकार को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

संभल से गजरौला रेल लाइन समेत कई मांगें उठाई, सौंपा मांत्र पत्र

संवाददाता,संभल

अमृत विचार : भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ मुरादाबाद के विभाग संयोजक संजय सांख्यधर ने मुख्यमंत्री को विभिन्न घोषणाओं को लेकर मांत्र पत्र सौंपा।

जिसमें प्रधानमंत्री से संभल को गजरौला तक रेल लाइन से जोड़ने, रझेड़ा सलेमपुर पर आर्मी कैंपिंग ग्राउंड की भूमि 16.01 एकड़ डिफेंस लैंड पर सैनिक स्कूल की स्थापना, संभल में साम्प्रदायिक संवेदनशीलता हेतु हिंदुओं की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल की बटालियन की स्थापना की मांग की।

वहीं मुख्यमंत्री से घोषणा हेतु प्रस्ताव में संभल नगर को धार्मिक पर्यटक नगरी घोषित करने, रोडवेज डिपो के फंक्शन की घोषणा किए जाने, संभल नगर में स्वीकृत रोडवेज बस अड्डे का शिलान्यास कराने की मांग रखी। संभल के प्रस्तावित जिला मुख्यालय को संभल बहजोई मार्ग पर गांव किसौली से खिरनी मोहम्मदपुर तक गंगा एक्सप्रेस वे निकट मध्य बिंदु पर स्थापित करने, गंगा एक्सप्रेस वे पर बन रहे औद्योगिक कॉरिडोर में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का हव घोषित करने, संभल-अनूपशहर स्टेट हाईवे को फोर लेन स्वीकृत करने, अनूपशहर गंगा पुल पर 500 मीटर का पक्का घाट एवं शमशान स्थल एवं जनसुविधाओं नमामि गंगे प्रोजेक्टर के तहत स्थापित करने की मांग उठाई।

- भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ मुरादाबाद के विभाग संयोजक ने रखी मांगें
- केंद्रीय सुरक्षा बल की बटालियन की स्थापना भी की जाए

परिक्रमा मार्ग निर्माण व पयर्टक नगरी घोषित करने की मांग

संभल अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष संभल के लिए कई मांगें रखी। उन्होंने कहा कि संभल में 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा मार्ग का निर्माण कराया जाए। 68 तीर्थों के विकास कराने की मांग रखी। वहीं संभल को पयर्टक नगरी घोषित किए जाने की मांग भी उठाई।

जौहर स्मारक का जीर्णोद्धार कराया जाए

संभल अमृत विचार : भाजपा मंडल अध्यक्ष पंवासा अवधेश प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर जौहर स्मारक का जीर्णोद्धार कराने की मांग रखी। कहा कि 17 नवंबर 1777 ई. में पंवासा के लोगों द्वारा मुगल आक्रांताओं से लड़ाई के दौरान 285 महिलाओं द्वारा अपनी अस्मिता को बचाने के लिए जौहर किया था। जिसका एक स्मारक पंवासा में बना हुआ है।

एक नजर

नलकूप चलाते समय करंट से झुलसा युवक

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में नलकूप स्टार्ट करने के दौरान करंट से युवक गंभीर रुप से झुलस गया। थाना क्षेत्र के गांव रिबाडा निवासी 22 वर्षीय अवधेश सोमवार को नलकूप से फसल की सिंचाई करने खेत पर गया था। खेत पर लगे नलकूप के स्टार्टर में करंट आ रहा था। जैसे ही अवधेश ने नलकूप चलाने के लिए स्टार्टर को पकड़ा। वह करंट से गंभीर रुप से झुलस गया। आसपास के लोगों ने अवधेश को तड़पते देखा तो अवधेश को तार से अलग किया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर अवधेश को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

आवास योजना के नाम पर ठगे सवा लाख

उझानी(बदायूं), अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर जालसाजों द्वारा एक महिला से करीब सवा लाख रुपये ठग लिए गए। उनके द्वारा रुपये किस्तों में लिए गए लेकिन योजना का लाभ न मिल सका। इसके बाद पीड़ित महिला ने संबंधित के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोरखपुर के चार बहन-भाई चन्दौसी में भटके

बरेली की बजाए चन्दौसी पहुंचे, बच्चों को आज परिजनों के सुपुर्द करने जाएगी आरपीएफ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: गोरखपुर से बरेली जाने को बापूधाम मोतिहारी से आनंद विहार जाने वाली चम्पारन सत्याग्रह एक्सप्रेस में बैठे चार भाई-बहन चन्दौसी पहुंच गए। ट्रेन यहां रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो आरपीएफ ने बच्चों को उतार लिया। बच्चों को बरेली में अपनी बड़ी बहन के घर जाना था। यह ट्रेन बरेली नहीं जाती है, बल्कि चनहेटी से वाया चन्दौसी आती है। बाल कल्याण समिति ने बच्चों को माता-पिता के घर छोड़ने के आदेश दिए हैं। बच्चे बरेली में अपनी बहन व बहनोई के घर का पता नहीं बता पा रहे हैं।

गोरखपुर के श्रीकृष्णा कालोनी निवासी किशन कुमार मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करता है। उनकी बड़ी पुत्री पूजा की शादी बरेली में अमन नामक युवक से हुई है। पूजा के छोटे चार

चन्दौसी सीएचसी में बच्चों का मेडिकल करा कर लौटती आरपीएफ। ● अमृत विचार

- **बच्चे बरेली में अपनी बहन और बहनोई के घर का पता भी नहीं बता सके**

बहन-भाई अपनी बड़ी बहन के घर बरेली जाने की की जिद कर रहे थे। पिता ने अपनी पुत्री निशा 15 वर्ष, निभा 11 वर्ष, अमिता 7 वर्ष व पुत्र कन्हैया 9 वर्ष को रविवार की रात गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बापूधाम मोतिहारी से आनंद विहार तक जाने वाली चम्पारन सत्याग्रह एक्सप्रेस के जनरल कोच में बरेली जाने को बैठा दिया। मगर वह यह नहीं जानते थे कि यह ट्रेन बरेली रेलवे स्टेशन पर नहीं जाती है। सोमवार की सुबह 12 बजे जब एक्सप्रेस ट्रेन चनहेटी से वाया चन्दौसी आने लगी तो ट्रेन में सवार बच्चे रोने लगे। कोच में सवार यात्रियों ने घटना से ट्रेन में टीटी से संपर्क किया और बच्चों के गलत ट्रेन में बैठने की बात बताई। तब टीटी से आरपीएफ चन्दौसी को सूचना दी और बच्चों को रेलवे स्टेशन पर उतारने को कहा। दोपहर दो बजे ट्रेन चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। आरपीएफ ने जनरल कोच में यात्रा कर रहे बच्चों को उतार लिया। इसके बाद सीएचसी में बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष लेकर पहुंचे। मगर समिति ने बच्चों को अपने सुपुर्द लेने से इनकार कर दिया और बच्चों को उनके माता-पिता के पास छोड़ने का आदेश दिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर लोकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को ट्रेन से बच्चों को गोरखपुर परिजनों के पास भेजा जाएगा। बताया कि बच्चे बरेली में अपनी बहन व बहनोई के घर का पता नहीं बता पा रहे हैं। जिससे उन्हें गोरखपुर ही परिजनों के पास भेजा जा रहा है।

जूता दुकानदार पर हमले में तीन सगे भाई नामजद

चन्दौसी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जारई गेट पर रविवार की शाम जूता दुकानदार के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई। धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन सगे भाईयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला गोलागंज निवासी रियाज अहमद पुत्र फैज मौहम्मद ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी जारई गेट पर जूता-चप्पल की दुकान है। कुछ लोग जबरन दुकान छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। रविवार की शाम करीब पांच बजे उसका बेटा नाजिम दुकान पर बैठा था। उसी समय तीन सगे भाई दुकान पर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगे। इसी दौरान वह भी दुकान पर पहुंच गया। हमलावरों ने गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। उसने हाथों से रोक लिया। जिससे हाथ में चोट आयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सगे भाई शालू कुरैशी, अमजद कुरैशी, शबाब कुरैशी निवासी मोहल्ला कुरैशियान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सार-संक्षेप

भगवान के चौबीस अवतारों का भावपूर्ण वर्णन

चन्दौसी, अमृत विचार : नगरी के सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया और भजनों पर झूम उठे। श्रीकृष्ण के जयकारे भी गूंजते रहे। कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री रामायणी ने भगवान के चौबीस अवतारों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कपिल भगवान का अवतार, उनकी माता देवहूति से परम कल्याणप्रद संवाद तथा श्रीकृष्ण का उद्धव से भक्तिजन्य संवाद एवं वेदव्यास, शुकदेव व राजा परीक्षित के जन्म आदि की कथाओं भावपूर्ण वर्णन किया। कथा का श्रवण कर श्रद्धालु भक्ति-भाव से ओत-प्रोत हो गए। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संतोष जैन, प्रमोद अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी, रमेश अधीर, अनूप अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, जयशंकर दुबे, बालेंदु गोयल समेत तमाम महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री रामायणी।

कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने न्यायालय के आदेश पर दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। न्यायालय ने ठगी के दो आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट व कुर्की के आदेश जारी किए थे। इसके बाद भी आरोपी हाजिर नहीं हुए। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सदाकत अली ने दी तहरीर में कहा है कि धोखाधड़ी के मामले में सतीश निवासी ग्राम मालवी थाना जुलाना जनपद जींद (हरियाणा) व अजमेर उर्फ नन्हा व विनोद निवासी ग्राम रिंढाणा थाना बरौदा जिला सोनीपत (हरियाणा) के विरुद्ध पूर्व में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक आरोपी सतीश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मगर अजमेर व विनोद की गिरफ्तारी होनी शेष है। फरार आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय से पांच दिसंबर 2023 को गैर जमानती वारंट व 19 दिसंबर 2023 धारा 82 में कुर्की के आदेश किए थे। इसके बाद भी दोनों आरोपी न्यायालय व पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए और न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर फरार हैं। अब न्यायालय के आदेश पर दोनों के विरुद्ध धारा 174ए के तहत कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती मनाते समिति के लोग। ● अमृत विचार

महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की जयंती मनाई

चन्दौसी , अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से महान समाज सुधारक, स्वतंत्रता आंदोलन के सूत्र धार, आर्य समाज के संस्थापक, वैदिक संस्कृति के प्रचारक महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की जयंती सोमवार को खुर्जा गेट स्थित दयानंद प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती 19वीं शताब्दी के महान समाज सुधारक, चिंतक, देशभक्त, आध्यात्मिक गुरु, सन्यासी योद्धा, वेदांत के ज्ञाता थे। स्वामी दयानंद जी ने ही स्वराज का नारा दिया, जिसे बाद में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने आगे बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. दुर्गा टंडन ने की। संचालन दिनेश चंद्र गुप्ता ने किया। अभिषेक कुमार गुप्ता, वेदराम मौर्य, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, डॉ. शीतल गहलोत, डॉ. प्रियंका, सीता गुप्ता, अंकित मौर्य ने विचार व्यक्त किए। अनुष्का गुप्ता, खुशबू गुप्ता, आरती गुप्ता, संजना राठौर, मानसी चौहान, ऐलिस, अंजू, कजरी, मन्तशा, नाजमीन, संध्या ने भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

सुरक्षा व्यवस्था में बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाएं व प्रश्नपत्र पहुंचे

संवाददाता, बहजोई

- **डीआईओएस दफ्तर में सशस्त्र पुलिस कर्मियों की सुरक्षा में रखे गए प्रश्नपत्र**
- **डीएम की अनुमति के बाद जनपद के 77 परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेंगे प्रश्न पत्र**

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जनपद में 77 परीक्षा केंद्रों पर होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाएं व प्रश्नपत्र सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंच गए हैं। इन्हें बहजोई में डीआईओएस कार्यालय के स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के बीच रखा गया है।

जिलेभर में हाईस्कूल के 27 हजार 786 और इंटरमीडिएट के 22 हजार 950 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके लिए डीआईओएस कार्यालय में बने स्ट्रांग रूम में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सीपी सिंह की मौजूदगी में स्टाफ ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच उत्तर पुस्तिकाओं और प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाया। यहां सशस्त्र पुलिस कर्मियों की निगरानी शुरू हो गई। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया कि जिलाधिकारी से अनुमति के बाद एक तिथि नियत की जाएगी।

इसके बाद ये 77 परीक्षा केंद्रों पर पहुंच जाएंगे। इसकी जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक पर होगी। डीआईओएस वेदराम ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाएं जनपद पर पहुंच गई हैं। जल्द ही इन्हें सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।

तीन ग्रहों संग शुभ संयोग में मनाई जाएगी बसंत पंचमी

चन्दौसी, अमृत विचार: प्रत्येक वर्ष माघ माह में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। जो कि इस बार 14 फरवरी को ही मनाया जाएगा। तीन ग्रहों के साथ शुभ संयोग में बसंत पंचमी मनाई जाएगी।

आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने बताया कि यह पर्व मुख्य रूप से ज्ञान, विद्या, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन मां सरस्वती की विषेश पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही इस दिन से ही बसंत ऋतु की शुरुआत होती है। जो कि इस बार मकर राशि में बुध मंगल और शुक्र एक साथ रहेंगे। माघ महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि की शुरुआत 13 फरवरी को दोपहर 02:41 बजे से अगले दिन 14 फरवरी को दोपहर 12:09 बजे तक का है। इसलिए बसंत पंचमी का पर्व 14 फरवरी को मनाया जाएगा।

ओवरब्रिज निर्माण में देरी का मुद्दा उठाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: एंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम भूमि पूजन समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर स्थानीय भाजपा नेताओं ने रेलवे क्रासिंग 36बी पर ओवरब्रिज निर्माण शुरू होने में आ रही देरी का मुद्दा उठाया।

बता दें कि रेलवे क्रासिंग 36बी पर पिछले 10 वर्ष से अधिक समय से ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही है। सामाजिक, किसान व राजनीतिक दलों ने आंदोलन किए। माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने पैरवी की। परिणाम स्वरुप शासन ने ओवरब्रिज निर्माण को हरी झंडी देते हुए धनराशि की दो किस्त भी जारी कर दीं हैं। रेलवे के बड़ौदा हाउस से एनओसी जारी भी कर दी लेकिन अभी तक नक्शा पास नहीं हो सका है। जिससे निर्माण शुरू होने में देरी हो रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री जब कल्कि धाम भूमि पूजन समारोह की समीक्षा बैठक में पहुंचे। समीक्ष बैठक में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोड़ा व नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने ओवरब्रिज निर्माण का मुद्दा मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। कहा कि ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया अन्तिम चरण में है। रेलवे बड़ोदा हाउस से नक्शा पास होना बाकी है। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को आदेश दिया कि वह महाप्रबंधक रेलवे से तत्काल बात करें। इसके बाद मुख्य सचिव ने विस्तार से भाजपा नेताओ से जानकारी ली।

ओवरब्रिज निर्माण को लेकर मुख्य सचिव को जानकारी देते भाजपा नेता।

- **मुख्य सचिव ने स्थानीय भाजपा नेताओं से जानकारी ली**
- **रेलवे से नक्शा पास होने में देरी से ओवरब्रिज निर्माण शुरु होने में आ रही दिक्कत**

यातायात नियमों के प्रतीक चिन्ह बनाकर पोस्टर दिखातीं स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

पोस्टर बनाकर यातायात नियम बताए

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वितीय एक दिवसीय शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवियों ने श्रमदान करके साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता में स्वयंसेवियों ने प्रतीक चिन्ह बनाकर नियमों के प्रति जागरूक किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर में प्रथम सत्र में स्वयंसेवियों ने श्रमदान कर साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। आम जन को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। दूसरे सत्र में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। स्वयंसेवियों ने प्रतीक चिन्हों को कागज पर उकेरा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अभिमन्यु टोली, द्वितीय स्थान पर मदर टेरेसा, तृतीय स्थान पर इंदिरा गांधी टोली रही। प्राचार्य ने स्वयंसेवियों को सड़क यातायात से संबंधित प्रतीक चिन्हों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान गौरव कुमार, मनोज कुमार यादव, निधि राघव, संजय कुमार, डॉ. रामचंद्र, सलौनी रस्तोगी, श्रीनिवास सिंह यादव, पूजा शर्मा, प्रीति शर्मा, अलका धीमान का सहयोग किया।

नकलविहीन परीक्षा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं

संवाददाता, बहजोई

- **परीक्षा केंद्रों पर नकल हुई तो संबंधित के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई**
- **जनपद के 77 परीक्षा केंद्रों पर कराई जाएगी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा**

अमृत विचार : जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण कराए जाने को लेकर डीएम व एसपी ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। नकलविहीन परीक्षा कराई जाने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र पर नकल होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

एचडी रिसोर्ट में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल ने बोर्ड परीक्षा को लेकर की गई अब तक की तैयारी की समीक्षा की। डीआईओएस वेदराम ने बताया कि जनपद में 77 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट, एक केंद्र व्यवस्थापक, एक अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है, जो परीक्षा नकलविहीन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों,कर्मचारियों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगी है, वह परीक्षा को नकलविहीन शांतिपूर्ण संपन्न कराएंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई परीक्षार्थी नकल करते पाया गया या यह प्रतीत हुआ कि परीक्षा केंद्र पर लगे केंद्र व्यवस्थापक या अन्य किसी की भूमिका संदिग्ध है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पाइप लाइन फटने से जलभराव

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद की पेयजल पाइप लाइन फटने से जारई गेट एवन टेलर वाली गली में जलभराव से लोग जूझ रहे हैं। पिछले दो दिन से लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। समस्या का समाधान नहीं होने पर स्थानीय लोगों में रोष है। जलनिगम द्वारा नगर में पेयजल पाइप लाइन बिछाई गई थी। हालांकि जलनिगम ने कार्य निपटा कर पालिका को सौंप दिया है। अब जगह-जगह पाइप लाइन में लीकेज हो रही है।दो दिन से एवन टेलर वाली गली में पाइप लाइन फटने से जलभराव हो गया है। जब प्रेशर आता है तो जलभराव अधिक हो जाता है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। क्योंकि जलभराव के दौरान दुकान पर ग्राहक नहीं पहुंचते। स्थानीय लोगों ने पालिका से शिकायत कर समस्या समाधान की मांग की है।

क्रिकेट टूर्नामेंट चन्दौसी इंटर कॉलेज में हो रहा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, आज खेला जाएगा फाइनल मुकाबला

सीआईसी और एफआर इंटर कॉलेज फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: चन्दौसी इंटर कॉलेज (सीआईसी) के क्रीड़ा मैदान में सीआईसी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट के तीसरे दिन का आरंभ समाजसेवी माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सोमवार को पहला सेमीफाइनल मैच सीआईसी व सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली के बीच हुआ। जिसमें सीआईसी ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले खेलते हुए बल्लेबाजों ने निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए। नरौली के गेंदबाज रिहान ने 02, मनीष व फरदीन ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नरौली की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी। जबकि सीआईसी के गेंदबाज विशेष ने 4, प्रशांत व आदित्य ने एक-एक विकेट लिया। सीआईसी ने 48 रनों से मैच जीत फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार विशेष को दिया गया।

चन्दौसी इंटर कॉलेज में सेमीफाइनल के दौरान शाट लगाता खिलाड़ी।

दूसरा सेमी फाइनल एफआर इंटर कॉलेज व सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ी के बीच खेला गया। जिसमें एफआर इंटर कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए निर्धारित 12 ओवर में 09 विकेट के नुकसान पर 95 रन बनाए। जिसमें रेहान ने नाबाद 29, आशिक ने 13 रनों का सहयोग किया। सरस्वती इंटर कॉलेज के गेंदबाज मयंक, कुलदीप, दुजेंद्र व शिवम ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरस्वती इंटर कॉलेज की टीम 11 ओवर में 65 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। एफआर के गेंदबाज अनस ने 4, रागिब ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनस को दिया गया। मंगलवार को सीआईसी व एफआर इंटर कॉलेज के बीच फाइनल होगा।

हस्त कला में नैना व वाद-विवाद में सिम्मी अव्वल

चन्दौसी, अमृत विचार : एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज के शिक्षा संकाय में सोमवार को हस्त कला व वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड एवं एमएड की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। हस्तकला प्रतियोगिता में 15 छात्राओं ने अनुपयोगी वस्तु से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध देशहित में आवश्यक है विषय पर छह छात्राओं ने प्रतिभाग कर पक्ष व विपक्ष में विचार व्यक्त किए। हस्त कला प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा नैना वार्ष्णेय ने प्रथम, बीएड द्वितीय वर्ष की पूर्वी वार्ष्णेय ने द्वितीय व सुगन्धिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा सिम्मी यादव ने प्रथम, दीक्षा यादव ने द्वितीय व पूर्वी वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान पर रहीं। हस्त कला प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. शिखा विष्ट व डॉ. सुमन श्रेष्ठ तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. शिखा बंसवाल व डॉ. अमिता चौधरी ने किया। संगीता गोयल, रंजना अग्रवाल, अंजुली अग्रवाल, सुरभि पाराशरी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

शिक्षित भारत, सक्षम भारत की लोगों को जानकारी दी

चन्दौसी, अमृत विचार: एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के दो दिवसीय शिविर का आयोजन खुर्जा गेट स्थित दयानंद कंपोजिट विद्यालय में किया गया। शिविर का विषय शिक्षित भारत ,सक्षम भारत रहा। जिसका आरंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल व डॉ. प्रियंका व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद स्वयंसेविकाओं की टोलियां ने घर-घर जाकर शिक्षित भारत सक्षम भारत कैसे बनाया जा सकता है, इसकी जानकारी लोगों को दी । शिविर के दूसरे सत्र में शिक्षित भारत सक्षम भारत पर लाला लाजपत राय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिषेक गुप्ता ने कहा कि जब हम अपने बच्चों को शिक्षित नहीं बनाएंगे कराएंगे, तब तक हमारा देश तरक्की के रास्ते पर अग्रसर नहीं हो सकता।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

अङ्गणवेदी वसुधा कुल्या जलधिः स्थली च पातालम् ।
वल्मीकश्च सुमेरुः कृतप्रतिज्ञस्य वीरस्य ।

दृढ़ संकल्पित योद्धा के लिए संपूर्ण वसुधा कुटुंब रूपी आंगन के समान है। सागर नदी के समान है। सुमेरू जैसा पर्वत भी चीटियों का धाम ही है।

संपादकीय

कूटनीतिक सफलता

कतर में मौत की सजा पाने वाले भारतीय नौसेना के आठ पूर्व जवानों की सकुशल घर वापसी को मुमकिन बनाने के कतर के अमीर के फैसले की सराहना की जानी चाहिए। ध्यान रहे कतर की एक अदालत ने 26 अक्टूबर, 2023 को भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई थी। साल 2022 में कतर की एक कंपनी में काम करने वाले इन अधिकारियों पर जासूसी का आरोप लगाकर वहां की सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। ये सभी पूर्व अधिकारी वहां की 'अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज' नाम की कंपनी के लिए काम कर रहे थे। सवाल उठा कि क्या सरकार इन्हें बचा पाएगी, वो क्या रास्ता निकालेगी और उन्हें लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर क्या कदम उठाएंगे? इन पर जासूसी के आरोप लगे थे। इनकी वापसी नामुमकिन सी थी, लेकिन भारत सरकार की कूटनीति और रणनीति काम आई। इन्हें रिहा कराने के लिए भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर मजबूत रणनीति बनाई। दरअसल भारत और कतर के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। कतर में आठ लाख से भी ज्यादा भारतीय रहते और काम करते हैं। भारत अपनी 40 फीसदी तरल प्राकृतिक गैस या एलएनजी कतर से हासिल करता है। पैट्रोनैट द्वारा 2029 से 20 साल के लिए कतर से सालाना 75 लाख टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) खरीद अनुबंध का नवीकरण संभवतः दुनिया में इस ईंधन की खरीद का सबसे बड़ा सौदा है। ऐसे में भारत ने शुरू से ही इस मामले को लेकर कतर से बातचीत जारी रखी। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल दिसंबर में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्द अल-थानी से दुबई में हुए सीओपी 28 सम्मेलन से इतर मुलाकात की थी।

इस बैठक में पीएम मोदी ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई के मसले पर बात की। जानकारों के मुताबिक कतर एक ऐसा देश रहा है जो हमेशा मध्यस्थता करके दो देशों के विवादों को सुलझाने में मदद के लिए जाना गया है। इजराइल और हमास के बीच भी कतर ने मध्यस्थता की। इस पूरे घटनाक्रम के बीच 2014 की संधि को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता, जिसमें तय किया गया था कि अगर किसी कारण से दोनों देशों के नागरिकों को सजा मिलती है तो वो अपने देश में सजा काट सकते हैं। चर्चा इस बात की थी कि भारत सरकार ने इस मामले को कूटनीतिक नजरिए से उठाते हुए अमेरिका और तुर्किए से भी बातचीत की थी। वैश्विक स्तर पर भारत की इस ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता के पीछे दुनिया में भारत का बढ़ता कद भी रहा। भारत ने जिस तरह मामले को उठाया, उसके आगे कतर को कैदियों को राहत देनी पड़ी।

आईसीएआर की पृष्ठभूमि में स्वामीनाथन की भविष्य दृष्टि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया।

98 वर्ष की उम्र में प्रो.मन्कोम्बू संबाशिवम स्वामीनाथन जिन्हें हम एमएस स्वामीनाथन कहते हैं का देहांत 28 सितंबर 2023 को हुआ। चार महीने बाद 9 फरवरी 2024 को प्रो.स्वामीनाथन को मृत्योपरांत भारत रत्न देने की घोषणा भारत सरकार ने की तब इनके बारे समाचार माध्यमों में चर्चा पुनः शुरू हुई। स्वामीनाथन भारत में कृषि क्षेत्र में पोस्ट-कॉलोनियल रिसर्च इम्प्लीमेंटेशन के जरिए 'हरित क्रांति का पितामह' कहे जाने के कारण लोकस्मृति का स्थायी हिस्सा बन चुके हैं। भारतीय कृषि को कम उत्पादन, मानसून पर ही निर्भरता संबंधी कठिनाई, कृषि भूमि की गिरती हुई उर्वरता, छोटी और अनुत्पादक जोत, फसलों की सिंचाई के लिए पानी और तकनीकि संसाधनों की कमी, कीट-पतंगों के प्रबंधन और इनकी भूमिका के बारे में निम्न स्तर की समझ, कृषि शिक्षा और वैज्ञानिक शोध के स्तर का स्थिर हो जाना, नए बीजों के रचनाक्रम और इनके अभाव, पुराने एवं पारंपरिक बीजों (फार्मर्स वेरायटीज) का संरक्षण किये जाने और इनके जैव-द्रव (जर्मप्लाज्म) को सुरक्षित करने की व्यवस्था के अभाव, कृषि शोध कार्य की कमी की वजह से प्रकाशन की मात्रा का कम होने और किसान कल्याण के लिए प्रबंधकीय, वित्तीय और प्रशासकीय व्यवस्था के भीतर उपेक्षाभाव दूर करने संबंधी निर्णयों के अभाव जैसे संकटों से निकालने के लिए जो नेतृत्व प्रदान किया इस वजह से उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। साफ़ तौर से कहें तो इनके नेतृत्व में और राजनैतिक और वित्तीय संसाधनों की आश्वत मदद और इंटर-मिनिस्टीरियल सपोर्ट, जैसे कि मिनिस्ट्रीज़ ऑफ़ फाइनेंस, ट्रांसपोर्ट एंड रेलवेज़, बिजली और सिंचाई, इंडस्ट्रीज, केमिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स, फर्टिलायिज़र्स एंड फार्मास्यूटिकल्स, हेल्थ और एग्रीकल्चर फारेस्ट एंड एनिमल हसबेंडरी के अनेक सहायक इंस्टिट्युट्स और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नीचे सन 1965 के बाद विशिष्ट सेवा के लिए स्थापित किए गए अनुसंधान संस्थानों के बिना 'हरित-क्रांति' संभव ही न थी। यह तो नहीं कह सकते कि देश में सन 1967 से 1978 के बीच चालू रहे 'ग्रीन रेवलुशन' अर्थात हरित क्रांति का प्रारंभ और सफल आयोजन प्रो.स्वामीनाथन के बिना संभव ही न था लेकिन राजनैतिक इच्छाशक्ति

आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था।

और विज्ञान के अद्भुत मेल को लेकर अगर इसे एक ऐतिहासिक दृष्टि से गहरे और समीक्षात्मक नज़रिए से परखा जाए तो किसी को तो भारत से भूख का निर्वासन करने के लिए नेतृत्व देना ही था। संयोगवश इस नेतृत्व के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राष्ट्रव्यापी काम के लिए प्रो. स्वामीनाथन को पहचाना और इन्हें इसका जिम्मा सौंपा ताकि देश को अनाज उत्पादन में आत्म निर्भर बनाया जा सके। इंदिरा जी की उम्मीदों को पूरा करने के लिए वे एक तेज़ जज्बे और उत्साह से जुटे और खरे उतरकर अगले दस साल में यह काम कर दिखाया। उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की समस्त वैज्ञानिक तकनीकी प्रतिभाओं की बौद्धिक क्षमता का समर्थन प्राप्त हुआ था। प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन और इसकी मॉनिटरिंग के मामले में प्रो. स्वामीनाथन की ही अग्रणी भूमिका रही। इसके अलावा देश के लोगों के न्यूट्रीशनल स्टेटस को सही स्तर पर रखने के लिए जिस प्रकार के अनाज उगाना जरूरी समझा गया उन्हीं 'हाई ईल्डिंग हाइब्रिड सीड्स' को विकास करके उच्च पोषक मान वाली किस्मों की खेती को लोकप्रिय बनाया गया। हरित क्रांति के दौरान अधिकतर जोर पंजाब-हरयाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य और दक्षिण भारत के सिंचित कृषि क्षेत्रों पर रहा। फसल उत्पाद के सुरक्षित भंडारण और वितरण का काम कैसे छोड़ा जा सकता था। इसकी जिम्मेवारी सन 1965 में स्थापित फ़ूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया और पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को क्रमशः दी गई थी। कुल मिलाकर हरित क्रांति का प्रभाव आशातीत रहा क्योंकि पंच-वर्षीय योजनाओं के दौरान पूंजी के भारी निवेश और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के अलावा देश के किसानों के अपेक्षित सहयोग से भारत की स्थिति एक अकाल पीड़ित, कुपोषित और क्षुधाग्रस्त लोगों की भीड़ से ऊपर उठकर सन 1990 तक एक अन्न निर्यातक देश के रूप में प्रतिष्ठित हुई। सन 1947 में 50 मिलियन टन से भी कम अनाज का उत्पादन करने वाला देश सन 2021 तक सालाना 290 मिलयन टन विभिन्न प्रकार के अनाज का उत्पादन करने में सक्षम हो चुका था। हरित क्रांति को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रान्तों के किसानों का सहयोग मिला। अनेक सूबों की सरकारों के 'लैंड रिवेन्यु' विभागों ने हरित क्रांति से पहले कृषि भूमि का 'कंसोलिडेशन' कर लिया था। छोटी-जोतों को तोड़कर कृषि जोत का न्यूनतम आमाप एक एकड़ किया गया। इसके आधार पर कंसोलिडेशन का काम तीव्र गति से हुआ। हरितक्रांति के लिए यह सब तैयारी जरूरी थी।

प्रो.स्वामीनाथन को कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्य में नेतृत्व प्रदान करने के लिए जो इज्ज़त भारत और विदेश में हासिल हुई उसके पीछे की कहानी कॉलोलियल भारत में अंग्रेजों द्वारा खेतीबाड़ी और सिंचाई के मामले में सन 1830 के बाद से दी गई तवज्जो से शुरू होती है। सन 1927 में 'रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर' ने भारत में बैठकें की। इसकी सिफारिश पर सन1929 में 'इम्पीरियल कौंसिल ऑफ़ एग्रीकल्चरल रिसर्च' की स्थापना बिहार के पूसा में की गई थी। बिहार में आये भीषण भूकंप से हुई तबाही के बाद इसे दिल्ली रिज़ के पश्चिमी ओर टोडापुर गांव की जमीन पर स्थापित किया गया। देश में कृषि अनुसंधान का काम धीरे-धीरे विशाल आकार लेता रहा और जैसे-जैसे अनुसंधान की जरूरतें बढ़ी और हरित क्रांति जैसी प्राथमिकताएं बनीं, कृषि अनुसंधान के लिए नए संस्थान बनाए जाने की जरूरत महसूस की गई। आईसीएआर की स्थापना को अब से पांच साल बाद एक सदी का समय होने को है। ब्रिटिश राज में देश भर में अनेक स्थानों पर एग्रीकल्चरल रिसर्च स्टेशंस भी स्थापित हुए थे, जैसा कि पंजाब के लायलपुर में जिसमें काम करते हुए जिला रोहतक के डॉ. रामधन हूडा ने गेहूं की अनेक किस्मों का विकास किया था। यही किस्में दुनिया के गेहूं उत्पादक देशों में अब सर्वाधिक बोई जाती हैं और इनसे प्राप्त अनाज ही प्राथमिकता से खाया जाता है। मुद्दा यह बताना है कि ग्रीन रेवलुशन से बहुत पहले ही भारत में कृषि और पशुओं के बारे आधुनिक तरीके से अधिक उपज देने वाली और रोगरहित फसलों के अनुसंधान और विकास का रास्ता प्रशस्त हो चुका था। हरित क्रांति का आगाज़ एक ऐसे कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया जिसके लिए एक नई दृष्टि और तकनीकों का अपनाया जाना अर्थात अपग्रेड या उन्नत करना अपरिहार्य हुआ। मध्य 18 वीं सदी से लेकर सन 1943 तक देश में दसियों बार-अधिकतर अनावृष्टि के कारण, भीषण दुर्भिक्ष पड़े जिसके असर से करोड़ों मनुष्य और पशु कालकलवित हुए थे। परंपरा से प्रचलित कृषि ज्ञान और प्रौद्योगिकी से देश में बढ़ती हुई आबादी के लिए पर्याप्त मात्रा में अन्न सुलभ करा पाना मुश्किल हो गया था।

इस कारण से अमरीका के पब्लिक लॉ-480 के अंतर्गत, आस्ट्रेलिया और रूस से देश में गेहूं का बड़ी मात्रा में आयात किए जाने से सम्मान को जो ठेस पहुंच रही थी उसे हरित क्रांति के द्वारा दूर कर दिया गया। देश में फ़ूड सिक्यूरिटी और जनसंख्या में पोषण को उचित स्तर को बनाए रखने के लिए न केवल गेहूं बल्कि धान, दालों और तिलहनों की खेती और हॉर्टिकल्चर को नई सोच से विकसित किया गया। इसमें भी प्रो.स्वामीनाथन और हज़ारों अन्य वैज्ञानिकों की दूर-दृष्टि ने काम किया। अब सवाल यह कि प्रो.स्वामीनाथन और हरित क्रांति के बाद आईसीएआर के अंतर्गत काम करने वाले संस्थान आईएआरआई की शोध दृष्टि अब किस ओर गई है और अगले 30-50 साल के लिए किस सोच से काम करने को यह उद्धत है? जाहिर है इस बारे में आईसीएआर का विज़न डॉक्यूमेंट तैयार है जिसमें फोकस रहेगा फसलों को जहर मुक्त रखना, क्लाइमेट चेंज के अनुसार फसलों को ढालने की टेक्नोलॉजी विकसित करना। हरित क्रांति के जो दुष्प्रभाव बाद में पैदा हुए उनसे बचाव करते हुए देश के किसानों को सजग रखना और उत्पादन एक स्तर से नीचे न चला जाए इस प्रकार से कुदरती खेती के उपाय भी करना। इस पूरे परिप्रेक्ष्य में महत्त्व का ऐतिहासिक दस्तावेज़ है डॉ.महेंद्र सिंह रंधावा द्वारा चार खंडों में लिखी गई 'हिस्ट्री ऑफ़ इंडियन एग्रीकल्चर'।

व्यंग्य

गाय मार कर जूता दान

अभी पांच महानुभावों को देश का सर्वोच्च सम्मान "भारत रत्न" प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को देने तथा पाने वालों से क्षमा मांगते हुए निवेदन कर रहा हूं। लालकृष्ण आडवाणी देश के भूतपूर्व गृहमंत्री होने के साथ जनसंघ तथा भाजपा के शीर्ष पुरुष रहे एवं रामजन्म भूमि मुक्ति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया है। भाजपा सरकार ने उन्हें यह सम्मान देकर उत्कृष्ट कार्य किया है। लेकिन आडवाणी को अधिक आयु का हवाला देकर जिस तरह से उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर किया गया तथा अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास व प्राण प्रतिष्ठा आयोजन से अलग किया गया, उसकी शायद ही कोई प्रशंसा करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम जन्मभूमि न्यास के सचिव चंपत राय ने उनके न आने के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया था, शायद ही कोई आडवाणी जी जैसों के लिए वैसी भाषा का प्रयोग करना चाहेगा। बेहतर होता, आडवाणी विनय पूर्वक इस सम्मान को अस्वीकार कर देते क्योंकि इसके मिलने या न मिलने से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है। संसद में वित्तमंत्री जी ने श्वेतपत्र जारी कर पिछली कांग्रेस सरकारों को जिस तरह धोया है, उससे यह सम्मान मेल नहीं खाता। इसी तरह श्वेत पत्र में 10 वर्ष तक लगातार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह को भी निशाना बनाया गया जबकि राज्यसभा के कार्यकाल की समाप्ति पर उनकी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुक्तकंठ से किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह भी अब भारत रत्न हो गए हैं। किसानों के नेता कभी दलबदल के मसीहा हुआ करते थे तथा वह ऐसे एकमात्र प्रधानमंत्री रहे हैं जिन्होंने एक दिन भी सदन को नहीं झेला। आसन्न चुनावी वैतरणी पार करने में संभवतः वह पतवार का कार्य करेंगे। कर्पूरी ठाकुर भी भारत रत्न हो गए, मरणोपरांत ही सही। सामाजिक न्याय के पुरोधा को यह पुरस्कार पहले ही मिलना चाहिए था लेकिन आगामी चुनाव में पिछड़ों को साधने हेतु विलंब से ही सही,यह कार्य कर दिया गया। डा. स्वामीनाथन को भी यह सम्मान परणोपरांत ही दिया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को मृत्योपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। श्री राव, गांधी परिवार के बाहर शास्त्री जी के बाद दूसरे कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे और उस परिस्थिति में उन्होंने अपने वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के साथ आर्थिक उदारीकरण की योजना लाकर देश की आर्थिक स्थिति में जो सुधार किया, वह प्रशंसनीय था और आज की भाजपा सरकार भी उदारीकरण की उसी नीति को आगे बढ़ा रही है।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

विरोध प्रदर्शन के समय व्यक्ति की भर्त्सना करना तथा आवश्यकता पड़ने पर उसी की प्रशंसा करना या सम्मानित करना राजनीति का एक दांव है और यह साम, दाम, दंड, भेद नीति का एक हिस्सा है, इसे इसी रूप में देखा जाना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर बाला साहब ठाकरे, नीतीश कुमार, शरद पवार, लालू यादव आदि को भी ऐसे सम्मानित किया जाए तो आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए।

कभी विचार आता है कि योग्य व्यक्तियों को उनके जीवन काल में उचित सम्मान क्यों नही मिलता, उनके दिवंगत होने की प्रतीक्षा क्यों की जाती है? देश में हरित क्रांति के पुरोधा डाक्टर स्वामीनाथन को पुरस्कृत करने में सभी सरकारों ने इतना विलंब क्यों किया? शायद उनके पास किसी जाति, धर्म का वोट बैंक नहीं था। देश में ऐसे बहुत से सपूत रहे हैं जो अशोभनीय, असम्मानित और अगाथा चले गए या अंतिम गति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मृत्योपरांत पुरस्कृत करना सेना एवं सुरक्षाकर्मी के लिए तो उचित है लेकिन जीवित व्यक्तियों को उनके जीवनकाल में उपेक्षित करना उनका अनादर है। यदि सरकार साहस कर ऐसे व्यक्तियों को उचित सम्मान दे सके तो राष्ट्र और समाज हित में होगा।

विवेकवाद बनाम मज़हबों का अयुक्तिवाद

सभी मज़हबों और संप्रदायों में अयुक्तिवाद का तत्व अपरिहार्य रूप से मौजूद है। यूरोप के लोगों ने बहुत क़ीमत चुकाकर, कई विद्वानों और जिओर्दनो ब्रूनो जैसे वैज्ञानिकों को चौराहों पर ज़िंदा जलाकर, पोप और बिशप की निरंकुश, अमानवीय मनमानी बर्दाश्त कर, व्यर्थ के क्रूसेड चलाकर, एक हज़ार साल के मध्ययुगीन अंधकार में डूबे रहने के बाद, इस चीज़ को समझा और पुनर्जागरण, धर्म सुधार तथा ज्ञानोदय की आग में तपकर औद्योगिक क्रांति की यात्रा की जिसने दुनिया बदल दी।

हर मज़हब मूलतः सत्ता-संगठन है। मनुष्य के जीवन में गुणात्मक उत्थान लाने से अधिक उन्हें अपने अनुयायियों की संख्या बढ़ाने में संलग्न देखा जाता है। मनुष्य का चरित्र और स्वभाव कैसा भी हो, उसे अपने मज़हब में दीक्षित करने को मज़हबी कर्तव्य माना जाता है। माना जाता है कि पूरी दुनिया को संबंधित मज़हब में दीक्षित करने में सफल होने तक यह कर्तव्य प्रासंगिक बना रहेगा। यह इस प्रमेय पर आधारित है कि संबंधित मज़हब में दीक्षित होते ही मनुष्य स्वभाव व चरित्र से कैसा भी हो, उसका उद्धार हो जाएगा। जीवन का सीधा और सही मार्ग एक ही है, जैसे दो बिंदुओं को जोड़ने वाली सीधी रेखा एक ही हो सकती है। संबधित मज़हब को ही वे एकमात्र सीधी रेखा और इसलिए एकमात्र सही मज़हब मानते हैं। तर्कणा बात सही होती अगर मज़हब मनुष्य के स्वभाव और चरित्र को बदलकर उसे बेहतर मनुष्य बना देता। किंतु व्यवहार में ऐसा होता दिखाई नहीं पड़ता। मज़हब कोई भी हो, उसके अनुयायी एक से चरित्र और स्वभाव के नहीं पाए जाते। हर मज़हब में अच्छे-बुरे, ईमानदार-बेईमान, भांति-भांति के इंसान दिखाई पड़ते हैं। यहां तक कि कोई भी दो अनुयायी स्वभाव और चरित्र में हूबहू एक-से नहीं होते। यह



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला।

तथ्यात्मक सच्चाई है जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। अस्तु, सीधी रेखा सिर्फ़ इंसानियत की हो सकती है, किसी मज़हब की नहीं।

औद्योगिक क्रांति के बाद यूरोप ने मज़हब के विस्तार के बजाय, आर्थिक और सैन्य शक्ति से सत्ता प्राप्त करने, उसे बनाये रखने और उसका विस्तार करने का रास्ता खोज निकाला। आज ईसाई मज़हब के सिद्धांत केवल उन पुजारियों और धर्म-प्रचारकों तक सीमित हैं जो पिछड़े देशों में मज़हब के प्रचार-कार्य में लगे हैं। उनका वित्त-पोषण करने वाली संस्थाएं भी वस्तुतः सत्ता-विस्तार के ही काम में लगी हैं। भौतिक सत्ता से ही विश्व-शक्ति बने अमेरिका ने तो इस चीज़ को सबसे स्पष्ट तरीक़े से समझ लिया है। रिपब्लिकन पार्टी अपेक्षाकृत अनुदार है तो उसमें कभी-कभी ईसाइयत के प्रति राजनीतिक क़िस्म का आग्रह झलक उठता है। बस राजनीतिक क़िस्म का। जैसे हमारे यहां वर्तमान में 'हिंदुत्व' के प्रति 'राजनीतिक क़िस्म' का आग्रह सफलता का रामबाण बना हुआ है। जो अपने को घोषित तौर पर विवेकवादी मानते हैं, कभी-कभी कट्टरता की मात्रा या तीव्रता के आधार पर मज़हबों की परस्पर तुलना करने लगते हैं। एक मज़हब के अयुक्तिवाद को दूसरे मज़हब के अयुक्तिवाद से ज़्यादा खतरनाक बताने लगते हैं। अयुक्तिवाद की ऐतिहासिक व्याख्या करने, किसी को सही तो किसी को ग़लत बताने लगते हैं। अरे भाई, जब आधार ही अयुक्तिवाद है तो सारा खेल अविवेक और सत्ता का हो जाता है। सत्ता के स्रोत क्या हैं? शक्ति-आक्रामक और सुरक्षात्मक-संपत्ति और संख्या। जिसके पास तीनों का समंजित योग ज़्यादा होगा उसका अयुक्तिवाद जीत जाएगा। सच और झूठ की लड़ाई में सच के जीतने की संभावना कितनी भी क्षीण हो, रहती तो है। किंतु दो झूठ की लड़ाई में ज़्यादा शक्तिशाली झूठ जीत जाएगा। और ज़्यादा शक्तिशाली झूठ प्रायः वही होता है जो ज़्यादा बड़ा झूठ होता है। बिल्कुल सीधी बात है। तो विवेकवाद के आधार पर किसी मज़हब को सही या ग़लत ठहराने का क्या तुक?

जो जैसा है, वैसा है। विवेकवाद भी कहीं न कहीं लड़खड़ा ही जाता है। उसमें भी तो बहुत कुछ अस्तित्ववाद संबंधी मानकर चलना पड़ता है। विवेकवादी को सदा यह कहने को तत्पर रहना पड़ता है-इसके बारे में फ़िलहाल मैं कुछ नहीं जानता क्योंकि सर्वगम्य रूप से, निश्चित तौर पर अभी कुछ भी ज्ञात नहीं है। जब सर्वगम्य और सुनिश्चित रूप से ज्ञात हो जाएगा, बता दूंगा। जो अभी इस तरह ज्ञात नहीं है, वह आगे ज्ञात हो भी सकता है, नहीं भी हो सकता। लेकिन अज्ञात के साथ भी ठाट से जिया जा सकता है। तो विवेकवादी नास्तिक नहीं हो सकता। नास्तिक होना और उसे घोषित करना या तो दंभ का परिचायक होता है, या व्यापक परिप्रेक्ष्य की उपेक्षा का द्योतक। अस्तु, विवेकवादी नास्तिक के बजाय तत्वतः अज्ञेयवादी होने के लिए नियतिबद्ध है।

सोशल फोरम

कहानी त्रेतायुग से जुड़ी है

उन दिनों चोरी के लिए मृत्युदंड का विधान था। हमारे गांव में तो आज भी ताला लगाने का रिवाज कम ही है। फैले खेतों से आलू मूली या फल चुराने की कुछ घटनाएं होती हैंलेकिन घर फिलहाल डौणूं में सुरक्षित ही मिलते हैं। राजा सुरथ के राजमहल में ब्राह्म मूहुर्त में चोरों ने करामात दिखा दी लेकिन जाग हो जाने से पहरेदारों ने चोरों का पीछा शुरू कर दिया। झिटपुट अंधेरे में तो चोर भागते रहे लेकिन ज्यों ही प्रकाश का प्रभाव हुआ वे महामुनि मांडव्य के आश्रम में छुप गए।

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

माण्डव्य उस समय अष्टांग योग की आठवीं स्थिति अर्थात समाधि लगाए बैठे थे। पहरे दारों ने चोरों को खोज निकाला और यह समझ कर कि मुनि इन चोरों का मुखिया है समाधिस्थ ही उठा ले गए। चोरों को एक-एक करके शूली पर चढ़ा दिया गया। माण्डव्य की समाधि (बंध) यथावत ही रहा और शूली उनके अपामार्ग में किंचित मात्र घुस तो गई लेकिन शरीर छेदन नहीं कर पाई। दंडाधिकारियों को समझ में नहीं आया तो राजा को बुलाया और राजा समझ गए कि अनर्थ हो गया आनन-फानन में त्रृषि के शरीर को शूली से उतारने का उपक्रम किया गया लेकिन शूली की नोंक नहीं निकल सकी और उसे काट दिया गया। समाधि अवस्था समाप्त होने के बाद जब मुनि जागे तो राजा ने पैर पकड़कर क्षमा मांगी और पूरा प्रसंग बताया। त्रृषि ने कहा राजन दोष तुम्हारा नहीं है इसलिए क्षमा करता हूं लेकिन धर्मराज से पूछूंगा कि यह नोंक घुसी रहने का दंड क्यों? प्राण त्याग कर जब धर्म राज के पास पहुंचे तो वहीं प्रश्न। धर्मराज ने कहा कि बाल्यकाल में आप छोटे पतंगों के शरीर में कांटा चुभाकर छोड़ दिया करते थे इसलिए यह दंड देना पड़ा।'बाल्यकाल में पाप पुण्य की जानकारी न होने पर किए गए कार्य का इतना कठोर दंड देकर आपने क्षुद्रबुद्धि का कार्य किया है, इसलिए आप शूद्र बनकर मृत्यु लोक में स्थान प्राप्त करोगे'। आगे की कहानी लंबी है। द्वापर युग में धर्मराज को जन्म लेना पड़ा। इस कलियुग में जो आईएएस अधिकारी समाधि लगाए बैठे रहते हैं उनको ध्यान रखना चाहिए कि उनके आश्रम में चोरों का शरणस्थल तो नहीं बन गया है ताकि दंड का भागी न होना पड़े।

-फेसबुक वॉल से

लखनऊ की सुधि कब

इन दिनों प्रकट कारणों वश मुग़ल काल में बनाई गई कतिपय मस्जिदों को हटाकर वहां स्थित हिंदू पवित्र स्थलों को मुक्त कराने का अभियान चल रहा है। इस क्रम में अयोध्या खूब खबरों में रहा और अभी रक्खा जायगा, जहां बाबरी मस्जिद ध्वंस तो बहुत पहले ही हो चुका था, किंतु मंदिर बनाने का मार्ग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कुछ वर्ष पूर्व ही प्रशस्त किया गया। अब मंदिर निर्माणाधीन है, किंतु गर्भ गृह में मूर्ति स्थापन और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की संपन्नता हो चुकी है। आगे के भाजपाई एजेंडे में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि और काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर से सटे इस्लामिक स्थापत्यों का हटाया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाभारत काल में पांडवों ने कौरवों से पांच गांव ही मांगे थे,किंतु कौरव 'सुई की नोक बराबर'भी भूमि उन्हें देने को तैयार नहीं हुए, तब महाभारत हुआ था। उनकी (भाजपा की) तो मांग केवल तीन स्थलों की ही थी, जिनमें एक वाया अदालत मिल पाया, अब दो बाकी हैं। यदि ये न मिले तो महाभारत होगा। अर्थात् अब केवल मथुरा और काशी बाकी है।

इस प्रसंग में मुझे यह कहना है कि मांग इतनी सीमित क्यों है? फिलहाल मैं लखनऊ को इसमें शामिल करने पर जोर दे रहा हूं, जहां राम के अनुज और सदा साथ रहे लक्ष्मण जी के महल के ध्वंसावशेषों पर औरंगज़ेब ने मस्जिद बनवाई। वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है। कहा जाता है कि एक मंदिर वर्तमान मस्जिद के अंदर भी था, जिसे तोड़ा गया था। निकट ही सूर्यकुंड है, जो इस बात का पुष्ट प्रमाण है कि यह स्थान सूर्यवंशी राजावों की पीठिका रहा है। मालूम हो की श्रीराम सूर्यवंशी ही थे। इस टीले का नाम लक्ष्मण

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वाल्मीकि रामायण में लक्ष्मण जी को राम के 'बाहर विचरते हुए प्राण' कहा गया है, और गोस्वामी तुलसीदास ने उनके लिए कहा है, "रघुपति कीरति विमल पताका। दण्ड समान भयउ जस जाका"।। वहां मंदिर भी है, जिसमें अब पूजा भी बंद है और एक कुंवा , जिसका संबंध पाताल से बताया जाता है, क्योंकि लक्ष्मण जी शेषावतार थे, जिनका मूलस्थान पातालपुरी है।

टीला आदि से ही विख्यात है, जिसका विस्तार मेडिकल कालेज और बिरहाना तक था। कथित सेकुलर सरकारों ने इसकी पुरातात्विक खुदाई नहीं करवाई, लेकिन अब तो राम वाली ही सरकार है। न तो लक्ष्मण का महत्व कम है और न लखनऊ का। मुस्लिम लेखक भी इस टीले की संबद्धता लक्ष्मण से बताते हैं। अब्दुल हलीम शरर कहते हैं 'उस टीले पर एक गहरा गार या कुंवा था, जिसकी किसी को थाह न मिलती थी, और लोगों में मशहूर था कि यह शेषनाग तक चला गया है। इस ख़याल ने जज़्बाते अकीदत को हरक़त दी और हिंदू लोग खुश एतिदाती से आ आकर इसमें फूल पानी डालने लगे"(गुजश्तः लखनऊ-पेज 28)। ऐसा होते हुए भी राजधानी की सुधि न लेना तो चिराग़ तले अंधेरा है। नगरों और स्थानों के नाम परिवर्तन श्रृंखला में भी यह नगर उपेक्षित रहा। कई वर्ष पूर्व जब मंत्री और गवर्नर रहे, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व.लालजी टण्डन की पुस्तक 'अनकहा लखनऊ' प्रकाशित हुई थी, तब कुछ आस बंधी थी कि अब नगर का नाम भी बदलेगा और लक्ष्मण टीला मस्जिद मुक्त होगा तथा यहां बने मंदिर और हिंदू धर्म प्रतीकों का जीर्णोद्धार होकर पूजा अर्चना प्रारंभ होगी, किंतु निराशा ही हाथ लगी। अब इस पर ध्यान दिया जाएगा।

बिंब और भाषा

कोई संदेह नहीं कि चिंतन एक आंतरिक प्रक्रिया है परंतु यह भी सही है कि जिन बिंबों की भाषा से यह प्रक्रिया चलती है, वे बिंब बाह्य परिवेश में प्राप्त होते हैं। मनुष्य जिस परिवेश में रहता है, उसका बिंब उसके मन पर अंकित हो जाता है। दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य बाह्य परिवेश को संवेदना शक्ति के द्वारा (पंच ज्ञानेन्द्रिय और मन के द्वारा :देखकर, सुनकर, सूंघकर, चखकर, छूकर तथा अनुभव करके) आंतरिक बना लेता है। इस प्रकार वह परिवेश स्मृति के द्वारा मनुष्य की चेतना का अंग और अंश बन जाता है। जिस प्रकार जलाशय के तट पर स्थित वृक्ष-आदि का बिंब जलाशय में दृश्यमान होकर जलाशय का अंग और अंश बन जाता है, उसी प्रकार मनुष्य अपने चारों ओर के संसार को जो चित्र मन में बनाता है, वह उसका आधारभूत ज्ञान या अनुभव होता है। आधारभूत इसलिए कि मनुष्य जब भी कोई नया अनुभव करेगा, तो वह पूर्व-अर्जित-अनुभव, उस नए अनुभव का माध्यम बनेगा। उदाहरण के लिए बालक ने गरम दूध पिया तो उसका मुंह और जीभ झुलस गए, यह उसका आधारभूत-अनुभव हुआ। इसके बाद कभी किसी दिन उसे मठा (छाछ) दी गई, तो उसका दूध पीने का आधारभूत-अनुभव स्मृति के द्वारा सजीव हो गया। कहावत है कि 'दूध का जला छाछ को फूंक- फूंककर पीता है।' जब उसे दूध और छाछ का अंतर ज्ञात हो गया तो यह उसका नया ज्ञान हुआ। इस प्रकार पूर्वार्जित बिंब आगे के चिंतन और ज्ञान का माध्यम बन जाता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक नजर

कुत्तों ने 55 लोगों को किया घायल

नगीना, अमृत विचार : क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। इसके चलते अस्पताल में कुत्ते काटने के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। सोमवार को कुत्ते काटने के 55 मामले आए। सभी को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई गई। नगर के अस्पताल में शहरी क्षेत्र के अतिरिक्त बढ़ापुर, रायपुर देहात आदि के मरीज भी एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए आते हैं। नगर क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुत्ते खाने की तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं। कभी-कभी बाइक सवार के पीछे दौड़ पड़ते हैं। विरोध पर काट कर घायल कर देते हैं। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

फैजान बने भाकियू के तहसील सचिव

किरतपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक में कार्यकारणी का विस्तार किया गया। सोमवार को क्षेत्र के ग्राम भनेड़ा में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष मोहम्मद नफीस के नेतृत्व में ग्राम भनेड़ा निवासी फैजान को तहसील सचिव नियुक्त किया। उन्होंने पार्टी का धन्यवाद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

हर्षोल्लास से मनाया बसंत पंचमी का त्योहार

किरतपुर, अमृत विचार : अग्रवाल महिला सभा व अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने संयुक्त रूप से बसंत पंचमी का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। सरस्वती माता के स्वरूप में पविका व मोही रही। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ किया। इसके बाद मां सरस्वती व अग्रसेन महाराज की आरती की गई। इस दौरान सभी महिलाएं सदस्य पीले वस्त्र धारण किए हुए थीं। जिलाध्यक्ष रितू अग्रवाल ने सभी को बसंत पंचमी की बधाई दी। इस दौरान मीना अग्रवाल को अग्रवाल महिला सभा की नई अध्यक्ष चुना गया। सभी ने मनोरंजक गेम खेले और खूब मस्ती की। मुख्य यजमान सरिता अग्रवाल व सुधा रहीं। इस दौरान मोनी अग्रवाल, रेणुका, कुमकुम, नीर, मीना, अर्चना, मोनिका, मानसी, श्वेता, शिल्पी, रेखा गोयल, चारु, रितू, कृति, बीना, नीति, महिमा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

बाइक और कैंटर की आमने-सामने हुई भिड़ंत

संवाददाता, हल्दौर

अमृत विचार : बाइक और कैंटर की भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के ग्राम गांवड़ी (पोटा) निवासी चंचल, अवधेश और अनिकेत उर्फ छोटू बाइक पर सवार होकर हल्दौर से अपने गांव जा रहे थे। ग्राम छजुपुरा सादात के निकट धारीवाल ढाबे के पास सामने से तेज गति से आ रहे कैंटर से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार चंचल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अनिकेत व अवधेश गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। इसके बाद मृतक व घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दी। बताया जाता है कि अनिकेत ग्राम अगरी का रहने वाला है। वह अपनी बुआ के घर गांवड़ी पोटा में रहता है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक एवं कैटर को कब्जे में ले लिया है। चंचल की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस चेक पोस्ट के सामने पलटा टैंकर। ● अमृत विचार

- पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक एवं कैंटर को कब्जे में लिया
- घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर

ब्रेक फेल होने से पलटा टैंकर, मची खलबली

नहटौर, अमृत विचार : अचानक ब्रेक फेल होने से 18 टायरा टैंकर पुलिस चेकपोस्ट के सामने पलट गया। चैकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने भागकर अपनी जान बचाई। घटना रविवार की रात करीब 3 :30 बजे की है। लाल कुआं हल्द्वानी से 18 टायरा टैंकर सीमेंट बनाने का पदार्थ भरकर रुड़की जा रहा था। अचानक हल्दौर चौराहे के निकट पुलिस चेकपोस्ट के सामने वह पलट गया। टैंकर चालक सहारनपुर निवासी बिलाल अहमद ने बताया कि अचानक प्रेशर का पाइप निकल गया। इसलिए ब्रेक फेल हो गए। इसलिए चेकपोस्ट के मोड़ पर ब्रेक नहीं लगे और टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। लोगों का कहना है कि इस चौराहे पर हर समय भीड़ रहती है। यदि टैंकर दिन में पलटता तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जाता है कि उस समय चेकपोस्ट पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने भागकर जान बचाई।

कुरान मुकम्मल करने पर पांच छात्रों की दस्तारबंदी

नगीना, अमृत विचार : मोहल्ला छिप्पीपाड़ा स्थित मदरसा नाबीनान में पांच छात्रों के कुरान मुकम्मल करने पर दस्तारबन्दी की गई। अध्यक्षता मौलाना डॉ. खालिक अहमद कासमी व संचालन मौलाना हिफ्जुर्रहमान उस्ताद हदीस एंव मौलाना अब्दुल कादिर की तिलावत से शुरू हुआ। शाहवीज ने पैगंबर की नाते पाक पेश की।

विशिष्ट अतिथि हदीस के शिक्षक मुफ्ती जाजत अली कासमी, मदरसा इस्लामिया अरबिया, जामा मस्जिद अमरोहा ने कुरान की विशेषता बयान की। मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने बताया कि इस साल पांच छात्रों ने स्नातक किया है। स्नातक करने वाले कारी समीर बजनूरी, कारी आमिल बजनूरी, कारी जुनैद तखमा पुरी, हाफिज तौसीफ नबीना मुंबई, हाफिज मुहम्मद जावेद झारखंड हैं। इस अवसर मुफ्ती मुनीस, सूफी शाहिद, परवेज पेशी, शेख नगीनवी, मुफ्ती इलियास, मुफ्ती नबील अहमद रशीदी, मुफ्ती अजीम ने शिरकत कर हाफिजों को दुआओं से नवाजा।

माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने की पैनल के पक्ष में मतदान की अपील

संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) ने विभिन्न कॉलेजों का दौरा कर अपने पैनल के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की।

सोमवार को संगठन के जिलाध्यक्ष एवं प्रत्याशी मोहित कुमार शर्मा अपने पैनल के जिलामंत्री सियाराम रावत, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव एवं आय व्यय पर्यवेक्षक चौधरी भूपेन्द्र सिंह के साथ आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज के अलावा कादराबाद एवं शेरकोट के इंटर कॉलेजों में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनपद के शिक्षकों की समस्या के समाधान के लिए गुट से पहचान नहीं होगी।

पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण से जनपद के प्रत्येक शिक्षकों की समस्याओं के अविलंब समाधान के लिए तत्पर होने का काम संगठन का प्रत्येक पदाधिकारी करेगा। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि मोहित कुमार शर्मा एवं उनके पैनल को भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिल रहा है। यह चुनाव पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष की धुरी बनेगा। इस अवसर पर मनोज कुमार यादव, सियाराम रावत, विजय कुमार यादव, कुलवीर चौधरी, ज्ञानेंद्र कुमार आदि ने पूरे पैनल के वोट एवं सपोर्ट की अपील की।

शिक्षकों से मतदान की अपील करते मोहित कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

दो पशुओं समेत पशु चोर गिरोह के दो सदस्य पकड़े

संवाददाता, नहटौर

- पुलिस को आरोपियों के कब्जे से मिनी ट्रक और दो चाकू मिले
- फर्जी नंबर प्लेट लगे वाहन में ले जा रहे थे चुराए गए पशु

अमृत विचार : वाहन पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर पुलिस को चकमा देकर पशु चोरी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से मिनी ट्रक में लदे चोरी के दो पशु व तीन फर्जी नम्बर प्लेट मिली हैं।

आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान मिनी ट्रक (छोटा हाथी) को रोका। उसमें दो भैंस लदी थीं। पुलिस ने वाहन का नम्बर चेक किया तो वह फर्जी निकला। इस पर पुलिस ने कोतवाली देहात के गांव आनंदखेड़ी निवासी नितिन कुमार व हरिद्वार के थाना ज्वालापुर के गांव भारापुर भोरी निवासी आलीशान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि हीमपुर दीपा क्षेत्र के गांव नसीरपुर शेख से दो पशु चुराए थे। चोरी के पशुओं को वाहन में लादकर ले जा रहे थे। पशु चुराने में उनके साथ मुजफ्फरनगर की कोतवाली सदर के गांव कूंगर पट्टी सुजडू निवासी शमशाद व मोनू कुमार और चांदपुर के गांव कराल निवासी फईम भी शामिल थे।

पुलिस ने उनके पास से तीन फर्जी नम्बर प्लेट भी बरामद की हैं। इंस्पेक्टर विनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिए वाहन की नम्बर प्लेट बदल देते थे। पुलिस ने नितिन कुमार व आलीशान के पास से दो चाकू भी बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

अमरोहा-मुरादाबाद देहात

तालाब में उतराता मिला किसान का शव

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : एक सप्ताह पूर्व लापता किसान का शव नजदीकी गांव के तालाब में उतराता मिला। पानी में कई दिन पड़े रहने से शव कई जगह से गल गया था। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसान की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



थाना क्षेत्र के गांव नंगला माफी निवासी खेम सिंह (50) किसान था। वह दो फरवरी को खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। जब वह देर शाम तक भी घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास तथा भी रिश्तेदारियों में तलाश की, मगर उसका कुछ पता नहीं चला। तब परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी।

सोमवार को खेम सिंह का शव थाना क्षेत्र के गांव पाल स्थित तालाब में उतराता मिला। शव देखकर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तलाब से निकलवाया और मौके पर मोजूद लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया। कुछ ही देर में मृतक की शिनाख्त हो गई। तब पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिले ही रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शव मिलने के बाद तालाब के पास खड़ी भीड़। ● अमृत विचार

पीएम आवास के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

मंडी धनौरा, अमृत विचार : भाजपाइयों ने डूडा के जेई पर प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलाने के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी व जिला परियोजना अधिकारी से की है।

सोमवार को दिए शिकायती पत्र में कहा कि डूडा का जेई प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर गरीबों से अवैध वसूली कर रहा है। इसकी वजह से पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अपात्रों से अवैध वसूली कर योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। इससे सरकार की बदनामी हो रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी व जिला परियोजना अधिकारी से जेई के कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में मंडलाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, राजीव उपाध्याय, देवेश तंवर, राहुल चौहान, जीतेन्द्र प्रजापति आदि रहे।

मंदिर मार्ग पर कीचड़ से परेशानी

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बुरावली में शिव मंदिर को जाने वाले मार्ग पर महीनों से कीचड़ व जल भराव की समस्या है। राहगीरों का निकलना दूभर है। पूजा करने वाले भक्तों को कीचड़ भरी सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। इसकी कई बार शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

इस रास्ते पर कीचड़ पसरी रहती है। बारिश के दिनों में तो तालाब जैसी स्थिति बन जाती है। इस रास्ते के करीब तालाब भी है। इसके बावजूद जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। भक्तों व ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

मेधावी छात्रों को बांटी साइकिल

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : खुर्तिया में द्वितीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया गया।

क्षेत्र के श्रीमती भागवती देवी मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज खुर्तिया में सोमवार को द्वितीय वार्षिक उत्सव व मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों ने छात्र-छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया। कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा ही उच्च शिक्षा की नींव है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अध्यक्षता रतनलाल शर्मा व संचालन जयपाल सिंह गुर्जर ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार, प्रबंधिका भूरी देवी, अनुज कुमार, रूप किशोर प्रजापति, हसनपुर की ब्लॉक प्रमुख के पुत्र मुदित गुर्जर, मनोज सिद्धू, सुरेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

20 गांवों के लोगों ने लोस चुनाव का बहिष्कार करने को चेताया

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : सोमवार को डींगरपुर-कुंदरकी मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर निर्माण समिति की सभा का आयोजन गुलड़ चौराहे पर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में किया गया। जिसमें क्षेत्रीय लोगों के साथ कई किसान यूनियनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

सभा की अध्यक्षता चौधरी ओमपाल सिंह पूर्व प्रधानाचार्य तथा संचालन अकीलुर्रहमान द्वारा किया गया। जिसमें पिछले 5 वर्षों से जर्जर हालत में पड़े मार्ग के निर्माण की मांग की गई। बताया गया कि सड़क के निर्माण को लेकर अनेक बार धरने प्रदर्शन किए गए हैं। मंडलायुक्त द्वारा भी विभाग और शासन को कई बार पत्र लिखे जा चुके हैं। ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं। वहीं विभागीय मंत्री द्वारा सड़क निर्माण की स्वीकृति और बजट स्वीकृति का भी ऐलान किया जा चुका है। मगर नाबार्ड से बजट उपलब्ध नहीं होने से सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सभा स्थल पर रोड नहीं तो वोट नहीं आदि के स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ नारेबाजी की गई।

कहा गया कि अगर लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले सड़क निर्माण का बजट विभाग को नहीं भेजा जाता है या निर्माण कार्य शुरू नही किया जाता है तो 20 गांवों में लोकसभा के मतदान का बहिष्कार किया जायेगा। बैठक में अमित चौधरी, विजयपाल सिंह, आरिफ पाशा, नवाब हुसैन, जाकिर हुसैन, राशिद प्रधान, रागिब चौधरी, यूनुस नेताजी, सरजीत चौ. जावेद मुगल, इफ्तेखार हुसैन, रामअवतार, मकसूद आदि मौजूद रहे।

पशु आरोग्य शिविर में दी योजनाओं की जानकारी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : सोमवार को क्षेत्र के गांव जमानाबाद में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित आर्य द्वारा फीता काटकर एवं गो पूजन करके किया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया एवं पशुपालकों से उनका लाभ उठाने की अपील की। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भागेश सिंह ने पशुओं में बांझपन, सर्रा, थर्रा रोग एवं निवारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नेपाल सिंह ने कृमिनाशक, दवापान एवं टीकाकरण के बारे में बताया। शिविर में 439 पशुओं का पंजीकरण कर निशुल्क उपचार एवं औषधि वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. अतुल कुमार, डॉ. मुश्ताक अहमद, कावेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, अमित कुमार, सुरेंद्र सिंह, कर्मवीर सिंह, शाहिद अली, अमीर खान आदि मौजूद रहे।

क्षत्रिय सम्मेलन में दिया एकता पर जोर

संवाददाता, नौगावां सादात/अमरोहा

अमृत विचार : सोमवार को ग्राम मखदूमपुर में क्षत्रिय महासभा राजपूत एकता महासम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मदन चौहान रहे। उन्होंने आचार्य प्रमोद कृष्णम पर निशाना साधाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही नेता अपनी जाति में पैठ बनाने लगे हैं और अपनी हिस्सेदारी मांग रहे हैं। वह ना साधु है ना ही कुछ और हैं।

मुख्य अतिथि मदन सिंह चौहान ने क्षत्रिय एकता पर जोर दिया। कहा यह बात सही है कि समाज की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। फिर भी कोई भी राजनीतिक पार्टी क्षत्रिय समाज को महत्व नहीं देती। सम्राट पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप ने हिंदुत्व को बचाने की कोशिश की और पूरी संस्कृति को बचाया, अपना बलिदान दिया आज उनकी मूर्तियों का अनावरण करने के लिए चौहान त्रस्त हो रहा है। पद की दौड़ में उन्हें बिल्कुल वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस से निष्कासित आचार्य प्रमोद कृष्णम और स्वामी प्रसाद मौर्य पर जमकर निशाना साधा।

भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर खचेड़ू सिंह चौहान भी पहुंचे। उन्होंने एकता पर जोर देते हुए कहा कि लोकसभा में संख्या सबसे ज्यादा होने के बाद भी राजनीतिक पार्टियों उनका उपहास करती हैं। कोई भी राजनीतिक पार्टी समाज को सम्मान नहीं दे रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में जो भी राजनीतिक पार्टी हमारे समाज का सम्मान करेगी, उसी पार्टी के साथ समाज खड़ा होगा।

इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, मास्टर महेंद्र सिंह, बंटी चौहान, मयंक राजपूत, नन्हे चौहान, वीरभान सिंह चौहान, राहुल चौहान जिला पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व मंत्री मदन चौहान। ● अमृत विचार

सार संक्षेप

शौर्य प्रताप सिंह को सम्मानित करते सीओ देश दीपक सिंह। ● अमृत विचार

क्षेत्राधिकारी ने शौर्य प्रताप को किया सम्मानित

नगीना, अमृत विचार : शौर्य प्रताप सम्मान समारोह में नगर के शौर्य प्रताप सिंह को सीओ देश दीपक सिंह व संभ्रांत लोगों ने फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शौर्य को गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली में हुई एनसीसी कैडेट्स की परेड में शामिल होने पर लखनऊ राजभवन में सम्मानित किया गया था। धामपुर रोड स्थित एक वैंक्वेट हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सीओ देश दीपक सिंह ने शौर्य को फूलमाला पहनकर सम्मानित किया। शौर्य प्रताप सिंह आरआर मोरारका पब्लिक स्कूल बूंदकी में कक्षा नौ का छात्र है। वह एनसीसी की जूनियर डिवीजन में शामिल है। गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में हुई परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उसे लखनऊ राजभवन में एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार ने सम्मानित था। इसके अतिरिक्त शौर्य ने अब तक शूटिंग में कांस्य पदक, एडीजी द्वारा एक्सीलेंस मेडल एवं प्रशंसा पत्र हासिल किया है। सम्मान समारोह में शौर्य के पिता गगन चौहान, माता दीप्ति चौहान, दादा दिग्विजय सिंह, दादी मधु सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज विश्नोई, सौरभ प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

किसानों को प्राकृतिक खेती करने की जानकारी

नगीना, अमृत विचार : कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से नूरपुर थाना क्षेत्र के शेरगढ़ में गो आधारित प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह ने गो आधारित प्राकृतिक विधि से फसलों की उत्पादन तकनीकी की विस्तृत जानकारी दी। मिट्टी की उर्वरता एवं जीवांश की मात्रा सुरक्षित रखने के लिए घन जीवामृत, जीवामृत आदि बनाने के बारे में बताया। डा. पिन्टू कुमार ने प्राकृतिक खेती में फसल सुरक्षा तकनीक के लिए प्राकृतिक रसायन बनाने की तकनीक बताई। डॉ. शकुंतला गुप्ता ने कहा कि अब गो आधारित खेती का समय है। सरकार गो आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को दक्ष करती रहेगी। प्रगतिशील महिला कृषक रश्मि सिंह ने कहा कि सभी किसानों को गो आधारित खेती अपनाने की आवश्यकता है।

दोस्तों के साथ दावत खाने गए युवक का शव मिला

बिजनौर, अमृत विचार : दोस्तों के साथ दावत खाने गए युवक का शव संदिग्ध परिस्तिथियों में नहर किनारे पड़ा मिला। सोमवार को दारानगर गंज क्षेत्र से गुजर रहे लोगों ने नहर के युवक का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने मृतक की शिनाख्त 25 वर्षीय आरिश निवासी ग्राम जुलाहान के रूप में की। मौके पर पहुंचे मृतक के पिता युनुस ने बताया कि आरिश रविवार की शाम पास के ही दो युवकों के साथ दावत खाने गया था। देर रात तक भी वह वापस नहीं आया था। सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

विवाह समारोह में दांपत्य सूत्र में बंधे 125 जोड़े

हल्दौर, अमृत विचार : गंज रोड स्थित वैंक्वेट हॉल में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। इसमें गायत्री परिवार हरिद्वार से आए पंडित सोमेश्वर दत्त ने 117 जोड़ों का मंत्रोच्चारण कर विवाह कराया। मौलाना मुफ्ती मोहम्मद उवेश ने आठ मुस्लिम जोड़ों का निकाह कराया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता मौसम चौधरी, ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह ने नव विवाहित जोड़ों को घरेलू सामान आदि देकर आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बीडीओ विक्रम सिंह, समाज कल्याण विभाग के एडीओ रवि शर्मा, एडीओ एसटी अरेंद्र सिंह, अजयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

किसानों को दी फसलों को रोग से बचाने की जानकारी

मुबारिजपुर, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव सलारा में सोमवार को कृषि विभाग की ओर से किसानों की जागरुकता के लिए गोष्ठी हुई। इसमें किसानों को फसलों में होने वाले रोगों से बचाव की जानकारी दी। बनारस से आए वैज्ञानिक डा. दीपक ने किसानों को खेती करने के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी। भूमि और जल संरक्षण के बारे में किसानों को जागरूक किया। उन्होंने किसानों से रासायनिक और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने के तरीके एवं मात्रा की जानकारी दी। इस मौके पर अजय, सचिन कुमार, ज्ञानचंद, छत्रपाल, गुलाब, ताराचंद आदि लोग मौजूद रहे।

उधार के पैसे मांगने पर सरिया मार किया घायल

हसनपुर, अमृत विचार : उधार के पैसे मांगने पर युवक के सिर पर सरिया मार कर घायल कर दिया। घायल ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला निवासी यशपाल के लगभग साढ़े आठ हजार रुपए गांव निवासी होटल स्वामी पर उधार थे। सोमवार को यशपाल ने पैसे मांगे तो आरोपी आग-बबूला हो गया और कहा सुनी के बाद मारपीट करने लगा। आरोपी ने यशपाल के सिर पर सरिया मार कर घायल कर दिया। इसके बाद घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

रैली निकालकर किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार : सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए राजकीय महाविद्यालय रहरा में सोमवार को परिवहन विभाग की ओर से जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा .पूनम शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में चलने के लिए वाहन ही सहारा हैं। ऐसे में नियमों के दायरे में रहकर वाहन चलाना ही सुरक्षा का सबसे बेहतर विकल्प है। प्राचार्य डा. पुष्पेन्द्र ने बच्चों को परिवार के अन्य लोगों को वाहन पर चलते समय हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को एंबुलेंस सेवा का नंबर भी याद कराया। इस मौके पर डा .दिलीप, तोताराम, धर्मेंद्र, अजय, विजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

लाल बहादुर शास्त्री के सिद्धांतों पर चल रहा परिवार

हसनपुर, अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री ने कहा कि उनका परिवार जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बताये हुए सिद्धांतों पर चल रहा है। रविवार की रात कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तारिक मोहम्मद खान के भाई आमिर अजीज खान के बेटे की दावत ए वलीमा में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह और उनका परिवार पूर्व प्रधानमंत्री व अपने पिता लाल बहादुर शास्त्री के बताये हुए रास्ते पर चल रहा है। कहा कि कांग्रेस ने हर समाज के लोगों को सम्मान देने का काम किया है। यदि कांग्रेस को उनकी जरूरत पड़ी तो वह इसके लिये तैयार हैं। इस अवसर पर तारिक मोहम्मद खान, आमिर अजीज खान, नजम खान, शोएब खान आदि मौजूद रहे।

हार्ट अटैक से युवक की मौत

अमरोहा, अमृत विचार : रविवार देर रात लकड़ा मोहल्ला इकरार नगर निवासी दिलशाद अहमद की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार सुबह उनकी मौत हो गई।

रैली निकाल कर मतदान के लिए किया प्रेरित

भोजपुर, अमृत विचार : सोमवार को राजकीय महाविद्यालय में एकदिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर की थीम कौशल विकास व मतदाता जागरुकता के रूप में की गई। पहले सत्र में स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव गणेशपुर देवी में चलो चलें मतदान करे विषय को लेकर जागरुकता रैली निकाली। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर मधु त्यागी ने लोकतंत्र में मतदान का महत्व विषय पर व्याख्यान दिया। निबंध एवं पोस्टर के माध्यम से स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर ग्रामीणों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया।

धर्म दर्शन

जीवात्मा का स्वरूप



जीवात्मा के स्वरूप का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है जो गुणों से सम्बद्ध, फलप्रद कर्म का कर्ता और उस किए हुए कर्म का उपभोग करने वाला है, वह विभिन्न रूपों वाला, त्रिगुणमय, तीन मार्गों से भ्रमण करने वाला प्राणों का अधिष्ठाता जीव अपने कर्मों के अनुसार गमन करता है।

यहां पर गुणों से बंधे हुए जीव के स्वरूप का वर्णन किया गया है, गुणातीत का स्वरूप इससे भिन्न है। जीवात्मा सत्व, रज, तम इन तीन गुणों में बंधा हुआ है, अतः वह नाना प्रकार के कर्म भोगरूपी फल की प्राप्ति के लिए करता है और अपने किए हुए उन कर्मों का फल भोगने के लिए नाना योनियों में जन्म लेकर विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। मृत्यु के अनंतर उसकी कर्मानुसार तीन गतियां होती हैं अर्थात् शरीर छोड़ने पर वह तीन मार्गों से देवयान, पितृयान और तीसरा निरंतर जन्ममृत्यु के चक्र से जाता है। जब तक प्राणों का अधिपति यह जीवात्मा मुक्त नहीं हो जाता, तब तक अपने किए हुए कर्मों से प्रेरित होकर नाना लोकों में भिन्न-भिन्न योनियों में घूमता रहता है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

यह जीवात्मा अंगूठे के बराबर प्रमाणवाला, सूर्य के समान ज्योतिस्वरूप, संकल्प और अहंकार से युक्त तथा बुद्धि और शरीर के गुणों से भी युक्त है। मनुष्य का हृदय अंगूठे के नाप का माना गया है। हृदय में ही जीवात्मा का निवास है इसलिए उसे अंगूठे के माप का कहा जाता है। जीवात्मा का वास्तविक स्वरूप सूर्य की भांति प्रकाशमान (विज्ञानमय) है। उसे अज्ञान रूपी अंधकार छू तक नहीं गया है। संकल्प और अहंकार से युक्त होकर ममता, अहंता आदि से आबद्ध होने के कारण ही यह सूजे की नोक के समान सूक्ष्म आकार वाला है और इसी कारण परमात्मा से भिन्न है। जीव के तत्व को जानने वाले ज्ञानी पुरुषों ने गुणों से युक्त हुए जीवात्मा का स्वरूप ऐसा ही देखा है।

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते।।

जीव की सूक्ष्मता को आगे स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सौ भागों में विभक्त किया हुआ जो केश के अग्रभाग का सौवां भाग है, उस जीव को उसके बराबर जानना चाहिए किंतु वही अनंत रूप हो जाता है।

एक बाल की नोक के हम सौ टुकड़े कर लें फिर उनमें से एक टुकड़े के पुनः सौ टुकड़े कर लें। यह एक टुकड़ा जितना सूक्ष्म हो सकता है अर्थात् बाल की नोक के दस हजारवें भाग के समान जीवात्मा को सूक्ष्म समझना चाहिए। यह उसकी सूक्ष्मता का लक्ष्य कराने के लिए केवल उदाहरण स्वरूप ही है। वास्तव में चेतन और सूक्ष्म वस्तु का स्वरूप जड़ और स्थूल वस्तु की उपमा से नहीं समझा जा सकता। यह सूक्ष्म होने पर भी स्थूल वस्तु में सर्वत्र व्याप्त रह सकता है। इसीलिए कहा गया है कि वह इतना सूक्ष्म होने पर भी अनंत भाव से युक्त होने में अर्थात असीम होने में समर्थ है। वह जड़ जगत में सर्वत्र व्याप्त है लेकिन बुद्धि के गुण संकल्प और अपने गुणरूप अहंकार से युक्त होने के कारण ही एकदेशीय बन रहा है।

यह जीवात्मा वास्तव में न तो स्त्री है, न पुरुष है और न नपुंसक ही है। वह जब जिस शरीर को ग्रहण करता है उस समय उससे संयुक्त होकर वैसा ही बन जाता है। जीवात्मा सर्वभेदशून्य है, सारी उपाधियों से रहित है।

सुसंगत है मां सरस्वती का पुत्री और पत्नी होना

मां सरस्वती के संबंध में अनेक धर्मग्रंथों में प्रसंग आता है कि वह त्रिदेवों में सृजन के देवता ब्रह्मा की पत्नी और पुत्री दोनों थीं। इस प्रसंग की गहराई में उतरने के पहले लौकिक जीवन में मां सरस्वती की पत्नी और पुत्री की स्थिति पर गौर करने की जरूरत है। जहां एक नारी पत्नी बनकर जीवन-यात्रा में सहधर्मिणी होती है वहीं पुत्री के रूप एक नारी का पोषण पिता करता है। इस भाव पर दृष्टि डालने से स्थिति स्पष्ट हो जाती है। जब ज्ञान से अबोध शिशु विद्या को अर्जित करता है तब विद्या पुत्री के रूप में होती है क्योंकि नवजात शिशु की तरह विद्या और ज्ञान को संजो-संजो कर मस्तिष्क में संचित करना पड़ता है। जब विद्या शिशु रूप से पुष्ट हो जाती है तब वही विद्या जीवन-संचालन में सहधर्मिणी बन जाती है और उसी ज्ञान एवं विद्या से जीविकोपार्जन होता है। यानी मस्तिष्क और विद्या का रूप समयानुसार बदल जाता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

पंच भौतिक तत्वों के सम्मिलन से जीव की संरचना होती है और वह इस संसार-सरोवर में जन्म लेता है तो इस सरोवर में तैरने और प्रवाहित होने की क्षमता पंच ज्ञानेन्द्रियों से संचालित मन-मस्तिष्क, बुद्धि, ज्ञान और विवेक से ही संभव है। इनमें जो जिस स्तर तक प्रखर होता है, उसकी छलांग उतनी ही ऊंचाई पर होती है। सरस्वती शब्द में सर (सरोवर, नवनीत आदि) शब्द 'सृ धातु (जिसका अर्थ गतिशील या प्रवहमान होना है) और अच् प्रत्यय से मिलकर बना है। सरस्वती शब्द में 'सर' शब्द सरोवर का सूचक है। सरोवर शब्द 'सरस्' शब्द+असुन' प्रत्यय से निर्मित है। वाणी एवं ज्ञान की देवी के अर्थ में सरस्वती शब्द की व्युत्पत्ति सरस्वत्+ङीप् प्रत्यय से हुई है। इस तरह सरस्वती का अर्थ सरोवर, प्रवाह होता है। यह प्रवाह वैचारिक और मानसिक स्तर पर मनुष्य को कितनी ऊंचाई तक ले जा सकता है, उसका द्योतक है। क्योंकि मनुष्य पशु के नजदीक का प्राणी है। सनातन संस्कृति के 10 अवतारों में भी जलकर-थलचर पशु अवतार का वर्णन है। मनुष्य पशु ही रहना चाहता है या वह देवता बनना चाहता है, यह उसकी साधना पर निर्भर है। इस साधना में विवेक के देवता प्रथम देव गणेश जी होते हैं तथा विद्या की देवी मां सरस्वती होती हैं। माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेश-चतुर्थी का पर्व इसीलिए रखा गया क्योंकि अंधकार में ही विवेक के प्रकाश की जरूरत पड़ती है। माता पुत्र के विवेक के लिए ही व्रत-पूजा करती है तो इसी महीने के शुक्ल पक्ष में पंचमी तिथि को माता की पूजा की व्यवस्था ऋषियों ने की। गणेश की चतुर्थी तिथि की पूजा चतुर्दिक दिशाओं में विवेक-युक्त जीवन यात्रा के साथ पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष के लिए सकारात्मक प्राप्ति की कामना परिलक्षित होती है। मां सरस्वती की पूजा पंच ज्ञानेन्द्रियों का उस विवेक से आबद्ध रहने का सूचक है।

सरस्वती के हाथ में प्रमुख रूप से वीणा विद्यमान है। इसका तुम्बा नीचे की ओर है। वीणा सात तारों से बजने वाला वाद्य यंत्र है। मनुष्य यदि पंच ज्ञानेन्द्रियों के सात द्वारों को नियंत्रित करने के लिए यदि भौतिक-कामनाओं के विलोम में जीने की शक्ति अर्जित कर ले तो श्रेष्ठता की ओर कदम स्वतः ही बढ़ने लगेंगे। क्योंकि इंद्रियां लौकिक सुख के पीछे दौड़ती हैं और अधोगामी बनाने में सहायक होती हैं। वीणा का तुम्बा मनुष्य के सिर की तरह नीचे और पैर वाला हिस्सा ऊपर है। इसी वीणा के बल पर नारद हर लोक की सुध-बुध ही नहीं लेते थे बल्कि त्रिदेव तक उनकी बातों और सूचनाओं को तरजीह देते थे। नारद कभी माया के अधीन नहीं बल्कि मायाधीश नारायण के अधीन रहे। जब विश्वमोहिनी पर अनुरक्त हुए और उससे विवाह करने की कामना जागी तब वे नारायण के पास जाकर यह नहीं कहते कि मेरा विवाह विश्वमोहिनी से हो ही जाए बल्कि 'जेहिं विधि होहि नाथ हित मोरा' कहते हैं। मन में जागी किसी अवांछित कामना को विवेक की कसौटी पर कसने से अवांछित कामनाएं विनष्ट हो जाती हैं। इस स्थिति में मां सरस्वती मनुष्य भवसागर में डूबने नहीं देती। विद्या और ज्ञान के पतवार के सहारे मनुष्य श्रेष्ठतम मानव बन जाता है।

ब्रह्म और जीव दोनों चेतन

संयासी बनने के बाद रामानुजाचार्य अथवा यतिरामानुजम् की शिष्य मंडली बड़ी तेजी से बढ़ने लगी। उनकी कीर्ति यहां तक बढ़ी कि उनके पूर्व गुरू यादव प्रकाश ने भी, इनका शिष्यत्व स्वीकार किया और "यतिसमुच्चय" नामक ग्रंथ की रचना की। उनके अधीन वैदिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूर-दूर से शिष्य आने लगे। एक दिन उनके गुरू यामुनाचार्य के पुत्र वरदरंगम् आचार्य के पास आ पहुंचे और उनसे श्रीरंगपुरम चल कर वहां के अध्यक्ष पद को स्वीकार करने को सहमत किया। श्रीरंगम् आकर रामानुजम् ने वहां के मंत्रों के ख्याति प्राप्त आचार्य गोष्ठी पूर्ण से दीक्षा ली। गोष्ठी पूर्ण के मना करने पर भी रामानुज ने मंत्रों का रहस्य जन सामान्य के हित में मान उद्घाटित करना शुरू कर दिया। गोष्ठी पूर्ण से यह मंत्र रहस्य जान कर कि मंत्रों में वह सामर्थ्य है कि इनका श्रद्धापूर्वक नियमित पाठ, मनुष्य के मोक्ष या मुक्ति में सहायक हो सकता है, उन परम गोपनीय मंत्रों को खुले आम सार्वजनिक करना शुरु कर दिया। उन्होंने जनहित में मंत्र रहस्य को सार्वजनिक करने के लिए गुरू गोष्ठीपूर्ण को सहमत कर लिया। प्रसन्नता पूर्वक गुरू गोष्ठीपूर्ण ने उनको आशीष दिया कि, "आज से विशिष्टाद्वैत मत तुम्हारे नाम पर 'रामानुजदर्शन' के नाम से विख्यात होगा।" मैसूर के तत्कालीन नरेश राजा विट्टिदेव की सहायता से आचार्य श्री रामानुजने, "श्रीवैष्णवमत" के चतुर्दिक प्रचार के लिए अपने 74 सुयोग्य शिष्यों को नियुक्त किया। इस प्रकार अपना सारा जीवन भजन-साधन तथा वैष्णव धर्म एवं विशिष्टाद्वैत मत के चतुर्दिकसुप्रचार में लगा कर अंततः विक्रम संवत् 1194 में श्री हरि षिष्णु के दिव्य धाम के लिए प्रस्थान किया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यतिराराज रामानुजम् या रामानुजाचार्य ने अपने मत की पुष्टि के लिए जिन अनेक ग्रंथों की रचना की, उनमें उनके सुख्यात् "श्रीभाष्य" के अति रिक्त, वेदान्त संग्रह, वेदान्त प्रदीप, वेदान्तसार, वेदान्ततत्वसार, गीताभाष्य, गद्यत्रय, भगवदारा धनक्रम बहुत लोकप्रिय हुए। इसके अतिरिक्त अष्टादशरहस्य, कंटकोद्धार, कूटसंदेह, ईशावास्योपनिषदभाष्य, गुणरत्नकोश, चक्रोल्लास, दिव्यंसूरिप्रकाश दीपिका, देवतास्वारस्य, नारायणमंत्रार्थ, न्यायरत्नमाला, मुंडकोपनिषदव्याख्या, दिव्यसंरिपूरभावदीपिका, योगसूत्रभाष्य, रामपाल, नित्यपद्धति, रामपद्धति, रामपूजापद्धति, रेमरहस्य, राममंत्रपद्धति, विशिष्टाद्वैतभाष्य, विष्णुसहस्रनामभाष्य, शतदूषणी, वेदार्थसंग्रह, संकल्प सूर्योदय टीका, श्वेताश्वतरोपनिषद्व्याख्या, सच्चरित्ररक्षा आदि। दुर्भाग्य वश, इन रचनाओं का कालक्रम निर्धारण असंभव है। इनकी सभी कृतियां संस्कृत में हैं। रामानुज ने गुरू यामुनाचार्य के सिद्धांतों की विस्तृत और बोधगम्य प्रस्तुति को लोक प्रिय बनाया यह भी तीन ही मौलिक पदार्थों का अस्तित्व मानते हैं - चित् (जीव), अचित् (जड़जगत या समूह) तथा ईश्वर या पुरूषोत्तम।

इनके अनुसार स्थूल-सूक्ष्म, चेतन-अचेतन विशिष्ट ब्रह्म ही ईश्वर है। अनंत जीव और जगत उनका शरीर है। वही इस शरीर की आत्मा है। ब्रह्म अशेष गुणों का आलय या आवास है। उसमें निकृष्ट या हेय कुछ भी नहीं है। सर्वेश्वरत्व, सर्वग्यत्व, सर्वनियनतृत्व आदि इसके गुण या लक्षण हैं। यह सूक्ष्म चिंतन और अचेतन रूप में जगत का उपादान (प्राप्ति या प्राप्त करना) कारण है। संकल्प विशिष्ट रूप से निमित्त कारण है। जीव और जगत इसका शरीर है। यही सृष्टि का निर्माता और संहारकर्ता है। यही अंतर्यामी और पूजनार्थ अवतार भेद से शंख, चक्र, गदा, पद्मधारी चतुर्भुज है। श्री, भू और लीला देवी सहित किरीट आदि आभूषणों से अलंकृत है। जड़जगत, ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म ही जगत का उपादान और निमित्त कारण है। यह जगत रूप में प्रकट होकर भी विकार (दोष रहित या निर्दोष) है। यह जगत सत्य है, मिथ्या नहीं है। जीव भी ब्रह्म का शरीर है। ब्रह्म और जीव दोनों चेतन हैं ब्रह्मविभु (सर्वव्यापक) तथा जीव अणु है। ब्रेक पूर्ण तथा जीव खण्डित है। प्रत्येक शरीर में जीव भिन्न या पृथक् है।

आसपास-उत्तराखंड

मलिक पर 26 साल पूर्व भी लगी थी रासुका

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलुपरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक का आपराधिक इतिहास काफी लंबा-चौड़ा है। राजद्रोह, हत्या, बलवा, हत्या का प्रयास और कानून की धज्जियां उड़ाना आदि अपराधों की कई धाराओं में वह पहले भी नामजद रह चुका है। उस पर लगभग 26 वर्ष पूर्व पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) में भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

सपा नेता अब्दुल मतीन सिद्दीकी का छोटा भाई अब्दुल रऊफ सिद्दीकी राजनीति में उभर रहा था। जुझारू और मिलनसार रऊफ ने कम समय में ही शहर की राजनीति में अपनी अलग पहचान बना ली थी।

उसकी लोकप्रियता को देखते हुए समाजवादी युवजन सभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। इस वजह से वह राजनीति में कइयों, खासकर बनभूलपुरा के कुछ मुस्लिमों नेताओं की आंखों की किरकिरी बन गया था। 19 मार्च 1998 को रऊफ सिद्दीकी अपने साथी चन्द्रमोहन सिंह और त्रिलोक बनौली के साथ कार से लखनऊ जा रहा था।

तौकीर से न डरें, इस बार जरूर होगी कार्रवाई

भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कहा- लखनऊ में हो गई है बात, कार्रवाई के लिए बन रही है योजना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा है कि मौलाना तौकीर रजा की धमकियों से जनता को डरने की जरूरत नहीं है। तौकीर पर इस बार कार्रवाई जरूर होगी। वह इसीलिए दिल्ली से आए हैं। लखनऊ में बात हो गई है, प्लान भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले जब भी राजनीतिक घटनाक्रम शुरू होते हैं, मौलाना की ओर से यह उछलकूद शुरू हो जाती है। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं को इससे अवगत कराकर इसकी जांच कराने को कहा है। मौलाना अल्पसंख्यकों को भड़काते हैं लेकिन उनका जनाधार होता तो शहर का मेयर उन्हीं की पार्टी आईएमसी का होता।

राजेश अग्रवाल ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2010 और 2012 का वह मंजर बरेली की जनता नहीं भूल सकती, जब कर्फ्यू होने के बावजूद मौलाना तौकीर ने इस्लामिया ग्राउंड पर हजारों की भीड़ इकट्ठी कर ली थी। तब कालीबाड़ी, फाल्तूनगंज और सिकलापुर के लोगों ने सड़क पर आकर तौकीर रजा की योजना को फेल कर दिया था। तब सरकार ने मौलाना पर केस तो दर्ज किया था लेकिन कार्रवाई नहीं की। लेकिन अब वह बरेली की जनता को आश्वासन दे रहे हैं कि मौलाना पर कार्रवाई होगी। वह इसीलिए दिल्ली से बरेली आए हैं।

भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल। ● अमृत विचार

वरिष्ठ भाजपा नेता ने खुलासा किया कि 2010 के दंगे के बाद मौलाना तौकीर रजा पर दर्ज केस वापस लिया जा चुका है। यह भी कहा कि केस क्यों वापस लिया गया, यह उस समय की सरकार को ही पता होगा। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा के सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सभी को अपशब्द कहने के बाद भी कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई, यह प्रशासन बता सकता है। यह बात वह भी प्रशासन से पूछेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पार्टी प्रवक्ता बंटी ठाकुर और उमेश कठेरिया भी मौजूद रहे।

- बोले- चुनाव से पहले हर बार होती है उछलकूद, वरिष्ठ नेताओं से की है जांच की मांग
- कार्रवाई कराने के लिए ही आया हूं दिल्ली से, अल्पसंख्यकों को भड़काते हैं मौलाना

बरेली हवाई अड्डे के नामकरण का मामला दिल्ली में लंबित

भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कहा कि बरेली में असुरों के गुरु शुक्राचार्य और पांडवों का निर्मित शिवमंदिर है। जनता के सहयोग से बरेली नाथ नगरी का रूप ले चुकी है। जब वह प्रदेश के वित्तमंत्री थे, तब उन्होंने एयर टर्मिनल बनाने को बजट आवंटित किया था। उसी फाइल के नोट में बरेली एयर टर्मिनल का नाम नाथ नगरी एयर टर्मिनल रखने की बात दर्ज की थी।

मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व किसान नेता नजरबंद

हापुड़, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुजफ्फरनगर आने से एक दिन पहले मेरठ में गांव रामपुर घौरिया निवासी भाकियू प्रदेश सचिव मोनू पवार घौरिया को घर में नजरबंद कर दिया। उनके घर फोर्स लगा दी गई। जिलाधिकारी व एसडीएम सरधना ने फोन कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

भाकियू अंबावत प्रदेश सचिव मोनू पवार घौरिया ने बताया प्रदेश में समस्याओं का अंबार है। भाजपा तानाशाही सरकार चला रही है। मुख्यमंत्री या अन्य संवैधानिक पद पर बैठने वाला व्यक्ति किसी दल का नहीं ,आमजनता का जनप्रतिनिधि होता है। समस्या सुनना समाधान करना उनका फर्ज है। लेकिन भाजपा सरकार केवल गुंडा राज व तानाशाही चला रही है। मोनू पंवार घौरिया ने बताया की हमारे साथी मेरठ जिलाध्यक्ष गुड्डू गुर्जर, तहसील अध्यक्ष योगेश गुर्जर, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष हर्षपाल को रोकने का प्रयास किया गया।

एलएलबी छात्रों को आज बंटेंगे स्मार्टफोन

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के सत्र 2022-23 के एलएलबी छात्रों को मंगलवार को नए परीक्षा भवन में स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। छात्र लंबे समय से टैबलेट वितरण की मांग कर रहे थे। इसके लिए कई बार प्राचार्य का घेराव भी किया गया था। प्रो. राजेंद्र सिंह ने बताया कि चयनित छात्रों की सूची कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

बिकाऊ

कोठी बिकाऊ है प्रथम श्रेणी में नवनिर्मित दोमंज़िला बिल्डिंग 240 गज में जिसमे अलग-अलग तीन फैमली फ्लैट हैं। समस्त रिहायशी सुविधा ,निकट रेलवे स्टेशन हरथला से पहले , सोनकपुर में उपलब्ध है। मो0 9412633604 नसीम साबरी

व्यापारी से 1.50 लाख लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

संवाददाता, हापुड़

- पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली, दो आरोपी घायल

अमृत विचार : थाना धौलाना क्षेत्र में व्यापारी से हुई लूट की घटना में शामिल बदमाशों से रविवार देर रात गांव निधावली नहर की पुलिया के पास पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिन में एक बदमाश ने हवा में 5 राउंड फायर किए। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की । इस दौरान पैर में गोली लगने से जिला गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र के राजापुर का सूरज उर्फ शुभम व गौतमबुद्धनगर के थाना बादलपुर क्षेत्र के गांव छपरौला का बाबी उर्फ रमेश घायल हो गया।

पुलिस ने धौलाना क्षेत्र के गांव सौलाना के दीपक को भी गिरफ्तार कर लिया है। घायल बदमाशों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। बदमाशों से लूटे गए 30 हजार रुपये, दो तमंचे, दो कारतूस, दो खोखा, एक चाकू और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। हापुड़ व गाजियाबाद के विभिन्न थानों में सूरज उर्फ शुभम के खिलाफ 13 व बाबी उर्फ रमेश के खिलाफ नौ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि दिल्ली के उत्तम नगर के रहने वाले सतीश पशु व्यापारी हैं। आठ फरवरी को वह अपने साथी थाना धौलाना के गांव ककराना के नरेंद्र के साथ कार में सवार भैंस खरीदने के लिए पिलखुवा के गांव जादोपुर जा रहे थे। डेरहा गांव व जादोपुर के बीच बंबे पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने करीब 1.50 लाख रुपये लूट लिए थे। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

ट्यूशन जा रही छात्रा पर किया जानलेवा हमला

काशीपुर, अमृत विचार: अपनी बहन के साथ ट्यूशन जा रही छात्रा पर एक युवक ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल युवती को सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहीं इसकी खबर मिलने पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में कोतवाल का घेराव कर कार्रवाई की मांग की।

सोमवार शाम को कटोराताल निवासी बीएसएसी की छात्रा अपनी बहन और उसकी सहेली के साथ ट्यूशन के लिए जा रही थी। तभी बड़े गुरुद्वारे के पास रास्ते में एक युवक ने उसको रोक लिया और पीछे से उसके सिर व हाथ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं शोर-शराबा होने पर आरोपी युवक मौके से भाग गया। उधर युवती की बहन ने अपने पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पिता व अन्य लोगों ने युवती को सरकारी अस्पताल में पहुंचाया।

नर्सिंग की परीक्षा के केंद्र निर्धारित परीक्षा की पाली समय भी बदला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। इसके अलावा परीक्षा की पाली में भी बदलाव किया है। पहले परीक्षा सुबह 8:30 बजे से निर्धारित थी लेकिन छात्रों ने परेशानी जताई तो इसे बदलकर अब दोपहर 2:30 बजे से कर दिया गया है। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी। वहीं परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा भी 20 से शुरू होगी। इसके अलावा सोमवार को विधि की एलएलबी और बीएएलएलबी की परीक्षा समाप्त हो गई।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग व पैरामेडिकल, एमएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल की मुख्य व पूरक परीक्षा 2023 के केंद्र तय कर दिए गए हैं। 16 महाविद्यालयों के केंद्र बरेली कॉलेज, राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज मीरगंज, एसएस कॉलेज शाहजहांपुर, राजकीय संघटक कॉलेज फैजल्लाहगंज मुरादाबाद, हिंदू कॉलेज मुरादाबाद, आरबीडी कॉलेज बिजनौर और राजकीय संघटक कॉलेज हसनपुर अमरोहा में बनाए गए हैं।

कॉलेजों से बीएड और एमएड छात्रों की सूची मांगी

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने महाविद्यलायों से बीएड और एमएड छात्रों की सूची मांगी है। बीएड और एमएड के परीक्षा फार्म 20 फरवरी से भरे जाना प्रस्तावित है।

व्यावसायकि पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म 16 से भरे जाएंगे

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों बीएससी गृह विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, बॉयोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबॉयोलॉजी, ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स व कम्प्यूटर, एमएससी गृह विज्ञान और विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और बीपीएड और बीएलएड के संस्थागत व भूतपूर्व परीक्षा के फार्म 16 फरवरी से 29 फरवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को 2 मार्च तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

पत्रांक :-193/ई-निविदा /2023-24 दिनांक :-16.01.2024

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, मुरादाबाद द्वारा ए0/बी0/सी0/डी0 के लिए मार्ग श्रेणी में पंजीकृत पात्र निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रसं	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में)
1	2	3	4	5	6	7
1	मुरादाबाद	एन0एस0टी0 मार्ग के कि0मी0 37 से रामपुर घोघर मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	7.70	0.77	2 माह	300+500+54 =854
2	मुरादाबाद	एन0एस0टी0 मार्ग के कि0मी0 47 से मस्तल्लीपुर कटारमल मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	14.90	1.49	2 माह	300+500+54 =854
3	मुरादाबाद	बगियासागर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	5.60	0.56	2 माह	300+500+54 =854
4	मुरादाबाद	शेखपुरा इंतजाम अली खान मार्ग से अकबरपुर सिहाली मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	11.20	1.12	2 माह	300+500+54 =854
5	मुरादाबाद	सीमला से नगला जोगराज मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	9.00	0.90	2 माह	300+500+54 =854
6	मुरादाबाद	अगवानपुर हकीमपुर मौढ़ा मार्ग के कि0मी0 1 ये अगचसपवु रेलवे स्टेशन मार्ग की मरम्मत एंव सुधार का कार्य।	4.40	0.44	2 माह	300+500+54 =854
7	मुरादाबाद	महेन्द्री फीडर मतलबपुर कमरिया जुबला मार्ग के कि0मी0 2 से मतलबपुर रेलवे स्टेशन मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	11.30	1.13	2 माह	300+500+54 =854
8	मुरादाबाद	ध्यानपुरा से मुस्तफापुर खण्डसाल मार्ग से फरीदपुर भैंडी सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत एवं सुधार का कार्य।	14.60	1.46	2 माह	300+500+54 =854

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.02.2024 से 21.02.2024 है जो कि दिनांक 21.02.2024 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 21.02.2024 को समय दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के नियम/शर्ते और विवरण वेबसाइट http://etender.upp.nic. पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879 (1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक -4650/4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP - 202970 दिनांक 11.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 मुरादाबाद
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस से भिड़ी कार, 5 युवक जिंदा जले

डिवाइडर से टकरा क्षतिग्रस्त हुई बस, पीछे से आ रही कार बस से भिड़ी

संवाददाता, मथुरा/ फिरोजाबाद

अमृत विचार : सोमवार सुबह करीब सात बजे मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा हो गया। यहां स्लीपर बस डिवाइडर से टकरा गई। इसी दौरान पीछे आ रही कार भी बस से भिड़ गई। इसी बीच धमाका हुआ और दोनों गाड़ियां जलने लगीं। इस हादसे में कार सवार पांचों लोगों की जलने से मौत हो गयी। ये हादसा थाना महावन क्षेत्र माइल स्टोन 116 पर हुआ। हादसे के बाद बस की सवारियों ने आनन- फानन में बस से कूदकर अपनी जान बचाई।

कार में जले पांचों युवकों की पहचान अंशुमान पुत्र मनोज यादव निवासी ककरारा थाना खैरगढ़, अतिन कुमार यादव निवासी एटा चौराहा शिकोहाबाद और फिरोजाबाद निवासी शिव किशन रावत, जायद खान, सरवर हुसैन के रूप में हुई है। पांचों आपस में दोस्त थे। मुख्यमंत्री ने हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

दुर्घटना के बाद जलती बस और कार। ● अमृत विचार

▸▸ दोनों वाहनों में लगी आग, मरने वाले युवक आपस में थे दोस्त

12 मार्च को थी अतिन की शादी

अतिन दिल्ली में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। अतिन की 12 मार्च की शादी थी। जैसे ही उनकी मौत की खबर परिवार को लगी तो शादी वाले घर में कोहराम मच गया।

ड्यूटी के लिए निकले थे

अंशुमान की मौत पर उसकी पत्नी विशाखा के अलावा पिता मनोज कुमार, बड़ी बहन अंशिका यादव तथा मां पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। शिकोहाबाद से अंशुमान अपनी स्विफ्ट डिजाइर कार को लेकर नोयडा नौकरी के लिए सोमवार सुबह घर से निकले थे। उसके साथ दोस्त अतिन समेत पांच लोग थे। अंशुमान अपने पिता की इकलौती संतान थे। उसकी एक साल पूर्व शादी हुई थी। जैद सईद खान दिल्ली एनसीआर में कॉल सेंटर पर नौकरी करते थे। सरवर हुसैन और शिव किशन सुहाग गुड़गांव में जॉब करते थे।

उप्र. में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ नजर आएंगी प्रियंका

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में अगले सप्ताह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रवेश करेगी। उप्र. में कांग्रेस की महासचिव और राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी भी इस यात्रा में नजर आएंगी। राहुल की यात्रा पूर्वांचल से रास्ते उप्र. में प्रवेश करेगी और बुंदेलखंड के रास्ते मध्य प्रदेश चली जाएगी।

राहुल की यात्रा अब लखनऊ और वहां से कानपुर होते हुए झांसी के रास्ते मध्य प्रवेश में प्रवेश करेगी। कांग्रेस की उप्र. इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटा दिया है।

प्रवक्ता ने बताया कि उप्र. में पहले यह यात्रा 16 फरवरी से 26 फरवरी तक होनी थी लेकिन अब 22 फरवरी को शुरू हो रही है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 20 फरवरी को रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। वह एक रोड शो में भी राहुल के साथ भाग ले सकते हैं।

पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती: आज से डाउनलोड कर सकेंगे एडमिट कार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ परीक्षा विभिन्न जिलों में 17 और 18 को आयोजित कराई जाएगी

▸▸ 23 दिसंबर को जारी हुई थी कॉन्स्टेबल भर्ती की अधिसूचना

अमृत विचार : उप्र. पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड का बेसब्री से इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। अभ्यर्थी उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की वेबसाइट पर जाकर मंगलवार 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

इससे पहले, बोर्ड ने 10 फरवरी को विभिन्न जिलों के परीक्षा केन्द्रों की सूची जारी की थी। परीक्षा 17 और 18 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। मिशन रोजगार के तहत राज्य सरकार ने 23 दिसंबर को शिक्षित युवाओं को राहत देते हुए राज्य की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती की अधिसूचना जारी की थी। युवा काफी समय से उप्र. पुलिस में सिपाही के 60 हजार से ज्यादा रिक्त पदों की भर्ती का इंतजार कर रहे थे।

35 लाख से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा : उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। अब तक की सबसे बड़ी भर्ती के लिए लगभग 50 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। परीक्षा के लिए विभिन्न जिलों में 6484 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 35 लाख से अधिक अभ्यर्थी अपनी परीक्षा देंगे।

अभ्यर्थी ऐसे डाउनलोड कर सकेंगे अपना एडमिट कार्ड

- बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाएं।
- होमपेज पर नोटिस टैब पर क्लिक करें।
- इसके बाद, उप्र. पुलिस में रिजर्व सिविल पुलिस के पदों के लिए सीधी भर्ती-2023 के तहत लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड लिंक पर क्लिक करें।
- अपने लॉगिन विवरण दर्ज कर सबमिट करें और डाउनलोड करें।

सार-संक्षेप

इंजीनियर्स एसोसिएशन करेगा प्रदेश व्यापी आंदोलन

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश के अभियंत्रण विभागों एवं प्राधिकरण में अभियंताओं एवं अधिकारियों के साथ किये जा रहे अमर्यादित व्यवहार से नाराज उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा। इस सम्बंध में एसोसिएशन के महासचिव आशीष यादव ने प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भेज दिया है। उन्होंने लिखा है कि सरकार की मंशा के अनुरूप अभियंता प्रदेश के विकास में मेहनत और निष्ठा के साथ योगदान दे रहे हैं। छह फरवरी को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सहायक और अवर अभियंता को जिलाधिकारी ने विभागीय बैठक से पुलिस हिरासत में भेज दिया। यह कृत्य संविधान में प्रावधानित व्यवस्था के विपरीत है। ऐसी घटनाओं से अधिकारियों और अभियंताओं का मनोबल गिरता है और विकास कार्य प्रभावित होता है। एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि यदि दोबारा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ऐसी कार्यवाही दोहराई गयी तो न्यायालय की शरण में जाने के साथ प्रदेश व्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

अशरफ की पत्नी जैनब के मकान को गिराने की तैयारी

प्रयागराज, अमृत विचार : माफिया अशरफ की पत्नी के मकान के साथ तीन अन्य मकानों पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण बुलडोजर चलाने की तैयारी कर रहा है। पुरामफ्ती में बने बफबोर्ड की जमीन पर बने आलीशान मकान में अतीक के भाई अशरफ की बीवी जैनब फातिमा रह रही थी। जिस मकान को प्लविकास प्राधिकरण ने पुलिस टीम के साथ कुर्क किया था। इस आलीशान मकान के साथ अन्य तीन मकानों को भी ध्वस्त किया जाएगा। प्रशासन व प्राधिकरण ने इसकी तैयारी कर ली है, मगर इस मामले में अभी कोई कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है। मालूम हो कि अतीक अहमद के भाई खालिद अजीम उर्फ़ अशरफ ने वक्फबोर्ड की जमीन पर कब्जा करके अवैध तरीके से एक आलीशान बंगला बनवाया था। जिसमें अशरफ की बीवी जैनब फातिमा रहती थी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रही जैनब के इस मकान को सील किया गया था। इसके बाद से इस मकान के साथ अन्य तीन मकानों को भी पीडीए ने चिन्हित किया है। अब इन सभी मकानों को प्रयागराज विकास प्राधिकरण बल्डोजर चलाकर ध्वस्त कराएगा।

रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों के गठबंधन से रालोद के अलग हो जाने के बाद कांग्रेस का लालच बढ़ा दिख रहा है। दरअसल, उप्र. में विपक्षी दलों की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते सपा ने निर्णायक भूमिका में आते हुए रालोद के लिए जहां सात सीटें तय कीं वहीं कांग्रेस को 11 सीटें प्रस्तावित कीं। रालोद के अलग होने के बाद कांग्रेस को और सीटें मिलने की संभावना नजर आ रही है। इस बीच उप्र. में लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के तहत सपा और कांग्रेस के बीच बातचीत जारी है। कांग्रेस के ओर से उप्र. में 20 लोकसभा सीटों की मांग सपा के सामने रखी गई है। सूत्रों के मुताबिक, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उप्र. पहुंचने से पहले इस गठबंधन की घोषणा हो सकती है।

राज्यसभा: सपा की ओर से अलोक रंजन का नाम भी आगे

लखनऊ, अमृत विचार : राज्यसभा चुनाव के लिए सपा की तरफ से जिन दो प्रत्याशियों का नाम सामने आ रहा है, उसमें मौजूदा राज्यसभा सदस्य जया बच्चन और सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबी व सेवानिवृत आईएएस अफसर, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन का नाम सबसे आगे है। जया बच्चन पहली बार 2004 में राज्यसभा गई थीं। तब से अब तक वह कुल चार बार राज्यसभा की सदस्य रह चुकी हैं और अब उम्मीद है की पांचवीं बार फिर से पार्टी उन्हें राज्यसभा भेज सकती है। वहीं उप्र. के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन को भी राज्यसभा भेजने की चर्चा सपा खेमे में ही चल रही है। अखिलेश सरकार के दौरान आलोक रंजन मुख्य सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बतौर मुख्य सलाहकार भी कार्य कर चुके हैं।

व्यास तहखाना में पूजा रोकने के मामले की सुनवाई 15 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति देने के फैसले को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी द्वारा खारिज किए जाने की मांग लेकर दाखिल याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। घंटे भर चली सुनवाई में दोनों पक्षों के द्वारा दिए गए तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले को आगामी 15 फरवरी को सूचीबद्ध कर दिया है।

मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने तर्क दिया कि वाराणसी जिला न्यायाधीश के 31 जनवरी 2024 के आदेश में हिंदू पक्षकारों को तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने के पीछे कोई ठोस कारण नहीं है। उक्त आदेश स्वयं दर्शाता है कि यह सीपीसी के किसी भी प्रावधान के तहत पारित नहीं किया गया है बल्कि वादी के प्रभाव में पारित हुआ है। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ने आगे तर्क दिया कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा था और स्थिति बदल रहा था तो निर्णय के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए था। व्यास तहखाना कभी भी हिंदू वादियों के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दे तय होने के बाद ही तय किए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि तहखाने के अंदर पूजा की अनुमति देना सही नहीं है। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ के समक्ष चल रही है।

सुलतानपुर में रामभक्त पर उपद्रवियों ने किया पथराव

सुलतानपुर, अमृत विचार : अयोध्या धाम में बने दिव्य व भव्य भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ का एक युवक उलटे पांव अयोध्या धाम की यात्रा कर रहा है। उसके सुलतानपुर जिले की सीमा में प्रवेश करते ही कुछ अराजक तत्वों ने पथराव कर अभद्रता की। डीएम ने सीओ सिटी शिवम मिश्र को आगे की यात्रा में समस्या न आए इसके लिए विशेष बंदोबस्त करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ गांव निवासी युवा मेहुल लखानी रविवार की शाम जब अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग से अयोध्या धाम की तरफ उलटे पांव आगे बढ़ते हुए जिले की सीमा में प्रवेश किया तो सुलतानपुर की सीमा में कुछ अराजक तत्वों ने उन पर पथराव कर उनसे अभद्रता की।

13 आईटीआई कालेज सौर ऊर्जा से लैस होंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर बाराबंकी, मथुरा व आगरा आदि के आईटीआई को मिलेगा लाभ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासन ने 3.10 करोड़ रुपये की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि जारी की है। इसके जरिए हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्र युक्त बनाने की प्रक्रिया को गति देने में मदद मिलेगी।

प्रदेश में अयोध्या व वाराणसी को मॉडल सोलर सिटी बन रही है। सरकारी विभागों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भी रूफटॉप सोलर पैनल इंपैनलमेंट प्रोजेक्ट के लिए धनावंटन के बाद अब 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्रों से युक्त करने

की प्रक्रिया शुरू की गई है। इनकी क्षमता 40 किलोवॉट होगी। इसमें प्रत्येक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को 23.88 लाख रुपये से रूफटॉप इनेबल्ड सोलर पैनल इंपैनलमेंट व सोलर पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन के कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। जिन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा उनमें हरदोई का पिहानी, पीलीभीत का बरखेड़ा, कुशीनगर का नौरंगिया व हाटा, बाराबंकी का फतेहपुर, मथुरा का गोवर्धन, महाराजगंज का माधोनगर, निचलौल व नौतनवा, कन्नौज का छिबरामऊ व तिर्वा, देवरिया का बरहज तथा आगरा का एत्मादपुर प्रमुख हैं। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा सभी 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा युक्त करने का कार्य प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निदेशक की देखरेख में होगा। इन सभी क्रय व संचालन कार्यों को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक अनुसार पूरा किया जाएगा। उच्च गुणवत्ता समेत तमाम मानकों को सुनिश्चित किया जाएगा।

दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ किये रामलला के दर्शन

भव्य राममंदिर विश्व के लिए सौभाग्य की बात

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पूरे विश्व, देश और समाज के लिए सौभाग्य की बात है कि रामलला का इतना भव्य और सुंदर मंदिर बनकर तैयार हुआ है। आज रामलला के दर्शन कर असीम शांति की अनुभूति हुई। इसका शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। ये बातें सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहीं।

वो अपनी पत्नी, माता-पिता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, उनकी पत्नी व माँ के साथ श्रीराम के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। केजरीवाल ने कहा कि यहां रोज दर्शन करने आ रहे लाखों रामभक्तों को देखकर दिल गदगद हो गया। आज मैं ने भी सुख, शांति और देश की तरक्की की प्रार्थना की है।

रामलला का दर्शन करते अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान आदि। ● अमृत विचार

इससे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार दोपहर करीब 1:50 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिल राम मंदिर के लिए रवाना हो गया। राम मंदिर पहुंचे दोनों मुख्यमंत्रियों के काफिले को वीवीआईपी गेट नंबर 11 से मंदिर में प्रवेश कराया गया। दोनों मुख्यमंत्रियों ने अपने-अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्रीराम जन्मभमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल से मंदिर निर्माण को लेकर विस्तार से जानकारी भी ली।

रामलला का दर्शन कर मन अह्लादित : मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि लंबे समय से यहां आने की इच्छा थी, जो आज पूरी हुई। परिवार के साथ रामलला का दर्शन मन अह्लादिल हो गया। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। रामलला से एक ही प्रार्थना की है कि सभी लोग खुश रहें। आपस में भाईचार बना रहे और देश की तरक्की हो। उन्होंने कहा कि भारत धार्मिक आस्था वाला देश है। यहां कोई पर्व और त्योहार जब मनाया जाता है तो हम लोक एकत्र होकर उसे मनाते हैं।

509 परीक्षा केन्द्रों पर मदरसा बोर्ड परीक्षा आज से

लखनऊ, अमृत विचार : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा मंगलवार से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक का कहना है कि कंट्रोल रूम और सीसीटीवी के सहारे परीक्षाओं पर निगरानी रखी जाएगी।

मंगलवार से आरंभ हो रही मदरसा बोर्ड परीक्षा प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित होगी। जिसमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कुल 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों में छात्रों की संख्या 71 हजार 702 रहेगी। जबकि छात्राएं 69 हजार 413 सम्मिलित होंगी।

वर्ग पहेली-341

बाएं से दाएं

4. 1. वह जो बहुत वीर हो 2. पवनपुत्र हनुमान 3. चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर 4. गौतम बुद्ध 5. सिंह, शेर 6. गरुड़ 7. बाज़ नामक पक्षी 8. वज्र 9. घोड़ा।

5. 1. उत्कृष्ट कार्य हेतु किसी को उपहारस्वरूप दिया जाने वाला सोने, चांदी, तांबा आदि धातु का वह टुकड़ा जिसपर प्रायः देने वाले का नाम अंकित रहता है, तमगा, (मेडल) 2. पूजा हेतु निर्मित किसी देवता के चरण की प्रतिमूर्ति 3. आभूषण के रूप में पहना जाने वाला वह धातुखंड जिसपर किसी देवता के चरण-चिह्न अंकित हों 4. वैदिक पद-पाठ का ज्ञाता 5. एक प्रचीन गोत्र प्रवर्तक ऋषि।

7. 1. कक्षा-प्रतिनिधि, कक्षानायक 2. कंप्यूटर सूचना-सामग्री प्रदर्शित करने वाला परदा, कंप्यूटर का वह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसके परदे पर किसी प्रक्रम या प्रॉसेस को देखा जाता है।

10. शराब, मदिरा, मद्य।

11. 1. मैदे से बनी एक प्रकार की प्रसिद्ध मिठाई 2. एक जंगली वृक्ष और उसका फूल 3. पक्षियों का खाद्य पदार्थ।

ऊपर से नीचे

1. 1. एक झाड़ी जिसकी पत्तियां दवा बनाने के काम आती हैं और जिसके बीजों से लाल रंग भी निकलता है 2. इस झाड़ के बीजों से निकलने वाला लाल रंग।

2. 1. वस्तुओं के इधर से उधर होने का शब्द 2. कुछ ढूंढ़ने से होने वाली आवाज़।

3. 1. अनियमित रूप से व्युत्पन्न, रूढ़ 2. जिसका योग से संबंध न हो 3. जो यौगिक न हो, तत्व या मिश्रण (पदार्थ)।

6. 1. स्थान, जगह, ठौर 2. दरवाज़ा, द्वार 3. दहलीज़।, अंदर, में।

8. पैर साफ़ करने का पत्थर, झामक, (प्युमिक स्टोन)।

9. बड़ी बहन का पति, बहनोई।



वर्ग पहेली - 340का हल

1 रू		2 छु	ई	3 मु	ई
ठ				ख	
ना		4 वे		ता	
	5 फ़ौ	ज	दा	री	
		यं			6 फे
7 पो	षि	त			ला
			8 क	ढ़ा	व

सुडोकू-58

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6	1				4			8
							9	
3	5		1			6		
		7					8	
		3			8	9		
	9				1			7
		6					7	9
	8						4	
5			9					6

सुडोकू - 57 का हल

4	8	1	7	6	9	3	2	5
2	9	7	5	4	3	6	1	8
3	5	6	1	2	8	7	9	4
6	2	4	3	8	7	1	5	9
7	3	5	9	1	2	4	8	6
9	1	8	6	5	4	2	7	3
5	6	9	4	7	1	8	3	2
8	7	3	2	9	6	5	4	1
1	4	2	8	3	5	9	6	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 14.41 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 12.35 तक तत्पश्चात उत्तर रेवती।

मेष — आज घर के किसी सदस्य की अस्वस्थता आपको परेशान कर सकती है। आवश्यक कार्यों को दिन के तीसरे पहर में करना लाभप्रद होगा। व्यापार में स्थितियां संभलती हुई प्रतीत होंगी। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

वृष — आज कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। एक साथ दो मामलों को निपटाना पड़ सकता है। ज्यादा आदर्शवादी होने से भी नुकसान होने की संभावना है। किसी के भी सामने स्वयं अपने मुख से अपनी प्रशन्सा न करें।

मिथुन — आज रिश्तों में मधुरता बनाए रखने में आपकी बड़ी भूमिका होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। करियर को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। मित्रों के साथ फोन पर बात होगी। सहकर्मी आपकी काफी मदद करेंगे। महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मीटिंग कर सकते हैं।

कर्क — आज चुस्ती फुर्ती के लिए व्यायाम अवश्य करें। दोपहर के बाद कुछ तनाव में आ सकते हैं। आपके काम धीमी गति से पूरे होंगे। अपनी गलती का ठीकरा दूसरों पर न फोड़ें। आपके व्यवहार में आए परिवर्तन के कारण लोग अचरज में आ सकते हैं।

सिंह — आज दांपत्य संबंधों में मधुरता होगी। अचानक से बजट में कमी आ सकती है। नए कार्यों में धन निवेश कर सकते हैं। ऐसे मुद्दों पर चर्चा से दूर रहें, जिसके विषय में आपके पास कम जानकारी है। दूसरे लोगों की मदद करेंगे।

कन्या — आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्यों को लेकर भ्रमित न हों। दोपहर के बाद काम में मन नहीं लगेगा। स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है। धन को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

तुला — आज व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। अटकी हुई पेमेन्ट आपको वापस मिल सकती है। अविवाहितों को विवाह के उत्तम प्रस्ताव मिल सकते हैं। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा।

वृश्चिक — आज आपको हाल में ही शुरू किए गए कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। प्रेम संबंध रोमान्टिक रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। किसी भी काम को कल पर न टालें। संतान के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। घर का माहौल सुखद रहेगा।

धनु — आज आय में वृद्धि होने की संभावना है। फुटकर व्यापारी नए सामान की खेप मंगवा सकते हैं। आपको भागदौड़ काफी ज्यादा करनी पड़ेगी। आप दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

मकर — आज जॉब में उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। समाज में आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। मन में नए और क्रियेटिव विचार उत्पन्न हो सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में हिस्सेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज नौकरीपेशा लोगों को घर पर भी बहुत कुछ काम करना पड़ेगा। विद्यार्थी अध्ययन को लेकर लापरवाह हो सकते हैं। दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार आयेगा। धन को लेकर आ रही समस्याओं का निपटारा होगा।

मीन — आज का दिन कुछ प्रतिकूल हो सकता है। शांतिपूर्वक मामलों को सुलझाने का प्रयास करें। अपनी किसी शौक को करियर के रूप में चुन सकते हैं। बड़े आर्थिक निवेश के लिए समय अनुकूल नहीं है। अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- आज का अर्जुन — सुबह : 09.00
- हम साथ साथ है — रात : 09.00

SONY SMAX
- पीके — सुबह : 09.00
- कबीर सिंह — शाम : 06.00

Utsav Gold
- हम दो हमारे दो — सुबह : 07.00
- एक विलन — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- हमेशा — दोपहर : 12.40
- केदारनाथ — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- नकाब — सुबह : 07.00
- ऐ दिल है मुश्किल — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दोस्त - तेरी बीवी कुछ कहती नहीं, जब शाम को दारू पीकर घर जाता है?
बब्लू - कहती नहीं, बोलती है...
दोस्त - क्या...?
बब्लू - बोलती है, कीड़े पड़ेंगे तुम्हारे दोस्तों को जिन्होंने तुम्हें बिगाड़ा...!

एक बार पति-पत्नी में जमकर लड़ाई हो गई।
गुस्से में आकर पत्नी (पति से) बोली- अब तो हद हो गई, पानी सिर से ऊपर चला गया है, मैं अपनी मां के घर जा रही हूं और कभी वापस नहीं आऊंगी...
पति- जाने से पहले एक खुशखबरी सुनती जाओ, कल तुम्हारी मां भी अपने पति से लड़कर अपने मायके चली गई है...

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दालदाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चित्ता: 145 लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

एक नजर

हवाई पट्टी पर घुसपैठ रोकने के लिए जारी किया गया परिपत्र

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई पट्टी पर 'घुसपैठ' की घटनाओं को रोकने के लिए सभी हवाई अड्डों पर रनवे सुरक्षा टीम गठित करने और प्रौद्योगिकी की मदद लेने को कहा है। डीजीसीए ने पिछले महीने जापान के हानेडा हवाई अड्डे पर हवाई पट्टी पर हुई घुसपैठ के कारण विमानों की टक्कर के मद्देनजर एक परिपत्र जारी किया है। इसमें सभी हवाई अड्डों पर हवाई पट्टी सुरक्षा दल की स्थापना और उनका प्रभावी कामकाज सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

अकासा एयर ने दो दिन में 10 उड़ानें रद कीं

मुंबई। एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने सोमवार को कहा कि उसने दो दिन में 10 उड़ानें रद की हैं। एयरलाइन ने उड़ान रद होने के कारणों का खुलासा नहीं किया, लेकिन सूत्रों ने कहा कि कंपनी को प्रशिक्षित पायलटों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

श्रीलंका, मॉरीशस में यूपीआई सेवा शुरू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों के लिए इसे विशेष दिन बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत सोमवार को श्रीलंका और मॉरीशस में हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी से जोड़ने वाला बताया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ ने भी हिस्सा लिया। अपनी टिप्पणी में मोदी ने उम्मीद जताई कि नई फिनटेक सेवाएं दोनों देशों की मदद करेंगी।

उन्होंने कहा कि यूपीआई भारत के साथ साझेदारी को एकजुट करने की नई जिम्मेदारियों को क्रियान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा-आज हिंद महासागर क्षेत्र के तीन मित्र देशों के लिए एक विशेष दिन है क्योंकि हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक डिजिटल तकनीक के साथ जोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा-मुझे विश्वास है कि यूपीआई प्रणाली से श्रीलंका और मॉरीशस को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे से भारत में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने 'पड़ोस प्रथम' नीति पर भारत की केंद्रित नीति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा-चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो, स्वास्थ्य से जुड़ी हो, आर्थिक या अंतर्राष्ट्रीय मंच पर समर्थन, भारत ने सबसे पहले प्रतिक्रिया दी है। भारत आगे भी यह जारी रखेगा।

श्रीलंका और मॉरीशस में भारतीय सेवाओं की शुरुआत दोनों देशों के साथ भारत के बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पृष्ठभूमि में हुई है। इससे श्रीलंका और मॉरीशस की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के साथ ही भारत की यात्रा करने वाले इन देशों के नागरिकों के लिए यूपीआई की सेवा उपलब्ध होगी।

यूपीआई को लेकर कई देश दिखा रहे हैं रुचि: दास



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) को लेकर कई अन्य देशों ने रुचि दिखाई है और उनके साथ बातचीत जारी है। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए अगले वित्त वर्ष में सात प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बिल्कुल उपयुक्त है। यूपीआई के बारे में उन्होंने कहा-कई देशों ने यूपीआई और रूपे कार्ड को लेकर रुचि दिखायी है और इस संदर्भ में उनके साथ बातचीत जारी है। हालांकि, दास ने उन देशों के नाम नहीं बताए, जिन्होंने यूपीआई को लेकर रुचि दिखायी है। उन्होंने भारत और मॉरीशस के बीच रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सुविधा और भारत और श्रीलंका के बीच यूपीआई कनेक्टिविटी की जानकारी देते हुए यह बात कही। इसके साथ मॉरीशस जाने वाले भारतीय यात्री एक व्यापारी को वहां यूपीआई के जरिए भुगतान कर सकेंगे।

आरबीआई का पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में गवर्नर ने दी जानकारी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) के खिलाफ की गई कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार किया। कहा कि यह निर्णय पीपीबीएल के कामकाज के व्यापक मूल्यांकन और ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

आरबीआई ने 31 जनवरी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे 29 फरवरी के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट, फास्टटैग और अन्य उत्पादों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करना बंद करने का निर्देश दिया। दास ने यहां आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-इस समय मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि पीपीबीएल मामले में फैसले की कोई समीक्षा नहीं होगी। यदि आप निर्णय की समीक्षा की उम्मीद कर रहे हैं, तो मैं यह साफ कर दूं कि इसकी कोई समीक्षा नहीं होगी। केंद्रीय निदेशक मंडल की इस बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संबोधित किया। गवर्नर ने कहा कि आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कोई भी निर्णय व्यापक मूल्यांकन के बाद ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि आरबीआई वित्त-प्रौद्योगिकी क्षेत्र का समर्थन करता रहा है, लेकिन इसके साथ वह ग्राहकों के हितों की रक्षा और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

शंकाओं का समाधान करेगा एफएक्यू

आरबीआई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को लेकर ग्राहकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान को लेकर इस सप्ताह एफएक्यू (बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची) जारी करेगा। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 606वीं बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के परंपरागत संबोधन के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा-एफएक्यू की प्रतीक्षा करें। इसमें पीपीबीएल के ग्राहकों से संबंधित मामलों का स्पष्टीकरण होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,250
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	40, 500
चांदी (999)	72,800
चांदी तैयार	73,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	73, 300
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	720(अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,150
चांदी आभूषण	73,200।

अक्टूबर-दिसंबर में बेरोजगारी दर घटकर 6.5% पर

नई दिल्ली। भारत के शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर, 2023 के दौरान घटकर 6.5% रह गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल की समान अवधि में बेरोजगारी दर 7.2 प्रतिशत थी। समय अंतराल पर श्रमबल आंकड़े उपलब्ध होने के महत्व को ध्यान में रखते हुए एनएसएसओ ने अप्रैल, 2017 में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) शुरू किया था। कहा गया कि बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर, 2022 के 6.5% से घटकर अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में 5.8% रह गई।

मुनाफा वसूली से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 523 अंक लुढ़का

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर धातु एवं बैंकिंग शेयरों में मुनाफावसूली से सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 523 अंक लुढ़क गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 523 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,072.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 71,756.58 अंक के ऊपरी और 70,922.57 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 166.45 अंक यानी 0.76 प्रतिशत टूटकर 21,616.05 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी के 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-खासकर छोटे एवं मझोले शेयरों में गिरावट की स्थिति रही।

भारत का वनस्पति तेल आयात जनवरी में 28% घटकर 12 लाख टन

नई दिल्ली। देश का वनस्पति तेल आयात जनवरी में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत घटकर 12 लाख टन रह गया है। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी। जनवरी, 2023 में वनस्पति तेल का आयात 16.61 लाख टन था। भारत दुनिया में वनस्पति तेल का प्रमुख खरीदार है। चालू तेल वर्ष की पहली तिमाही में कुल आयात 23 प्रतिशत घटकर 36.73 लाख टन रह गया, जो इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 47.73 लाख टन था। एसईए के मुताबिक, आयात किए गए कुल वनस्पति तेलों में लगभग 7,82,983 टन पाम ऑयल और 4,08,938 टन सॉफ्ट ऑयल थे।

औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर में सुस्त पड़कर 3.8 प्रतिशत पर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दिसंबर, 2023 में सालाना आधार पर घटकर 3.8 प्रतिशत रही है। एक साल पहले समान महीने में औद्योगिक उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा था।

सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर के महीने में औद्योगिक उत्पादन 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह आंकड़ा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर जारी किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)

▸▸ सरकार की तरफ से जारी किए गए आंकड़े

के आधिकारिक बयान से पता चलता है कि दिसंबर, 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 3.9 प्रतिशत बढ़ा जो एक साल पहले की समान अवधि में 3.6 प्रतिशत था। दिसंबर, 2023 में खनन उत्पादन 5.1 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में आईआईपी की कुल वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 5.5 प्रतिशत रहा था।

राष्ट्रीय

भर्ती की प्रक्रिया को बना दिया पूरी तरह पारदर्शी

रोजगार मेला: प्रधानमंत्री मोदी बोले-राजग ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार उपलब्ध कराए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित किए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्षों की तुलना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। रोजगार मेले के तहत हाल ही में भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि उस दौरान नौकरी के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक बहुत लंबा समय लग जाता था तथा इसका फायदा उठाकर 'रिश्वत का खेल' भी जमकर होता था।

उन्होंने कहा-हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। इतना ही नहीं, सरकार का बहुत जोर है कि भर्ती प्रक्रिया एक तय समय के भीतर पूरी कर ली जाए। इससे हर युवा को अपनी योग्यता साबित करने का समान अवसर मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि आज, प्रत्येक युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल की बदौलत नौकरी हासिल कर सकते हैं। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में 1.5 गुना अधिक युवाओं को नौकरी दी है। यह जानकारी देते हुए कि आज रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे में भी भर्ती हो रही है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब यात्रा की बात आती है तो रेलवे आम लोगों की पहली पसंद है।

मोदी ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि भारत में रेलवे बड़े पैमाने पर बदलाव के दौर से गुजर रही है और अगले दशक में इस क्षेत्र का पूरी तरह कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रेलवे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था जबकि आज रेल लाइनों का विद्युतीकरण और दोहरीकरण बढ़ा है और साथ ही नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने और यात्रियों के लिए सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे ट्रेन यात्रा अनुभव को फिर से नया बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट के तहत वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी 40,000 आधुनिक बोगियां तैयार कर उन्हें सामान्य ट्रेनों में जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों के लिए सुविधा और सहूलियत बढ़ेगी।

जम्मू-कश्मीर में घर में आग लगने से तीन बहनों की मौत

बनिहाल/जम्मू। जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के एक सुदूर गांव में एक मकान में आग लगने से सोमवार को तीन बहनों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि उखराल मंडल के धनमस्ता-तजनीहाल गांव में तीन मंजिला मकान में सोमवार सुबह आग लग गयी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त बिस्मा (18), शाइका (14) और सानिया (11) सबसे ऊपरी मंजिल पर सो रही थीं और आग के पूरे घर में फैलने के कारण वे बाहर नहीं निकल पायीं। अधिकारियों ने बताया कि दमकल और आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने उनके शव बरामद किए। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चला है। उपायुक्त बशीर-उल-हक ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि रेड क्रॉस फंड के तहत शोक संतप्त परिवार को तीन लाख रुपये की तत्काल सहायता राशि दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में नहीं जाएगी भारत जोड़ो-न्याय यात्रा

लखनऊ, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उत्तर प्रदेश में समय घटा दिया गया है और इसके लिए बोर्ड परीक्षाओं का हवाला दिया गया है। अब यह यात्रा 11 दिन के बजाय 6 दिन ही उत्तर प्रदेश में रहेगी। साथ ही कांग्रेस की यात्रा राज्य के पश्चिमी जिलों में नहीं जाएगी। कांग्रेस के एक नेता ने इसकी जानकारी दी।

यह निर्णय उन संकेतों के बाद लिया गया है कि समाजवादी पार्टी की सहयोगी और जयंत सिंह चौधरी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा से हाथ मिला सकती है। हालांकि, कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समय घटा दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पूरी यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा भी रहेंगी। राय ने कार्यक्रम रद्द किए जाने संबंधी अटकलों को गलत बताते हुए कहा कि रालोद के मामले से इसका कोई लेना-देना नहीं है।

▸▸ राहुल ने यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटाया

देश में लोगों को नहीं मिल रही हैं नौकरियां: राहुल

कोरबा (छत्तीसगढ़)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि देश में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है तथा वे महंगाई की मार झेल रहे हैं। गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जागने को कहा और आरोप लगाया कि जनता की जेबें लूटी जा रही हैं तथा उन्हें गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा-पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासी देश की आबादी का 74 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इन समुदायों का एक भी व्यक्ति भारत की शीर्ष 200 कंपनियों का मालिक या प्रबंधन में शामिल नहीं है, जिन्हें 'देश का सारा पैसा' दिया जा रहा है।

एक नजर

जयपुर के बाल सुधार गृह से 23 नाबालिग कैदी फरार

जयपुर। जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार सुबह 23 नाबालिग कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गए। थानाधिकारी जुल्फीकार ने बताया कि सुधार गृह प्रशासन की ओर से इस संबंध में दी गई शिकायत के आधार पर इन नाबालिग कैदियों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस की अलग अलग टीम फरार नाबालिग कैदियों की तलाश कर रही हैं।

सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन पर की गोलाबारी

मेंढर/जम्मू। सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलाबारी की। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन रविवार देर रात भारतीय क्षेत्र में कुछ देर मंडराने के बाद पाकिस्तान की ओर लौट गया। उन्होंने कहा कि मेंढर के नार मनकोट इलाके में दुश्मन के ड्रोन की गतिविधि देखी गई, जिसके बाद सैनिकों ने उस पर गोलियां चलाईं।

टीएमसी नेता शाहजहां ईडी के सामने अब तक नहीं हुए पेश

कोलकाता, एजेंसी

राशन घोटाला

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शाहजहां शेख सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अबतक पेश नहीं हुए। उन्हें कई करोड़ रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में तीसरा समन जारी किया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि ईडी के अधिकारी सॉल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित अपने दफ्तर में सवालों की सूची के साथ टीएमसी नेता का इंतजार कर रहे हैं। ईडी के अधिकारी ने बताया कि हम सुबह से शाहजहां शेख का इंतजार कर रहे हैं। वह अबतक सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित हमारे कार्यालय में पेश नहीं हुए हैं। उनकी ओर से कोई भी हमारे अधिकारियों के सामने आज पेश नहीं हुआ है। हम उनकी आज शाम तक प्रतीक्षा करेंगे।" ईडी ने करोड़ों रुपये के राशन घोटाले में कथित संलिप्तता को लेकर टीएमसी नेता को समन जारी किया था।

उच्च न्यायालय ने सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में चार दोषियों को जमानत दी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे चार दोषियों को सोमवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील के लंबित रहने तक उनकी सजा निलंबित कर दी। पीठ ने कहा कि दोषी 14 साल से हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चार दोषियों द्वारा दाखिल अपील पर जवाब देने को कहा था। एक अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर 2008 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के पालन के बगैर घरों को ढहा देना फैशन बन गया है

इंदौर, एजेंसी

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने धार्मिक नगरी उज्जैन में दो घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने को लेकर कहा कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का पालन किए बगैर किसी भी घर को ढहा देना स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए 'फैशन' बन गया है। अदालत ने दो महिलाओं की याचिका मंजूर करते हुए यह टिप्पणी की और उन्हें सरकारी खजाने से एक-एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विवेक रुसिया ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद उज्जैन निवासी राधा लांगरी और विमला गुर्जर की याचिका को स्वीकार किया। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को चार हफ्तों की तय प्रक्रिया के तहत सुनवाई का अवसर नहीं दिए जाने के कारण उनके घरों के कुछ हिस्सों को उज्जैन नगर निगम द्वारा ढहाए जाने को अवैध करार दिया। दोनों याचिकाकर्ताओं ने उज्जैन के सांदीपनि नगर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की आवास योजना के दो घरों के हिस्सों को स्थानीय प्रशासन द्वारा 13 दिसंबर 2022 को ढहाए जाने को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का पालन नहीं किया गया था।

उच्च न्यायालय ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन कर मकानों को ढहाए जाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन को लताड़ लगाते हुए कहा कि अदालत द्वारा लगातार देखा जा रहा है कि स्थानीय प्रशासन और स्थानीय निकायों के लिए रूप-रेखा बनाकर किसी भी घर को ढहा देना 'फैशन' बन गया है। उच्च न्यायालय ने उज्जैन नगर निगम के आयुक्त को उन अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिन्होंने याचिकाकर्ताओं के घरों के कुछ हिस्सों को ढहाए जाने की कार्रवाई के संबंध में मौके पर "फर्जी" पंचनामा बनाया था।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने टिप्पणी

एक पृथ्वी-एक स्वास्थ पर बनेगी समग्र चिकित्सा नीति: राजेश

ब्यूरो, नई दिल्ली

अमृत विचार: यूनानी दिवस पर आयोजित "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य* विषयक सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा है कि यूनानी एवं आयुर्वेद सहित भारत के कई ऐसी चिकित्सा पद्धतियां है जो कम खर्चे में शर्तिया इलाज संभव है। पूसा परिसर में आयोजित इस सम्मेलन में कई यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टरों ने हिस्सा लिया।

आयुष मंत्रालय ने केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) द्वारा एपी शिंदे संगोष्ठी हॉल, एनएएससी, पूसा, नई दिल्ली में यूनानी दिवस 2024 और 'यूनानी चिकित्सा: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में पारंपरिक चिकित्सा में भारत के वैश्विक नेतृत्व की बात की। कार्यक्रम में वैद्य जयंत देवपुजारी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग, नई दिल्ली, प्रो. शकील अहमद रोमशू, कुलपति, इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, अवंतीपोरा, जम्मू-कश्मीर, डॉ. नज़ीर अहमद गनी, कुलपति, एसकेयूएएसटी-कश्मीर, डॉ. सुंचू ग्लोरी स्वरूपा, महानिदेशक, राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान, हैदराबाद, डॉ. एम. ए. कासमी, सलाहकार (यूनानी), डॉ. एन. ज़हीर अहमद आदि रहे।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की 370, राजग की 400 से अधिक सीटों पर होगी जीत: शाह

अहमदाबाद, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय गृह मंत्री अहमदाबाद में लोस चुनाव नतीजे के बारे में बोले

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजे को लेकर लोगों के मन में कोई संशय नहीं है क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 370 सीट जीतेगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से अधिक सीटें जीतेगा।

शाह ने कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के शासन में से पहले पांच साल विपक्षी दल के शासनकाल में खोदे गए ''गड्ढे'' को भरने में चले गए और अन्य पांच (विकास की) नींव रखने में लगाए गए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) की 1,950 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद यहां कहा, ''उन्हें (मोदी को) तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। नींव पर एक शानदार इमारत बहुत तेज गति से बनेगी।'' शाह ने कहा, ''मैं कल कर्नाटक में था और मैंने जनवरी में 11 राज्यों का दौरा किया। लोकसभा चुनाव (के नतीजे) के बारे में किसी भी राज्य में कोई संशय नहीं है। पूरे देश में यह माहौल है कि भाजपा को 370 सीट और राजग को 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी।'' उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने कई कार्यों को गति और दिशा दी तथा ऐसे लक्ष्य पूरे किए जिनकी कल्पना करना मुश्किल था। शाह ने कहा कि यह 'गुजरात मॉडल' ही था जिसके कारण लोगों ने 2014 में मोदी को देश का प्रधानमंत्री चुना। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री ने देश को नई ऊंचाई पर ले जाने का खाका खींचा और लोगों को भरोसा है कि 2047 में भारत दुनिया में अव्वल होगा।

फाइनल में हारने के बावजूद भारतीय युवाओं का भविष्य उज्ज्वल

भारतीय टीम अंडर-19 विश्व कप में लगातार पांचवीं बार पहुंची थी फाइनल में, श्रृंखला के दौरान खिलाड़ियों ने दर्शकों का जीता दिल

नई दिल्ली, एजेंसी

उदय सहारन के नेतृत्व में भारत ने अंडर-19 विश्व कप के लगातार पांचवें फाइनल में प्रवेश किया लेकिन इसमें चूकने के बावजूद खिलाड़ियों ने दिल जीत लिया। रिकॉर्ड पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 79 रन से हार गई।

उदय सहारन : भारत के अंडर-19 टीम के कप्तान टूर्नामेंट में बल्लेबाजी लाइन अप का आधार रहे और टीम को दबाव से बाहर निकाला। उन्होंने बड़े स्कोर के लिए अच्छी नींव रखी, जिससे वह 397 रन के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे। **सचिन धास :** महाराष्ट्र के बीड के इस खिलाड़ी ने अपनी 'फिनिशिंग' से सबको आकर्षित किया। धास टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले 5 खिलाड़ियों में है। सेमीफाइनल में उनकी 96 रन की पारी ने भारत की जीत में अंतर पैदा किया क्योंकि टीम ने 32 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। **मुशीर खान :** अपने बड़े भाई सरफराज खान की तरह मुशीर को बल्लेबाजी पसंद है। उन्होंने टूर्नामेंट में दो शतक और एक अर्धशतक से कुल 360 रन बनाए। **सौम्य पांडे :** राजस्थान के भरतपुर के सौम्य ने बाएं हाथ की स्पिन से टूर्नामेंट में भारत को विकेट दिलाए और 18 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। **अर्शिन कुलकर्णी :** महाराष्ट्र के सोलापुर के इस आल राउंडर को अंडर-19 विश्व कप खेलने से पहले ही आईपीएल का अनुबंध मिल गया था। कुलकर्णी को भविष्य का हार्दिक पंड्या कहा जा रहा है। उन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में भारत के लिये पारी का आगाज किया। **राज लिम्बानी :** 'कच्छ के रण' के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज लिम्बानी ने नई गेंद से प्रभावित किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने द. अफ्रीका के खिलाफ छक्का जड़कर भारत को नौवीं बार फाइनल में पहुंचाया। अपने सपनों के लिए लिम्बानी को दयापुर गांव छोड़कर बड़ौदा आना पड़ा। **प्रियांशु मोलिया :** मोलिया भी बड़ौदा के हैं और उन्होंने 7 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 144 रन है। मध्यक्रम का यह बल्लेबाज आफ स्पिन गेंदबाजी कर सकता है। **नमन तिवारी :** लखनऊ के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह से यॉर्कर डालना सीखा है। उन्होंने टूर्नामेंट में 19 .83 के औसत से 12 विकेट लिए। **मुरुगन अभिषेक :** हैदराबाद का युवा ऑफ स्पिनर आर अश्विन से प्रभावित है। हालांकि वह काफी विकेट नहीं ले सके लेकिन रन गति पर लगाम कसने में सफल रहे। **अरावेली अवनीश :** रवि शास्त्री और आर श्रीधर की अकादमी का यह विकेटकीपर बल्लेबाज हैदराबाद के लिए लिस्ट ए में पदार्पण कर चुका है और उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा था। वह तेलंगाना के राजन्ना सिरसिला जिले के पोथुगल गांव से हैं। **आदर्श सिंह :** बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के बांग्लादेश के खिलाफ 76 रन की पारी से भारत की आदर्श शुरुआत हुई थी।फाइनल में भी 47 रन की पारी खेली। **रूद्र पटेल :** उन्हें टूर्नामेंट में खेलने का मौका नहीं मिला। वह अपनी कप्तानी में गुजरात को अंडर-16 राज्य चैम्पियनशिप का खिताब दिला चुके हैं। **इनेश महाजन :** वह टीम के रिजर्व विकेटकीपर थे और अवनीश के कारण उन्हें मौका नहीं मिला। नोएडा के बाएं हाथ के बल्लेबाज इनेश एमएस धोनी के मुरीद हैं। **धनुष गौड़ा :** बेंगलुरु का यह तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ और आर विनय कुमार के नक्शेकदम पर चलना चाहता है। वह कुछ बड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि उनके पिता अपने क्रिकेट सपने को पूरा करने में असफल रहे जबकि चोटों ने उनके बड़े भाई का करियर बरबाद कर दिया। **आराध्य शुक्ला :** गणित शिक्षक के बेटे अराध्य ने लंबा होने के लिए क्रिकेट खेलना शुरू किया। लुधियाना के इस खिलाड़ी ने सीके नायडू ट्रॉफी और कूच बिहार ट्रॉफी में प्रभावित किया जिससे उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली।

कानिटकर को भरोसा, भारत के लिए खेलेंगे कुछ खिलाड़ी

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

भारत के अंडर-19 टीम के मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर को भरोसा है कि उनकी इस टीम के कुछ खिलाड़ी भविष्य में सीनियर टीम से खेलेंगे। कानिटकर ने रविवार को मैच के बाद कहा कि निश्चित रूप से भारत का भविष्य उज्जवल है। गेंदबाजी और बल्लेबाजी, दोनों में ही कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने मुश्किल हालात में परिपक्वता दिखाई जो भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है। सहारन पंजाब के लिए खेलते हैं, वह इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नेपाल के खिलाफ शतक और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 81 रन बनाएं। मुशीर टीम के लिए बल्ले से निरंतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे।

इन दोनों के अलावा धास ने 'फिनिशर' की भूमिका निभाई और बाएं हाथ के स्पिनर पांडे ने 18 विकेट झटके। भारतीय टीम हमेशा ही आयु ग्रुप में 'पावरहाउस' रही है और अंडर-19 विश्व कप ने विराट कोहली, युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार दिए हैं। मुझे भरोसा है कि इसमें से कुछ खिलाड़ी भारतीय टीम में खेलेंगे।

खेल डायरी

उत्तर प्रदेश के कुदरत अली, लोकेश चौधरी और मोहम्मद आजाद रोइंग के राष्ट्रीय अंपायर

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के कुदरत अली, लोकेश चौधरी व मोहम्मद आजाद ने रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से हैदराबाद में आयोजित नेशनल अंपायर सेमिनार और परीक्षा को उत्तीर्ण की है। इसके साथ यह तीनों अब रोइंग की स्पर्धाओं में राष्ट्रीय अंपायर की भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे। प्रदेश के तीन अंपायरों के इस राष्ट्रीय प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल करने पर उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के चयन कमेटी के चेयरमैन आईपीएस आदित्य मिश्रा, संरक्षक आईपीएस डॉ. आरपी सिंह, आईपीएस राजीव त्रिवेदी, आईपीएस गोपाल गुप्ता सेवानिवृत्त, आईपीएस रेनुका मिश्रा (डीजी पुलिस प्रमोशन व भर्ती बोर्ड), आईजी आगरा रेंज दीपक कुमार (आईपीएस), आईपीएस बिनोद कुमार सिंह व एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने बधाई दी। सुधीर शर्मा ने बताया कि हैदराबाद के बोट क्लब में गत 10 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा को 12 लोगों ने उत्तीर्ण किया। इन राष्ट्रीय अंपायरों को रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव (उपाध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ) ने सम्मानित किया था।

भारत को ग्रेनाडा विश्वकप के जूनियर वर्ग में दो स्वर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में आईएसएसएफ विश्व कप 10 मीटर और जूनियर विश्व कप 10 मीटर के पहले दिन दो स्वर्ण पदक जीते। ईशा अनिल टकसाले ने जूनियर महिला 10 मीटर एयर राइफल में भारत को पहला स्वर्ण दिलाया, जबकि उमामहेश मद्दिनेनी ने पुरुषों की इसी स्पर्धा में पहला स्थान पाया। ईशा ने फाइनल में 251 .8 जबकि उमामहेश ने 252 .1 का स्कोर किया। पुरुषों के वर्ग में भारत ने क्लीन स्वीप किया। पार्थ माने ने रजत और अजय मलिक ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में संभावी क्षीरसागर ने कांस्य जीता। भारत पहले दिन 5 पदक पाने में सफल रहा।

पाकिस्तान के सईद से भिड़ेंगे संग्राम सिंह

मुंबई, एजेंसी। पूर्व राष्ट्रमंडल हेवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह 6 साल बाद वापसी करते हुए 24 फरवरी को दुबई में 'इंटरनेशनल प्रो रेसलिंग चैम्पियनशिप' में पाकिस्तान के मोहम्मद सईद के सामने होंगे। इस चैम्पियनशिप की पुरस्कार राशि तीन करोड़ है और इसमें पांच मुकाबले होंगे। इन पांच में से एक मैच संग्राम और सईद के बीच होगा। संग्राम (38 वर्ष) ने 2015 और 2016 में राष्ट्रमंडल हेवीवेट चैमपियनशिप जीती थी। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य फिट इंडिया की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए युवाओं को प्रेरित करना है। सईद के खिलाफ प्रतिस्पर्धा इसका शानदार तरीका है कि उम्र कोई बाधा नहीं है और मैं विश्व पेशेवर कुश्ती द्वारा मुहैया कराए इस भिड़ंत के लिए तैयार हूं।

स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में भारत 75वें स्थान पर, अमित और सचिन ने जीते स्वर्ण

सोफिया (बुल्गारिया), एजेंसी। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल और राष्ट्रीय चैंपियन सचिन ने रविवार को यहां 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीते। अमित पंघाल (51 किग्रा) ने मौजूदा विश्व चैंपियन संझार ताशकेनबे पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की। अमित सटीक गति के साथ अपने प्रतिद्वंद्वी पर हावी हो गए और एक सेकंड के लिए भी मुकाबले पर पकड़ ढीली नहीं होने दी। सजाख पूरे मुकाबले के दौरान बाहर जाने का रास्ता तलाशते रहे लेकिन अमित डटे रहे और टूर्नामेंट में चौथी बार जीत हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल किया। पहले मैच के विपरीत सचिन (57 किग्रा) को उज्बेकिस्तान के शाखजोद मुजाफारोव के खिलाफ जमने में कुछ समय लगा। पहले राउंड में दोनों मुक्केबाज समान रूप से हावी थे, हालांकि सचिन इसे 3-2 के मामूली अंतर से जीतने में सफल रहे। हरियाणा के मुक्केबाज ने दूसरे और तीसरे राउंड में अपने मुक्कों का सटीक समय इस्तेमाल करते हुए 5-0 के अंतर से जीत हासिल की।

केएल राहुल तीसरे टेस्ट से बाहर देवदत्त पडीक्कल टीम में शामिल

बल्लेबाज क्वाड्रिसेप्स की पीड़ा के कारण नहीं खेल सके थे दूसरा टेस्ट मैच

राजकोट, एजेंसी

भारत के बल्लेबाज केएल राहुल अपनी 'क्वाड्रिसेप्स' चोट से उबरने में विफल रहे, जिससे सोमवार को वह इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर हो गए। इसी चोट के कारण वह विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। इससे साफ है कि कर्नाटक के बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल टीम में राहुल की जगह लेंगे।

बीसीसीआई के वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि केएल राहुल अभी तक राजकोट नहीं पहुंचे हैं। स्थानीय खिलाड़ी रविंद्र जडेजा टीम से जुड़ चुके हैं। टीम में शामिल होना फिटनेस पर निर्भर था और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम को अब भी नहीं लगता कि वह फिट हैं। चयनकर्ताओं ने चिकित्सा टीम से हरी झंडी मिलने पर ही राहुल और जडेजा को टीम में शामिल किया था। हाल के रणजी ट्राफी मैच में 23 साल के पडीक्कल ने 151 रन बनाए हैं और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर स्टैंड में बैठकर उनकी पारी देख रहे थे। इस घरेलू सत्र में पडीक्कल फॉर्म में हैं, उन्होंने पहले रणजी मैच में पंजाब के खिलाफ 193 रन और गोवा के खिलाफ 103 रन बनाए। रणजी के अलावा पडीक्कल ने भारत 'ए' के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनौपचारिक टेस्ट की तीन पारियों में 105, 65 और 21 रन बनाए। जहां तक राहुल का संबंध है तो बल्लेबाज का इतना लंबा ब्रेक गंभीर सवाल खड़े करता है कि क्या सीनियर खिलाड़ी और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम कुछ निश्चित खिलाड़ियों की चोट की स्थिति के बारे में सही जानकारी दे रही है या नहीं। चिकित्सा टीम को पता था कि राहुल की जांघ की चोट गंभीर है तो उन्हें टीम में रखा क्यों गया और खिलाड़ी भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर गलत संकेत दे रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान चैपल ने कहा- भारत के सामने कड़ी चुनौती

मेलबर्न, एजेंसी। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम टेस्ट में भारत को कड़ी टक्कर देगी, लेकिन उन्होंने मेजबान टीम के जीतने का समर्थन किया। भारत और इंग्लैंड इस समय 5 मैच की श्रृंखला में 1-1 की बराबरी पर हैं। चैपल ने लिखा कि घरेलू टीम होने के नाते भारत को आखिर में इस मुश्किल श्रृंखला को जीतना चाहिए लेकिन उन्हें बचे हुए मुकाबलों में कड़ी चुनौती मिलेगी। स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व वाली टीम जो रूट की अगुआई वाली टीम से बेहतर है जो पिछले दौरे पर स्पिन के आगे पस्त हो गई थी। भारत के 2021 में इंग्लैंड की टीम रूट की अगुवाई में पहला टेस्ट जीतने के बाद श्रृंखला गंवा बैठी थी।

अबुधाबी से एक सप्ताह बाद राजकोट पहुंची इंग्लैंड की टीम

राजकोट, एजेंसी। अबुधाबी में एक सप्ताह बिताने के बाद इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी बचे 3 मैचों में खेलने के लिए सोमवार को यहां पहुंची। तीसरा मैच 15 फरवरी से खेला जाएगा। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 106 रन की हार के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ी दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के बीच 10 दिन का अंतर होने से अबुधाबी चले गए थे। इंग्लैंड की टीम मंगलवार की सुबह सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में अभ्यास करेगी जबकि भारतीय खिलाड़ी दोपहर के बाद अभ्यास सत्र में भाग लेंगे। भारत लौटने से पहले इंग्लैंड की टीम को करारा झटका लगा क्योंकि उसके मुख्य स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट से श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए।

विराट के न होने से इंग्लैंड के पास जीत का मौका : ब्रॉड

केपटाउन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट श्रृंखला में नहीं होना इस श्रृंखला और खेल के लिए अच्छा नहीं है लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास भारत को हराने का मौका है। विराट निजी कारणों से बाहर है जबकि भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला में 1-1 कीबराबरी कर ली है। ब्रॉड ने कहा कि विराट किसी भी स्पर्धा को अपने जनून, आक्रामकता और बेहतरीन खेल से शानदार बना देते हैं। दर्शक उनका खेल देखने को आतुर रहते हैं, लेकिन निजी मसले हमेशा से बड़े होते हैं। उनका मानना है कि विराट की गैर मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका होगी। इंग्लैंड के लिए 167 टेस्ट में 604 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने कहा कि हमने पिछले टेस्ट में देखा कि यशस्वी जायसवाल ने कैसे दोहरा शतक जड़ा। अगले 3 मैचों में कोई और खिलाड़ी भारत के लिए चमकेगा और हो सकता है कि वह इस लायक हो जाए कि जब विराट खेल को अलविदा कहें तो उनकी जगह ले सके। ब्रॉड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच यह सबसे प्रतिस्पर्धी श्रृंखलाओं में से है और अगले 3 टेस्ट में इंग्लैंड के पास अच्छा मौका है। विराट के नहीं होने से बहुत कुछ खिलाड़ियों की फिटनेस पर निर्भर करेगा। विराट और इंग्लैंड के जिम्मी एंडरसन के बीच प्रतिद्वंद्विता काफी मशहूर रही है।

बीएटीसी में खिताब जीतना चाहेगा भारत

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

थॉमस कप चैम्पियन भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा, जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की चोट से वापसी होगी। भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था। टीम की कोशिश इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचने की होगी, जिसमें उसने 2016 और 2018 में कांस्य जीता था। भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए के लीग मैच में मजबूत चीन और हांगकांग का सामना करना होगा, जिससे यह उसके लिए इतना आसान नहीं होगा। एचएस प्रणय की अगुवाई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा। सिंधू के नेतृत्व वाली महिला टीम को ग्रुप 'डब्ल्यू' में सिर्फ चीन से भिड़ना है जो ग्रुप की दूसरी टीम है, जिससे भारत ने नॉकआउट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है।

पीवी सिंधु और पुरुष टीम पर फोकस

नागल एटीपी एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया। रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं। पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था, हालांकि दूसरे दौर में वह चीन के जुनचेंग शांग से हार गए थे। 2019 में बायें हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने रविवार को चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा कि मैं बहुत भावुक हूं। हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है। जैसा कि मैंने कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैच जीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसे बयां करने के लिए शब्द थे। हर कोई रो रहा था। शब्द कम थे, आंसू ज्यादा। मैं अब भी बहुत भावुक हूं। पिछले साल मेरी रैंकिंग 500 थी, जिसके बाद मेरी सर्जरी हुई और वित्तीय सहयोग भी नहीं था तो पिछला साल काफी मुश्किल रहा।

बॉलीवुड हलचल

नितेश की रामायण में दशरथ होंगे अमिताभ



डायरेक्टर नितेश तिवारी की मेगा बजट फिल्म 'रामायण' लगातार सुर्खियों में है। इसके कास्ट को लेकर आए दिन कोई न कोई अपडेट आ रहे हैं। फिल्म के अनाउंसमेंट के बाद बताया गया था कि इसमें राम के रोल में रणबीर कपूर, सीता के रोल में साईं पल्लवी और रावण के रोल में यश नजर आने वाले हैं। वहीं, फिल्म 'रामायण' की कास्ट को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि फिल्म में मेगास्टार अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई है। इसके साथ ही फिल्म में अमिताभ बच्चन के किरदार का भी खुलासा हो गया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन राजा दशरथ यानी रणबीर कपूर के पिता का रोल करने वाले हैं। हालांकि, मेकर्स और अमिताभ बच्चन की तरफ से 'रामायण' में कास्ट किए जाने को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दिया गया है। फिलहाल, अमिताभ बच्चन के फैंस इस खबर से उत्साहित हैं।

चिंटू की फिल्म फिदा के अगले हिस्से की शूटिंग मुंबई में शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी फिल्म जगत के चॉकलेटी हीरो प्रदीप पाण्डेय चिंटू अभिनीत फिल्म फिदा के बाकी हिस्से की शूटिंग मुम्बई में शुरू हो गई है। फिल्म फिदा की लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग बीते महीने में उत्तरप्रदेश के बनारस, मिर्जापुर के आसपास की गई है। फिल्म फिदा में बॉर्डर पार के प्रेम सबन्धों और एक सैनिक की अपने देश के प्रति कर्त्तव्य और प्रतिबद्धता के साथ निजी जीवन की मजबूरियों को दिखाने की कोशिश की गई है। प्रदीप पाण्डेय चिंटू ने बताया हमने एक बेहतरीन फिल्म बनाई है और इसकी बेहतरी के लिए ही हमने ये शेड्यूल मुम्बई में लगाया है, जिससे कोई कसर बाकी ना रह जाए। पूरी टीम ने मेहनत और ईमानदारी से अपना काम किया है और अब रिजल्ट तो दर्शक ही देंगे।

राजामौली की फिल्म में महेश संग होगी विदेशी अदाकारा

टॉलीवुड के सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की अपकमिंग जंगल एडवेंचर मूवी 'एसएसएमबी 29' को लेकर दर्शकों में भारी क्रेज है। इस मूवी का मेकर्स ने धांसू ऐलान किया है। महेश बाबू स्टारर निर्देशक एसएस राजामौली की मूवी को लेकर छोटी सी भी जानकारी मिनटों में वायरल होने लगती है। ताजा खबर है कि राजामौली और महेश बाबू की इस मूवी में एक और नामी एक्ट्रेस की एंट्री हो चुकी है। महेश बाबू की मूवी में इंडोनेशियन अदाकारा चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान की एंट्री हुई है। इन खबरों को बल उस वक्त मिला जब हाल ही में चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान ने राजामौली को इंस्टाग्राम पर फॉलो किया। इससे पहले एक वेबसाइट ने जनवरी में अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया था कि एसएस राजामौली और महेश बाबू की अपकमिंग मूवी में इंडोनेशियन एक्ट्रेस चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान नजर आ सकती हैं। इन खबरों पर फिल्ममेकर्स ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया। अब हाल ही में चेल्सा एलिजाबेथ इस्लान ने इंस्टाग्राम पर राजामौली को फॉलो किया है। 'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' की सफलता के बाद ये राजामौली की अगली मचअवेटेड मूवी है, जिसमें टॉलीवुड प्रिंस महेश बाबू अलग ही लुक में नजर आएंगे। इस मूवी को मेकर्स पैन वर्ल्ड स्तर पर बनाने की तैयारी में है। इस वजह से फिल्म में विदेशी स्टारकास्ट के भी होने का अनुमान है। अभी तक मेकर्स ने इस फिल्म की स्टारकास्ट का खुलासा नहीं किया है। फिल्म कब तक फ्लोर पर पहुंचेगी। इसे लेकर सही जानकारी सामने नहीं आ पाई है। संभवत ये मूवी इसी साल अंत तक फ्लोर पर पहुंचेगी। तो क्या आप निर्देशक एसएस राजामौली की इस अपकमिंग मूवी को लेकर एक्साइटेड हैं। अपनी राय हमें कमेंट कर बताएं।

टाइगर श्रॉफ ने शुरू की फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी आने वाली फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग शुरू कर दी है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी इन दिनों फिल्म 'सिंघम अगेन' बना रहे हैं। यह फिल्म सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। फिल्म सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण की मुख्य भूमिका है। टाइगर श्रॉफ इस फिल्म में कैमियो कर रहे हैं। 'सिंघम अगेन' में टाइगर श्रॉफ एसीपी सत्या की भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में टाइगर ने फिल्म में अपनी भूमिका का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके कैप्शन में टाइगर ने लिखा, 'एसीपी सत्या रिपोर्टिंग सर'। मेकर्स को उम्मीद है कि फरवरी के अंत तक टाइगर अपने अधिकांश सीन की शूटिंग पूरी कर लेंगे। सिंघम अगेन इस वर्ष रिलीज होगी।



फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने पहले सप्ताह में कमाए 55.10 करोड़ रुपए

नई दिल्ली, एजेंसी। शाहिद कपूर और कृति सेनन अभिनीत फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने अपने शुरुआती सप्ताहांत में वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 55 .10 करोड़ रुपये की कमाई की है। निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह फिल्म अमित जोशी तथा आराधना शाह द्वारा लिखित और निर्देशित है। यह दोनों की पहली फिल्म है। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया ने भी अभिनय किया है। निर्माण कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर फिल्म की तीन दिन की कमाई का आंकड़ा साझा किया और लिखा कि फिल्म ने रिलीज के बाद से दुनिया भर में 55 .10 करोड़ रुपये की कमाई की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एकता-सद्भाव के साथ राष्ट्र का निर्माण करें

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ भागवत ने लोगों से अहिंसा के मार्ग पर चलने का किया आह्वान, बोले अब दुनिया हमारी ओर देख रही

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को लोगों से एकता, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में दर्शन का उच्चतम स्तर है और दुनिया अपनी समस्याओं के समाधान के लिए हमारी ओर देख रही है।

भागवत ने जैन तीर्थंकर महावीर के 2550वें 'निर्वाण' वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में लोग अपनी भौतिकवादी जीवन शैली के कारण पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, दुनिया अब अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद से भारत की ओर देख रही है, क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि उनकी भौतिकवादी



जीवन शैली उन्हें वह खुशी नहीं देती जो हर कोई चाहता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भौतिकवादी चीजों में कोई खुशी नहीं है।

भागवत ने कहा कि सभी के साथ सौहार्दपूर्वक रहें, अहिंसा का पालन करें, धैर्य रखें, चोरी न करें, यही जाने का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पूर्ण सत्य की खोज के लिए अलग-अलग रास्ते चुनता है। रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है।

हमारे समाज में कई तरह के लोग हैं, जैसे जैन, सिख। लेकिन इस देश के लोग होने के नाते हम सब एक हैं और एक रहते हुए, हमें राष्ट्र का निर्माण करना है। भागवत ने कहा कि भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में लोगों ने पूर्ण "सत्य और शाश्वत खुशी" की तलाश में अलग-अलग रास्ते अपनाए, लेकिन भारत की खोज और बाकी दुनिया की खोज के बीच अंतर यह था कि वे इसे बाहर की दृश्य दुनिया में खोजने के बाद रुक गए और हमने, बाहर की खोज के बाद इसे अपने भीतर खोजना शुरू किया और सच्चाई का एहसास किया।

केवाईसी 28 फरवरी से पहले अपडेट करना जरूरी

नई दिल्ली। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कहा है कि 28 फरवरी के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग बंद हो जाएंगे, इससे पहले केवाईसी की अंतिम तारीख 31 जनवरी थी, लेकिन अब दिनांक बढ़ाकर 28 फरवरी कर दी गई है। बता दें, बिना केवाईसी वाले फास्टैग में बैलेंस होने पर भी बंद हो जाएंगे। इसलिए केवाईसी जरूरी है। आईए जानते है इसके बारे में फास्टैग क्या है, और केवाईसी कैसे करें अपडेट।

क्या है फास्टैग

फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है जो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी पर बेस्ड है। ये टैग अधिकृत बैंक द्वारा किया जाता है और ऑनलाइन माध्यम से इसे टोल लिया जाता है। इसके उपयोग के कारण आप टोल टैक्स पर लंबे समय में लाइन में लगे बिना ही टोल चुका देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों के सभी टोल प्लाजा पर लगे रीडर्स कार की विंडस्क्रीन पर चिपकाए गए टैग को स्कैन करते हैं और लिंक किए गए अकाउंट के माध्यम से चार्ज कट जाता है।

कितना लगेगा चार्ज

अगर आपने 28 फरवरी तक अपने फास्टैग की केवाईसी बैंक से अपडेट नहीं की तो आपका फास्टैग बंद हो जाएगा। इसके बाद आपको कैश में पेमेंट करना होगा और ये दोगुना वसूला जाएगा। यानी किसी टोल पर अगर 100 रुपये का टैक्स है तो आपको इसके लिए दो सौ रुपये तक देने पड़ सकते हैं।

फास्टैग क्यों हो रहे अपडेट

एनएचएआई पिछले दिनों एक गाड़ी, एक फास्टैग इनिशिएटिव शुरू किया गया है। मतलब एक गाड़ी के लिए एक ही फास्टैग जारी होगा। ये फास्टैग जिस गाड़ी के लिए जारी हुआ है केवल उसी के लिए इस्तेमाल होना चाहिए। बिना केवाईसी के फास्टैग जारी करना आरबीआई के नियमों का उल्लंघन है। फास्टैग केवाईसी कैसे अपडेट कर सकते हैं?

सरकार द्वारा अधिकृत वेबसाइट से करें अपडेट

ऑनलाइन अपडेट करने के लिए फास्टैग की वेबसाइट (fastag.ihmcl.com) पर जाएं। पेज पर टॉप में लॉगिन आइकन है। वहां रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड से लॉगिन करें। पासवर्ड याद नहीं तो मोबाइल दर्ज कर ओटीपी जेनरेट करके भी लॉगिन कर सकते हैं। फिर माय प्रोफाइल पर जाकर केवाईसी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए आईडी व एड्रेस प्रूफ, वाहन की आरसी और पासपोर्ट साइज के फोटो की जरूरत होगी। दूसरा ऑफलाइन तरीका यह है कि आपका फास्टैग जिस बैंक का है, उसकी ब्रांच में जाकर भी केवाईसी अपडेट करा सकते हैं। किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी टोल प्लाजा जा सकते हैं, या टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल कर सकते हैं। केवाईसी कितने दिन में अपडेट होगा? सभी दस्तावेज सही हुए तो आवेदन सबमिट करने के 7 दिन में केवाईसी अपग्रेड हो जाता है। आप 'माई प्रोफाइल' पेज में ही अपने केवाईसी की स्थिति की जांच कर सकते हैं।

एक नजर

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फारूक अब्दुल्ला को भेजा समन

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। बता दें कि इससे पहले ईडी ने गत 11 जनवरी को भी उन्हें अपने स्थानीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन डॉ अब्दुल्ला नहीं गए थे। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि डॉ फारूक अब्दुल्ला को जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में हुए घोटाले के मामले में जारी जांच के सिलसिले में बुलाया गया है। जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन में जेकेसीए को वर्ष 2001-12 के दौरान बीसीसीआई ने जम्मू कश्मीर में क्रिकेट व संबंधित गतिविधियों के विकास के लिए 112 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई थी।

अमेरिका: चर्च में अंधाधुंध गोलीबारी में पांच साल का बच्चा घायल

वाशिंगटन। ह्यूस्टन में एक चर्च में गोलीबारी की गई। हालांकि, पुलिस ने गोलीबारी करने वाली महिला को मार गिराया। इस दौरान एक छोटे बच्चे समेत दो लोगों को गोली लगी है। शहर के पुलिस प्रमुख ट्रॉय फिनर ने बताया कि पांच साल के एक बच्चे की हालत गंभीर है, जबकि कूल्हे में गोली लगने से घायल 57 वर्षीय एक व्यक्ति की हालत स्थिर है। वहीं, लेकवुड चर्च ने एक्स पर दोपहर में बताया कि एक हमलावर द्वारा लगातार गोलियां चलाई जा रही थीं। जांच में जुटी पुलिस।

अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़, 9 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के खिलाफ पिछले महीने शुरू की गई कार्रवाई से जुड़े मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने लुधियाना में मादक पदार्थ बनाने वाली प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया है। नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में एनसीबी ने मैक्सिको के तीन समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने बताया कि जोनल इकाई ने 15 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन और नौ किलोग्राम स्यूडोएफेड्रिन और अन्य रसायन सामग्री जब्त की है। एनसीबी ने कहा- मोहाली का रहने वाला मुख्य सरगना फरार है। एजेंसी ने कहा कि गिरोह दुबई के अलावा दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और राजस्थान में संचालित होता है और इसके संचालकों में भारतीयों के अलावा मैक्सिको, कनाडा और ब्रिटिश मूल के नागरिक शामिल हैं।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में छह लोगों के शव बरामद

कराची। पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सोमवार को गोलियों से छलनी छह शव बरामद किए। शुरुआत में यह संदेह जताया गया कि ये पांच शव उन श्रमिकों के हैं जिनका पिछले महीने तुरबत के होशाब से अपहरण किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शवों की पहचान की की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अकबर बलूच ने कहा, शव किला अब्दुल्ला के निर्जन इलाके में एक पहाड़ी हिस्से से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रांत में अनसुलझे जनजातीय विवादों के कारण भी कई लक्षित हत्याएं की जाती हैं।

पाकिस्तान: पीएम बनने की रेस में नवाज, इमरान समर्थित पीटीआई की दो टूक

विपक्ष में बैठना मंजूर, गठबंधन नहीं करेंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में लगभग तय हो गया है कि

नवाज शरीफ के नेतृत्व में गठबंधन सरकार सत्तारूढ़ होगी और इमरान खान की पार्टी-पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) विपक्ष में बैठेगी। सत्तारूढ़ गठबंधन में नवाज की पार्टी-पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के साथ बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) भी होंगी।

पीपीपी का एक वर्ग अभी भी बिलावल के लिए प्रधानमंत्री पद की पैरोकारी कर रहा है। इसलिए पांच वर्ष के सरकार के कार्यकाल में नेतृत्व को लेकर साझेदारी का समझौता संभव है, जिसमें शुरुआती तीन वर्ष पीएमएल एन को और बाद के दो वर्ष पीपीपी को मिल सकते हैं। इस बीच, निर्दलीय सांसदों और विधायकों का पीएमएल एन में शामिल होना जारी है। गठबंधन सरकार की स्थिरता पर शक जताते हुए सोमवार को भी पाकिस्तान के शेयर बाजार में कमजोरी देखी गई और सूचकांक ने एक हजार प्वाइंट का गोता लगाया।

पीटीआई प्रमुख गौहर अली खान ने देश में सरकार बनाने के दावे से पीछे हटते हुए सोमवार को कहा कि हम नवाज की पीएमएल एन और पीपीपी के साथ नहीं बैठ सकते। इसलिए हमने उनसे सरकार बनाने के संबंध में बात नहीं की। उनके साथ गठबंधन करके सरकार बनाने से अच्छा है कि हम विपक्ष में बैठें। लेकिन सभी को ध्यान रखना चाहिए कि हम बहुमत में हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव में तमाम गड़बड़ियों के बावजूद पीटीआई के सबसे ज्यादा प्रत्याशी जीतकर नेशनल असेंबली (संसद) में आए हैं। इसलिए मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा करेंगे। संसद में बैठकर सभी समस्याओं का समाधान करेंगे।

नवाज शरीफ को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिला

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव और उसके परिणामों की घोषणा के बाद रिकॉर्ड पांचवीं बार

प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) 75 सीटें जीत कर तकनीकी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस बीच, असेंबली में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं होने के कारण पीएमएल-एन गठबंधन की सरकार बनाने में जुटी हुई है। वहीं, पार्टी को पांच और निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन मिल गया है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी में सभी पांच सदस्यों ने सोमवार को शामिल होने का फैसला किया। मालूम हो कि कि एक दिन पहले इमरान खान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार ने पीएमएल-एन में शामिल हो गया था। वहीं, इन पांच सदस्यों के पीएमएल-एन में शामिल होने के बाद पार्टी को समर्थन करने वाले कुल निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या अब छह हो गई है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ से निर्दलीय नवनिर्वाचित सदस्यों के रूप में सरदार शमशीर मजारी, इमरान अकरम, सोहेल खान, खिज्र हुसैन मजारी और साहिबजादा मोहम्मद गाजिन अब्बासी ने मुलाकात की है।

बायकॉट: चिंतित अमेरिका, युद्ध विराम में झोंकी ताकत

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को चार महीने से ज्यादा हो चुके हैं। इजराइल का समर्थन करने के कारण अमेरिकी प्रोडक्ट का बहिष्कार हो रहा है। कई अमेरिकी मल्टी नेशनल कंपनियों के उत्पादों का मिडिल- ईस्ट से लेकर एशिया और इंडोनेशिया तक के मुस्लिमों ने बायकॉट किया है।

अपनी कंपनियों को हो रहे नुकसान के चलते अमेरिका ने गाजा में संघर्ष विराम के प्रयास तेज कर दिए हैं। बहिष्कार के चलते अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कतर और मिस्र के बाद यरूशलम की यात्री। इजराइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद चार माह में ब्लिंकन ने पांचवी इजराइल यात्रा की थी, लेकिन ब्लिंकन प्रयासों पर खरे नहीं उतर पाए। इजराइल ने संघर्ष विराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इस पर ब्लिंकन ने कहा हैं कि आतंकी हमले से इजराइल को दूसरों पर क्रूरता का लाइसेंस नहीं मिल जाता है।

1967 से 1991 तक कोका कोला का इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने किया था बहिष्कार

बायकॉट अमेरिका अरब से लेकर इंडोनेशिया तक फैला

मैकडोनल्ड- इजराइल समर्थन के कारण बहिष्कार हो रहा है। कंपनी के मुताबिक 2023 की आखिरी तिमाही में मिडिल ईस्ट और एशिया में वृद्धि 0.7% रही। एक साल पहले 3.4% थी। कंपनी ने इजराइली सैनिकों को मुफ्त भोजन बांटा था। स्टारबक्स पिछले सप्ताह कॉफी चेन स्टारबक्स ने कंपनी की ग्लोबल ग्रोथ अनुमान 5 से 7% से घटाकर 4-6% कर दिया है। अमेरिकी में इजराइल विरोधी अभियान के कारण वहां भी ग्रोथ कम हुई है। इंडोनेशिया में भी बहिष्कार हो रहा है।

कोका कोला- इजराइल में प्लांट के कारण अरब देशों ने 1967 से 1991 तक कोका कोला का बहिष्कार किया। कोक को मार्केट से हटाने के लिए नवंबर 23 में तुर्किये संसद में वोटिंग हुई। तुर्किये में 2023 की अंतिम तिमाही में बिक्री में 22% कम रही है।

डोमिनोज- बहिस्कार करने वालों का दावा है कि डोमिनोज ने भी इजराइली सैनिकों को फ्री फूड दिया। दुनियाभर की फ्रेंचाइजी को झटका लगा है। मलेशिया में डोमिनोज ब्रांड के स्टोर की बिक्री 2023 की दूसरी छमाही में 8.9% कम हो गई।

इजराइल ने दो बंधकों को मुक्त कराया

राफा। इजराइल की सेना ने सोमवार गाजा से दो बंधकों को मुक्त कराया और एक नाटकीय घटनाक्रम में गोलीबारी के बीच बंधकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हमास द्वारा क्षेत्र में बंधक बना कर रखे गए 100 से अधिक बंधकों की देश वापसी की दिशा में इजराइल की यह एक छोटी लेकिन प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण सफलता है। फिलिस्तीनी अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। अभियान दक्षिणी गाजा शहर रफह में चलाया गया था।

ईडी के खिलाफ हेमंत की याचिका पर सुनवाई टली अब 27 को होगी सुनवाई

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका 27 फरवरी के लिए स्थगित कर दी है। अदालत इस दिन फिर से याचिका पर सुनवाई करेगी।

अदालत ने फेडरल एजेंसी से एक हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। वकील जनरल राजीव रंजन ने कहा कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। हेमंत के वकील राजीव रंजन ने बताया, 'ईडी को जवाब देने का आदेश दिया गया है। अदालत ने 27 फरवरी की तारीख तय की है। हमें संशोधित आवेदन को प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है।

आग के अंगारे...



आइसलैंड : प्रिंडाविक आइसलैंड की मुख्य सड़क को पार करते हुए और ब्लू लैगून की ओर जाने वाली सड़क पर बहते हुए लावा का एक दृश्य सामने आया है। दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में एक ज्वालामुखी तीसरी बार फटा है। ज्वालामुखी फटने से आकाश में धुएं का गुबार छा गया और द्वीपीय राष्ट्र के सबसे बड़े पर्यटक केंद्रों में से एक ब्लू लैगून स्पा को खाली कराना पड़ा। ज्वालामुखी विस्फोटे के बाद 3,800 की आबादी वाले द्वीप से सुरक्षाकर्मियों द्वारा लोगों को सुरक्षति जगह ले जाया गया। ● एजेंसी

कोचर दंपती को अंतरिम जमानत देने के खिलाफ याचिका का निपटारा

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) चंदा कोचर और उनके कारोबारी पति दीपक कोचर को अंतरिम जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया।

जज बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने याचिका का निस्तारण उस समय कर दिया जब जांच एजेंसी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य मामले में पिछले सप्ताह अपना फैसला सुनाया है लेकिन फैसला अभी तक अपलोड नहीं किया गया है। 6 फरवरी को, बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा चंदा कोचर और उनके पति की गिरफ्तारी को अवैध माना और दंपति को जमानत देने के जनवरी 2023 के अंतरिम आदेश की पुष्टि की।

नायडू की याचिका पर सुनवाई 26 तक स्थगित

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में पिछले महीने अग्रिम जमानत दी थी। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की है। याचिका सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने सुनवाई के लिए आई और उसने मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 26 फरवरी तय की। याचिका न्यायमूर्ति बेला एम .त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई।

लखीमपुर हिंसा: आरोपी आशीष की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

नई दिल्ली। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को एक बार फिर शीर्ष अदालत से राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ा दी है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह मामले की प्रगति के बारे में निचली अदालत से रिपोर्ट प्राप्त करे और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। गौरतलब है, सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के आरोपी आशीष मिश्रा को पिछले साल 26 सितंबर को दिल्ली के अस्पताल में जाने की अनुमति दे दी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उन्हें किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग न लेने और मीडिया से बात नहीं करने का आदेश दिया था।

विज्ञान अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के हालिया किए गए शोध से मिली जानकारी

सूर्य के समाप्त होने के बाद भी सुरक्षित रहेगा बृहस्पति

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : हमारे सूर्य के खत्म होने के बाद ग्रहों का क्या होगा। सम्भव है कि बृहस्पति जैसे बड़े ग्रह सुरक्षित रहेंगे। शेष ग्रह शायद ही बच पाएं। हालिया बाहरी ग्रहों में किए गए शोध से यह जानकारी निकलकर आई है।

पहले समझा जाता था कि सूर्य के खत्म होने के बाद हमारे अन्य ग्रहों का जीवन भी समाप्त हो जाएगा। मगर हाल में हुए शोध में नई जानकारी सामने आई है। अमेरिका मैरीलैंड के स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक सुसान मुल्ली के नेतृत्व में 34 प्रकाश वर्ष की दूरी पर डब्लू डी 1202-232 और 35 प्रकाश वर्ष दूर डब्लू डी 2105-82 नामक अलग-अलग

35 प्रकाश वर्ष दूर ग्रह व उसका बौना तारा।

सफेद बौने सितारों की परिक्रमा करने वाले एक्सोप्लैनेट का अध्ययन किया।

अध्ययन में इनके ग्रहों का द्रव्यमान बृहस्पति के 1 से 7 गुना के बीच पाया गया। जेम्स वेब दूरबीन से देखने पर स्पष्ट पता चल पाया कि अरबों वर्ष पुराने बृहस्पति जैसे यह एक्सोप्लैनेट हैं जो संभवतः अपने सफेद बौने मेजबान सितारों के वायुमंडल को प्रदूषित कर रहे हैं और अपने तारे के खत्म होने के बाद बचे रह गए, जो संभवतः अपने अधिक द्रब्यमान के कारण सुरक्षित रह गए। ज्ञात हो हमारा सूर्य भी खत्म होने के बाद व्हाइट ड्वार्फ बन जाएगा। लिहाजा हमारे सूर्य के सफेद बौने में बदल जाने के बाद बृहस्पति और शनि बचे रह पाएंगे।

अब तक पांच हजार एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं वैज्ञानिक

ब्रह्मांड के अथाह सागर में वैज्ञानिक अब तक पांच हजार से अधिक एक्सोप्लैनेट खोज चुके हैं। खगोलविद एक्सोप्लैनेट के अपने मेजबान तारे पर पड़ने वाले प्रभावों का निरीक्षण करते आ रहे हैं और इन पर होने वाले प्रभावों के आधार पर अनेक निष्कर्ष निकालते हैं। हाल में की गई यह खोज सौर मंडल के ग्रहों की भविष्य की जानकारी प्रदान करती है। एस्ट्रोनॉमी जनरल में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यूएई: मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु को दर्शाया

अबू धाबी, एजेंसी

अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। पीमए मोदी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को रवाना होंगे। बता दें, यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह-अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा। हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है।

मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। यहां 100 से अधिक भारतीय स्कूली बच्चे पत्थरों को चित्रित करने में लगे हुए हैं। दरअसल, मंदिर उद्घाटन में शामिल होने वाले सभी मेहमानों को उपहार के तौर पर दिया जाएगा। पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, जो संयुक्त अरब अमीरात में पहला पारंपरिक हिंदू पत्थर मंदिर है। बच्चे तीन महीने से हर रविवार को मंदिर स्थल पर पत्थर सेवा कर रहे हैं और अब छोटे खजाने कहे जाने वाले उपहारों को अंतिम रूप देने में लग गए हैं। 12 वर्षीय तिथि पटेल के लिए, पत्थर सेवा एक वीकेंड एक्टिविटी है, जिसमें उन्हें काफी मजा आता है। तिथि पटेल ने बताया, हमने मंदिर स्थल पर बचे हुए पत्थर और छोटी चट्टानें इकट्ठा कीं। फिर हमने उन्हें धोया और पॉलिश किया, उसके बाद प्राइमर की एक परत लगाई और फिर पेंट किया। प्रत्येक चट्टान पर एक तरफ एक प्रेरक उद्धरण है और दूसरी तरफ मंदिर के किसी हिस्से को चित्रित किया गया है। 8 वर्षीय रेवा करिया, जिन्होंने इस रविवार को पत्थरों को उपहार बक्सों में पैक किया है, उन्होंने बताया कि उन्होंने उपहार का नाम "छोटा खजानारखा है क्योंकि बच्चे उन्हें अपने छोटे हाथों से इसे बना रहे हैं।

14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करने के लिए आज रवाना होंगे प्रधानमंत्री मोदी

मंदिर में अयोध्या नगरी को पत्थरों की संरचना में उकेरा

मंदिर में सात देवी-देवता विराजे है, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

खराब मौसम ने मोदी का कार्यक्रम किया छोटा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 'अहलान मोदी' को छोटा कर दिया गया है। इस कार्यक्रम की तैयारियों में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि यूएई में खराब मौसम की वजह से यह फैसला लिया गया है। दरअसल, रात भर बिजली की चमक के साथ भारी बारिश हुई है, जिसके कारण शहर में ट्रैफिक जाम और जलभराव की स्थिति है। बता दें, लोगों की भागीदारी की संख्या 80 हजार से घटाकर 35 हजार कर दी गई है।